सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 09 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 185, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 270 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। } 14

## वाहन से होने वाले प्रदूषण को कम करना सबकी जिम्मेदारी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी हितधारकों की पहली जिम्मेदारी है। } 16

## अलीगढ़ में पकड़ी गयी अवैध असलहा फैक्ट्री

### एसटीएफ ने तीन तस्करों को दबोचा, भारी मात्रा में तमंचा व उपकरण बरामद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी में अवैध असलहा बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। हाल ही में मलिहाबाद और रहिमाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध असलहा बनाने का खुलासा किया था। इस मामले में एसटीएफ और जांच एजेंसियां जांच-पड़ताल कर रही थी कि अब राज्य की एसटीएफ टीम ने अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाना क्षेत्र में काफी दिनों से एक मकान में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

एसटीएफ टीम ने मौके से तीन तस्करों दबोचा है। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में अवैध असलहा व असलहा बनाने का उपकरण बरामद हुए हैं। एसटीएफ के अधिकारी अमिताभ यश ने बताया कि उन्हें मंगलवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में काफी दिनों अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही है। उन्होंने कहा कि पुख्ता खबर होने के बाद एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर छापेमारी की। पुलिस को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पुलवामा हमले के लिए अमेजन से खरीदा गया था विस्फोटक

### वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने किया खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले और गोरखनाथ मंदिर में हुई 2022 की घटना का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि ई-कॉमर्स मंच और ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है। पुलवामा आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 कर्मियों की मौत हो गई थी। एफएटीएफ ने आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों पर अपने व्यापक अद्यतन में आतंकवाद को सरकार द्वारा प्रायोजित किए जाने को भी चिह्नित करते हुए कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के विभिन्न स्रोतों और इस रिपोर्ट में प्रतिनिधिमंडलों के विचार से संकेत मिलता है कि कुछ आतंकवादी संगठनों को कई

पुलवामा हमले की फाइल फोटो

राष्ट्रों की सरकारों से वित्तीय और अन्य प्रकार का समर्थन प्राप्त होता रहा है और अब भी मिल रहा है। वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने कहा, प्रतिनिधिमंडलों ने टीएफ (आतंकवादी वित्तपोषण) के लिए सरकारी प्रायोजन के उपयोग का उल्लेख आतंकवादी कृत्यों में शामिल कुछ संगठनों की धन जुटाने की तकनीक या वित्तीय प्रबंधन रणनीति के तहत किया है। समर्थन के कई रूपों का जिक्र किया गया है जिसमें प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता, साजो सामान और सामग्री संबंधी सहायता या प्रशिक्षण का प्रावधान शामिल है। एफएटीएफ ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए जून में कहा था कि वित्तीय सहायता के बिना ऐसे हमले संभव नहीं थे। उसने कहा था कि वह 200 अधिकार क्षेत्रों वाले अपने वैश्विक नेटवर्क द्वारा उपलब्ध कराए गए मामलों को संकलित करते हुए आतंकवादी वित्तपोषण का व्यापक विश्लेषण करेगा। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। एफएटीएफ ने भारत में आतंकवादी हमले के लिए सामग्री की खरीद के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### पीसीएस अरविंद कुमार सिंह किए गए सस्पेंड

लखनऊ। यूपी सरकार ने वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी अरविंद कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। उनका तबादला 30 मई को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बिजनौर से इसी पद पर देवरिया किया गया था। उन्होंने देवरिया में ज्वाइन नहीं किया, जिस पर यह कार्रवाई की गई है। नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बिजनौर के डीएम ने अरविंद कुमार सिंह को 3 जून को कार्यमुक्त भी कर दिया, पर इसके बावजूद उन्होंने नई तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं किया। इसे वार्षिक स्थानांतरण नीति 2025-26 के उल्लंघन का दोषी पाते हुए कार्रवाई की गई है। यहां बता दें कि अरविंद कुमार सिंह को बिजनौर में तीन साल पूरे हो गए थे। इसलिए उनका वहां से ट्रांसफर किया गया था। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, तत्काल ज्वाइनिंग के आदेश के बावजूद अरविंद कुमार सिंह ने ऐसा नहीं किया। नियुक्ति विभाग को बिजनौर के आसपास ही तैनात किए जाने के लिए एक अर्जी जरूर भेज दी।

### मंत्री गुलाब देवी दुर्घटना में घायल

हापुड़। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी मंगलवार को हापुड़ जिले के पिलखुवा क्षेत्र में दिल्ली से अमरोहा जाते वक्त उस समय घायल हो गयीं जब उनकी कार काफिले के एक अन्य वाहन से टकरा गयी। इस घटना में मंत्री समेत दो लोग घायल हुए हैं। उन्हें रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी दिल्ली से अमरोहा जा रही थीं और रास्ते में छिजारसी चौकी के पास उनकी कार काफिले में आगे चल रही गाड़ी से टकरा गयी। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में गुलाब देवी को हल्की चोटें आयी हैं। इस घटना में उनगाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# छांगुर बाबा के ठिकाने पर गरजा योगी का बुलडोजर

○ प्रशासन की शह पर ही हुआ था अवैध निर्माण ○ सौ करोड़ के लेन-देन के मामले में चल रही जांच

जिला संवाददाता

उतरौला बलरामपुर। धर्मांतरण के आरोपी छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन की सहयोगी नीतू नवीन रोहरा की आलीशान बिल्डिंग को प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजरों से जमींदोज कर दिया। संभावित विरोध के दृष्टिगत कई थानों की फोर्स के साथ डीएम पवन अग्रवाल, एसपी विकास कुमार मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए चांद औलिया स्थित आवास के चारों ओर पीएसी व पुलिस का सख्त पहरा रहा। इससे पूर्व तहसीलदार ने सोमवार देर शाम इस आवास को सरकारी जमीन बताते हुए कब्जा खाली करने का नोटिस चस्पा कर दिया था। तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने बताया कि ढहाई जा रही इमारत का निर्माण ग्राम समाज की जमीन पर हुआ था जिसे खाली कराने की कार्रवाई की गई है। डीएम पवन अग्रवाल ने बताया कि छांगुर बाबा व धर्मांतरण के मामले में आरोपी बनाए गए सभी लोगों की संपत्तियों की जांच कराई जा रही है। आगे जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर बनायी जा रही थी आलीशान इमारत

बलरामपुर, उतरौला। मंगलवार को प्रशासन ने मधपुर में जिस अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया उसके निर्माण में भी प्रशासन का ही शह रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बात की शिकायत भी की थी कि कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा कर आलीशान इमारत बनाई जा रही है। कथित बाबा के असर व रसूख के चलते तब उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उस समय छांगुर बाबा की पकड़ इतनी थी कि उसके इशारों पर पूरी नौकरशाही नाचती थी। अब जब एक अरब रुपयों की विदेशी फंडिंग का मामला सामने आया तो प्रशासन हरकत में आ गया। यही नहीं एटीएस जिस महिला आरोपी नसरीन उर्फ नीतू दोहरा की तलाश शिद्दत से कर रही थी वह उसी दरम्यान वर्तमान उपजिलाधिकारी से उनके चैंबर में बैठकर गुफ्तगू कर रही ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जलालुद्दीन की गतिविधियां राष्ट्र विरोधी : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि धर्मांतरण गिरोह के मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन की गतिविधियां न केवल समाज विरोधी हैं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई करेगी। धर्मांतरण गिरोह के मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद, आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने। उप्र... शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी का ब्रासीलिया में भव्य स्वागत

ब्रासीलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया।

पीएम मोदी ने इसे यादगार स्वागत बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचने पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं देने का आदेश स्थगित

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता पर केंद्र के आयोग ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों (ईओएल) में ईंधन भरने पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन को एक नवंबर तक स्थगित करने का निर्णय लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

ईओएल वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन हैं। पहले जारी निर्देशों के अनुसार, ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाना था, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पिछले सप्ताह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्वाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने कांवड़ मेले को लेकर की समीक्षा

### ड्रोन से होगी निगरानी, ब्लैक स्पाट किये जायेंगे चिन्हित

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। कांवड़ यात्रा जैसे विशाल और संवेदनशील धार्मिक आयोजन के सुचारू संचालन को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, उपद्रव या असामाजिक गतिविधि को रोकने के लिए भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों के अनुभवों की समीक्षा करते हुए कानून व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा। उन्होंने जोर दिया कि सभी

शिविर संचालकों, सेवा में लगे कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और होटलों व धर्मशालाओं में ठहरने वाले लोगों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रमुख स्थलों पर एक्स-रे सिस्टम, फायर टेंडर, अग्निशमन यंत्रों और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता की निगरानी के साथ-साथ जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं। भीड़ नियंत्रण के लिए वॉलंटियरों की मदद लेने, सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से सतत निगरानी रखने तथा खुफिया तंत्र को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। यातायात के लिए पृथक योजना तैयार कर उसका व्यापक प्रचार सुनिश्चित करने को भी कहा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आतंकी खतरे की आशंका को ध्यान में रखते हुए एटीएस और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश भी दिए गए। हरिद्वार, नीलकंठ महादेव और अन्य प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस, बैकअप व आपातकालीन उपकरणों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ○ पवित्रता खंडित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई (पृष्ठ-02)
- ○ छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण अत्यंत उपयोगी (पृष्ठ-02)
- ○ रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- ○ सोना 550 रुपये बढ़ा, चांदी 99,120 रुपये किलो (पृष्ठ-14)
- ○ जून में महंगी हुई शाकाहारी मांसाहारी थाली (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन, बाबू जी की बतायी राह पर चलने का लिया संकल्प

# सद्भावना दिवस के रूप में मनी बाबू बनारसी दास की जयंती

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास की 113 वीं जयंती मंगलवार को राजधानी के 55, पुराना किला में डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के तत्वावधान में बाबू बनारसी दास के परिजनों, समर्थकों व उनके अनुयायियों की मौजूदगी में मनाई गई। इस अवसर पर बाबू जी के सुपुत्र व बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल, बाबू जी के सुपौत्र व बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने बाबू बनारसी दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए जनकल्याण के लिए उन्होंने जो कार्य किए, वह आज भी हमारे समाज में याद किये जा रहे हैं। उनका मानना था कि जनसेवा ही मानव का धर्म है। उनके द्वारा जो मूल्य और आदर्श स्थापित किए गये, उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर आर.के. अग्रवाल ने बाबू बनारसी दास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से अरुण गुप्ता, कैलाश पांडेय, अशोक सिंह, डॉ. रेहान अहमद खान, सुबोध श्रीवास्तव, सुशील दुबे, वंदना राज अवस्थी, प्रिया गुप्ता, डॉ. पीएस जायसवाल, कमल बाल्मीकि, महेश राठौर, शान बख्शी, अतीक अंसारी, हसन आब्दी, वसीम खान, सुनील यादव, ऋषभ गुप्ता, चौ. वीर सिंह, नवीन बाबा रस्तोगी, अनिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाईकोर्ट ने कानपुर के सीएमओ के निलंबन पर लगायी रोक

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कानपुर के सीएमओ डा. हरिदत्त नेमि को निलंबित करने के आदेश को स्टे कर दिया है। डा. नेमि को जिलाधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह से विवाद के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था और उनकी जगह श्रावस्ती के एसीएमओ डा उदयनाथ को नियुक्त कर दिया था। कोर्ट ने प्रकरण पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। यह आदेश जस्टिस मनीश माथुर की एकल पीठ ने डा नेमि की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया याची की ओर से दिये गये तर्कों पर विचार की आवश्यकता है। याची की ओर से पेश सीनियर अधिवक्ता एल पी मिश्रा का कहना था कि याची के खिलाफ कोई जांच नहीं बिठायी गयी है और न ही जांच प्रारम्भ करने की प्रत्याशा ही प्रकट की गयी है अतः उसे निलंबित करने का कोई औचित्य नहीं है। याची की ओर से यह भी कहा गया कि जो आरोप उस पर लगाये जा रहे हैं उनमें केवल लघु दंड दिया जा सकता है और लघु दंड के मामलों में कर्मचारी को निलंबित नहीं किया जा सकता है।

○ डीएम से विवाद के बाद सरकार ने सीएमओ को किया था निलंबित

# पवित्रता को खंडित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने मेरठ पहुंचकर कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

मेरठ ।उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि इस वर्ष सावन कावड़ यात्रा में 4 करोड़ से अधिक कांवड़ियों के हरिद्वार से जल लाने की उम्मीद है कावड़ियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखी गई है ।जिसकी तैयारी की समीक्षा के लिए आज वह डीजीपी राजीव कृष्ण के साथ मेरठ पहुंचे और आयुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की ।

- **होटल , ढाबों को लेकर व्यक्ति ,संगठन नहीं करें टिप्पणी, कार्यवाही करेगा फूड सेफ्टी विभाग :मनोज कुमार सिंह**
- **डाक कावड़ लाने वालों की सुरक्षा को लेकर नहीं होगा समझौता : राजीव कृष्ण**

समीक्षा बैठक के बाद लगभग ढाई बजे पत्रकारों से मुखातिब हुए ,पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया की 11 जुलाई से 23 जुलाई तक सावन कावड़ यात्रा चलेगी इस कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए शासन ने कांवड़ियों की हर सुविधा का ध्यान रखते हुए जिला प्रशासन स्तर पर भी अधिकारियों को मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के निर्देश दिए हैं ।

उन्होंने बताया कि आज सावन कावड़ यात्रा की समीक्षा बैठक में दिल्ली ,हरियाणा, राजस्थान प्रदेशों के अलावा उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ भी कावड़ यात्रा को लेकर मंथन किया गया तथा कावड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए ।उन्होंने बताया की कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों को पीने के पानी की अच्छी व्यवस्था, शुद्ध खाना होटल तथा शिविर में मिले इस पर भी प्रशासन की नजर होगी, वहीं सिंचाई विभाग को भी निर्देश दिया गया है कि नहर का पानी संतुलित रहना चाहिए वहीं उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी सड़क के अधूरे काम को पूरा करने में जुटी है वहीं उन्होंने पूर्व में हुई घटनाओं के मध्य नजर बिजली विभाग को भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश दिए हैं ।

उन्होंने बताया की कावड़ की ऊंचाई को लेकर हमेशा विवाद रहता है उन्होंने कावड़ की ऊंचाई को लेकर संबंधित थानेदार तथा एसडीएम को अपने क्षेत्र में बैठक कर कांविडयों से अनुरोध करने की सलाह दी है वही उन्होंने रुड़की के आसपास डीजे की ऊंचाई अधिक हो जाने पर भी अधिकारियों को ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए हैं ।उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा धार्मिक है इसलिए भावनाओं का ध्यान रखा जाए ।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा ,बरेली, मुरादाबाद में कावड़ियों की अधिक भीड़ रहती है इसलिए वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए हैं ।

वहीं उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा में कावड़ यात्री लगातार बढ़ रहे हैं पूर्व में चार करोड़ कावड़ यात्री हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए थे वहीं उन्होंने होटल, ढाबे वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए फूड सेफ्टी विभाग को जिम्मेदारी सौपी है उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति या संगठन ढाबे तथा होटल के मामलों में अड़चनें पैदा ना करें। उन्होंने बताया कि रेलवे अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि स्टेशन पर कांवड़ियों के लिए अच्छी व्यवस्था रहे उन्होंने बताया कि इस बार प्रत्येक किलोमीटर पर एक दरोगा तथा कुछ पुलिसकर्मी कावड़ यात्रियों की सुरक्षा में पेट्रोलिंग करेंगे ।साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसमें चार प्रदेशों के अधिकारी आपस में जुड़े रहेंगे ताकि कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं हो और उस समस्या का समाधान हो सके । उन्होंने सख़्त संदेश दिया की पवित्रता को खंडित करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि भक्ति ,आस्था से जुड़ी कावड़ यात्रा महत्वपूर्ण विषय है वहीं डाक कावड़ की सेफ्टी सिक्योरिटी भी आस्था के साथ-साथ मुख्य है साथ ही पटरी मार्ग पर कावड़िया आस्था के साथ यात्रा कर सकेंगे डीजीपी ने कहा कि डाक कावड़ हरियाणा राज्य से अधिक आती है वही उत्तर प्रदेश के भी कुछ भागों से लोग डाक कावड़ लेने अधिक आते हैं जिसके लिए सेफ्टी का समझौता नहीं होगा इस पर ध्यान रखा जाएगा, बाद में दोनों अधिकारियों ने बाबा औघडनाथ मंदिर का भी भ्रमण कर पूजा अर्चना की तथा कावड़ यात्रा के मध्य नजर सभी तैयारियां को बारीकी से परखा।

- **दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान ,उत्तर प्रदेश के अधिकारी समीक्षा बैठक में रहे मौजूद**
- **इस बार हरिद्वार से 4 करोड़ से अधिक कावड़ियों के जल लाने की उम्मीद जतायी**

# यूपी ने एसडीजी इंडेक्स में लगायी विकास की छलांग, 29वें से 18वें स्थान पर पहुंचा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहींए बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है।

- **मुख्यमंत्री योगी बोले, 'यह सिर्फ आंकड़ा नही, हर नागरिक की जिंदगी में आया बदलाव है'**
- **एसडीजी में यूपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 'परफॉर्मर' से 'फ्रंट रनर' की श्रेणी में पहुंचा प्रदेश**

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है।यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में किसी एक राज्य द्वारा किया गया यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत स्पष्टता, योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन और व्यापक जनसहभागिता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं, जैसे हर घर जल, हर घर बिजली, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन कायाकल्प और ओडीओपी ने एसडीजी लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से आम जन का जीवन बदला है और व्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी है।

# भाजपा सरकार प्रदेश में सारी समस्याओं की जड़ : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में सारी समस्याओं की जड़ है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, अपराध लगातर बढ़ता जा रहा है। हत्या, लूट और महिला अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। भाजपा हटेगी तभी कानून व्यवस्था में सुधार होगा।

- **सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि हर योजना और काम में भ्रष्टाचार और लूट है। यह सरकार भ्रष्टाचार के जरिए पैसा कमाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाती है और अपने लोगों से लूट कराती है। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन इसका जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। भाजपा की गलत नीतियों से गरीब और गरीब होता जा रहा है। शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद हो चुकी है। सरकारी स्कूल बंद किये जा रहे है। छात्र और अभिभावक बेबस है। सरकारी अस्पतालों में दवा इलाज नहीं मिल पाता है। इस सरकार ने अस्पतालों की दुर्दशा कर दी। मेडिकल कॉलेजों में मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं है। सरकारी विभागों का निजीकरण किया जा रहा है। जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी तब तक राज्य की हालत खराब होती रहेगी।

## स्मारक बनाने के लिए अखिलेश को बच्चों ने दिये जमा पैसे

**लखनऊ।** स्व. मुलायम सिंह यादव का स्मारक बनाने के लिए जनता से सहयोग की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अपील पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा बच्चे भी अपनी सहभागिता के लिए आगे आने लगे हैं। उनके मन में नेताजी के प्रति कितना लगाव है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में मंगलवार को गोरखपुर से आयी कक्षा तीन की 8 वर्षीय बालिका रश्मिका यादव और कक्षा 6 के 11 वर्षीय बालक राजेश यादव विक्की ने अपने गुल्लकों की समस्त धनराशि अखिलेश यादव को भेंट की। इन बच्चों के साथ उनकी मां शौर्य यादव ने भी अखिलेश यादव से भेंट की। अखिलेश यादव ने इन बच्चों की भावनाओं की भूरि-भूरि सराहना करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण अत्यंत उपयोगी : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के एक दल ने मंगलवार उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनसे आत्मीय संवाद किया तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की महत्ता और उनकी पारदर्शी कार्यशैली पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर महाना ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ने और इसकी प्रक्रियाओं को समझने के लिए ऐसे शैक्षिक भ्रमण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे संविधान के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। वार्ता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से विधानसभा कार्यवाही के संचालन, प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयक निर्माण की प्रक्रिया तथा विभिन्न समितियों के दायित्वों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर विधानसभा अध्यक्ष ने सरल एवं सुबोध भाषा में दिए। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस दौरे ने उनकी समझ को व्यापक बनाया है और विधानसभा की कार्यप्रणाली के अनेक पहलुओं से परिचित होने का अवसर दिया है। उन्होंने इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण से हम लोगों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की भव्यता, ऐतिहासिक महत्व और लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया है। इस मौके पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे के भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के पदाधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य तथा विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह शैक्षिक भ्रमण सभी प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरक सिद्ध हुआ।

- **लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं के एक दल ने जानी विधानसभा की कार्रवाई**

# जिलों में मंत्री तो सीएम अयोध्या से करेंगे पौधरोपण का शुभारम्भ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम थीम पर उत्तर प्रदेश में 9 जुलाई को 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण महाभियान-2025 का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी मंत्री जिलों में रहकर पौधरोपण करेंगे। महाभियान के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने आवंटित जिलों में मंगलवार को पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और वन विभाग के अधिकारियों साथ इसे अंतिम रूप दिया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वहां मुख्यमंत्री जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। वहीं, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इस अभियान 26 विभागों और 25 करोड़ नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

वन, वन्यजीव व पर्यावरण विभाग मिलकर सर्वाधिक 14 करोड़ से अधिक पौधे लगाएंगे। सभी कार्यालय, विद्यालय व अन्य संस्थाएं आधे दिन केवल पौधरोपण कार्य में सहयोग देंगी। वृक्षारोपण का यह अभियान लोग मोबाइल पर देख सकेंगे। पौधरोपण की प्रगति वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के अंतर्गत पौधरोपण की प्रगति जिलेवार वृक्षारोपण सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन अपलोड की जाएगी। पौधरोपण की क्षण-प्रतिक्षण की प्रगति 6 बजे से दिए गए टिकर लिंक के जरिये कंप्यूटर या मोबाइल पर देखी जा सकती है। पौधरोपण अभियान के के तहत अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन, ऑक्सी वन, शौर्य वन, त्रिवेणी वन, गोपाल आदि वन की होगी स्थापना।

# तीन दिन की पैरोल पर नैनीताल आया था सोहराब !

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** कई सालों से तिहाड़ जेल में बंद सीरियल किलर तीन भाईयों में से एक शोहराब पेरोल पर आने के दौरान फरार हो गया। बताया जा रहा है कि फरार सोहराब ने नैनीताल के लिए तीन दिनों की पैरोल मांगी थी जो मंजूर हो गयी जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे लेकर नैनीताल पहुंची जहां से वह फरार हो गया। फरार होने की जैसे ही खबर फैली शासन प्रशासन के होश उड़ गये।

- **सोहराब ने आखिरकार पैरोल के लिए नैनीताल ही क्यों चुना**

दिल्ली पुलिस ने यूपी एसटीएफ से गिरफ्तारी के लिए सहयोग मांगा जिसके बाद एसटीएफ चीफ के निर्देशन पर पूरी टीम ने अपने सोर्स एलर्ट किए और यह सिलसिला फरार होने के दिन से चल रहा है लेकिन अभी तक उसके सही ठिकाने की जानकारी हासिल नहीं हो सकी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार सोहराब ने पैरोल पर जाने के लिए नैनीताल ही क्यों चुना क्या यह सफर सुनियोजित था अब

इस तरह के तमाम कयासों पर सख्ती से निगरानी की जा रही है। तफ्तीश में सिददत से लगी यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तारी के लिए हर वह प्रयास शुरू किए हैं जो मुमकिन हों।

तीनों भाई सलीम शोहराब व रूस्तम उस समय प्रकाश में आये थे जब 2005 में चांद रात के दिन लखनऊ के मड़ियांव हुसैनगंज व डालीगंज में सिलसिलेवार तीन हत्याएं की थी जिससे पूरी राजधानी दहल उठी थी।

यह वारदात तीनों भाईयों ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए किया था जो एक साल पहले चांद रात वाले दिन हुई थी। वारदात से पहले तत्कालीन एसएसपी आसुतोश पांडेय को फोन करके बताया था कि तीन लोगों की हत्या करने जा रहा हुं जो कर पाना कर लेना। इसके बाद यह सिलसिला लगातार चलता रहा और फिर दिल्ली के एक बैंक में डकैती से लेकर तमाम संगीन वारदातें को अंजाम देते रहे और जेल जाने के बाद उनकी जेले बदलती रहीं जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद हैं जिसमें से सोहराब पैरोल के दौरान फरार हो गया है।

संक्षेप

## महिला की पिटाई, दी तहरीर

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट व धमकी को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कौशिल्यापुर गांव की विमला देवी पत्नी सुखलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जुलाई की सुबह करीब आठ बजे वह खेत के मेड़ पर घांस काट रही थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच गांव पड़ोसी आधा दर्जन आरोपी वहां पहुंचे और उसे मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## देवर-भाभी को पीटा

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट तोडफोड व धमकी पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के बछवल गांव निवासी विनोद तिवारी पुत्र माता प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात जुलाई की सुबह करीब छः बजे वह घर के समीप स्थित मंदिर में पूजा कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के चार लोग पहुंचे और पीड़ित पर हमलावर हो उठे। जान बचाने को पीडित भागकर घर में घुस गया। इसी बीच आरोपीगण भी घर में घुस आये और पीड़ित को मारने पीटने लगे। बीचबचाव में पहुंची पीड़ित की भाभी अंजू पत्नी मनोज तिवारी को भी आरोपियों ने जमकर मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपीगण घरेलू सामानों में तोडफोड करते व जान से मारने की धमकी देते चले गये। मारपीट की घटना में पीडित व उसकी भाभी को गंभीर चोंटे आ गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दो आरोपियों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मेड़ बांधने से मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए पीड़ित को मारापीटा व धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट तथा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई गांव निवासी प्रकाश सरोज पुत्र श्रीपाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार जुलाई की सुबह करीब आठ बजे बहरी मजरे अगई निवासी पवन तिवारी पुत्र लल्लू तिवारी व आकाश तिवारी पुत्र कल्लू तिवारी उसके घर पहुंचे और खेत में मेड़ बांधने के लिए कहने लगे। तबीयत ठीक न होने के कारण पीड़ित ने मेड़ बांधने से मना किया। आरोप है कि इस पर रात को करीब नौ बजे वह शौच के लिए गया था तो उसी बीच आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए उसे मारापीटा। बचाव में पहुंचे पीड़ित के चाचा कन्तराम को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद सोमवार की शाम पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## छात्र संसद के पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ

प्रतापगढ़। कस्बा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में छात्र संसद का गठन हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक शपथ दिलायी गयी। छात्र संसद में प्रधानमंत्री के रूप में छात्र आशुतोष जायसवाल, उप प्रधानमंत्री कश्यप उपाध्याय तथा कन्या भारती की प्रधानमंत्री के रूप में आयुषी शुक्ला एवं उप प्रधानमंत्री अंकिता यादव को मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नितेश व विद्यालय के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने छात्र संसद के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि नितेश ने छात्रों को संघ के दायित्वों के प्रति जिम्मेदारियों के निर्वहन को पारदर्शिता से करने का सुझाव दिया। निदेशक रामअवधेश मिश्र ने छात्र छात्राओं को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने की बात कही। छात्र संसद प्रमुख प्रमोद पाण्डेय ने सभी का स्वागत व प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर उमेशपाल मिश्र, केशवराम ओझा, हर्षद शुक्ल, जितेन्द्र सिंह, वैभव त्रिपाठी, सतीश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट, पांच पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मेड़ई राजमतीपुर निवासी जवाहर लाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो जुलाई की शाम करीब चार बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसके पिता दुखीराम एवं भाई संजय, राजू, वीरेन्द्र व भांजे राहुल पुत्र रवीन्द्र वर्मा निवासी सगरा सुंदरपुर ने उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

# साले ने की जीजा की हत्या

बागपत। जिले में एक युवक की उसके साले ने कथित तौर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह वारदात खेकड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अहेड़ा में पारिवारिक विवाद के चलते हुई।

उन्होंने बताया कि अहेड़ा गांव निवासी 27 वर्षीय विकास ने करीब दो वर्ष पूर्व नंगलाबढ़ी गांव की आरती से प्रेम विवाह किया था, जो दूसरी जाति की है और यह विवाह दोनों परिवारों के लिए पहले से ही तनाव का कारण बना हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि आरती का अपना भाई आकाश से विवाद था और सोमवार को विकास, आरती के साथ उसके मायके गया था, ताकि परिवार के बीच सुलह करवाई जा सके, लेकिन रात में बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट शुरू हो गई और इसी दौरान आकाश ने कथित रूप से ईंट से वार कर विकास की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि घटना में आरती की भाभी निधि, बहन अंकिता और पड़ोसी विजय को भी नामजद किया गया है। आरती की शिकायत पर खेकड़ा थाने में चारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी कैलाश चंद ने बताया कि मुख्य आरोपी आकाश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और अन्य नामजद अभियुक्तों की तलाश भी जारी है।

## खेत में किशोर का शव मिला

सहारनपुर। जिले में एक गांव के पास मंगलवार को 11वीं कक्षा के छात्र का शव खेत में मिला जिस पर चाकू से वार किए जाने के निशान थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान गांव दल्हेवाला के निवासी प्रिंस कश्यप (16) के रूप में हुई है, जिसका शव नकुड़ थाना क्षेत्र में उसी के गांव के पास खेत से बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि प्रिंस सोमवार शाम किताबें लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा, जिसके बाद उसके परिवार ने रातभर उसकी तलाश की और बाद में नकुड़ थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि छात्र गांव में अपनी मां और भाई के साथ रहता था और दो साल पहले उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। जैन ने कहा कि प्रिंस 11वीं कक्षा में पढ़ता था और अपने परिवार को आर्थिक मदद के लिए मजदूरी भी करता था। मंगलवार सुबह उसका शव खून से लथपथ हालत में एक खेत में मिला। उसके शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे, जिससे प्रतीत होता है कि उस पर जानलेवा हमला किया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया और साक्ष्य जुटाए।

# महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरि पर हमला करने के आरोप में 113 पर केस दर्ज

बलिया। बलिया में श्रीनाथ बाबा मठ के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरि पर हमला करने के मामले में बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल सहित कुल 113 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में एक पत्रकार सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रसड़ा कस्बे का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरि व उनके समर्थक और जायसवाल व उनके समर्थक कथित तौर पर आपस में मारपीट करते दिख रहे हैं। रसड़ा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी की तहरीर पर सोमवार रात बसपा नेता विनय जायसवाल, पत्रकार शिवा जी बागले सहित 13 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, महंत कौशलेंद्र गिरी मठ में सोमवार को श्रावण माह के अनुष्ठान की तैयारी कर रहे थे, तभी कुछ लोग मठ में घुस आए और नारेबाजी शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो विनय जायसवाल ने कथित रूप से ललकारते हुए कहा कि महंत को जान से मार डालो। इसमें कहा गया कि सके बाद उन पर हमला किया गया और मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। वहीं, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल ने मीडिया से कहा कि वह रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने गए थे, जो कि रामलीला कमेटी के अनुरोध पर किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां महंत कौशलेंद्र गिरी ने उनके साथ मारपीट और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें महंत से जानमाल का खतरा है।

# श्रावस्ती भ्रमण पर पहुंचे भारत सरकार के अपर सचिव

श्रावस्ती। भारत सरकार के अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार संजीव शंकर एकदिवसीय भ्रमण पर श्रावस्ती जनपद पहुंचे। भिनगा स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन आगमन पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपर सचिव ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली, तत्पश्चात निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी एवं अधिकारियों संग बैठक कर जनपद में गेहूं/धान की खरीद एवं खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में अपर सचिव ने निर्देश दिए कि लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न समयबद्ध रूप से प्रदान किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और शिकायत रहित वितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि किसानों से सीधे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर भुगतान में तेजी लाई जा रही है। साथ ही वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी स्वयं उनके द्वारा की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय, खाद्य विपणन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव के लिए जुटें बसपा कार्यकर्ता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम ने बहुजन समाज पार्टी कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि पूरी मजबूती से बसपा पंचायत चुनाव लड़ेंगी कार्यकर्ता एक निष्ठ पूरी ताकत से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें पंचायत चुनाव सेमीफाइनल है,

पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने डुमरियागंज विधानसभा के शाहपुर में आयोजित चौपाल के दौरान कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है कानून नाम की कोई चीज नहीं है हत्या बलात्कार आम बात हो गई है बेरोजगारी चर्म पर हैं शिक्षा प्रदान करने की जगह विद्यालय बन्द किया जा रहा है, इन सब से छुटकारा पाने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली बसपा सरकार जरूरी व एक मात्र विकल्प है। उनके साथ उपस्थित

चौपाल को सम्बोधित करते पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बसपा सरकार में अपराधियों को प्रदेश छोड़ कर चले गए थे बहन कु0मायावती ने अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा कि बसपा सरकार बनने पर हर घर में एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों और खास कर मुसलमानो को शिक्षा से दूर करना चाहती है, सर्व समाज आशा भरी निगाहों से बहन जी की तरफ देख रहा है आने वाला दिन में बसपा सरकार बनना तय है, इस दौरान बसपा विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता साथी दिन रात मेहनत से काम करे पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जायें इस अवसर पर बसपा नेता पूर्व जिला प्रभारी विजयपाल कन्नौजिया पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी विनोद कुमार राव राम बाबू अशोक कुमार बौद्ध मोहम्मद कैफ प्रिंस कुमार अंबेडकर शीश कुमार बौद्धाचार्य अमित कुमार गौतम राजेन्द्र प्रसाद गंगा राम जलनधर रमेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बिहार में पांच को जिंदा जलाया जाना जंगलराज की पराकाष्ठा: प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बिहार प्रदेश के पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच पांच लोगों की जिन्दा जलाकर वीभत्स हत्याकांड को खौफनाक तथा कानून के राज के लिए गंभीर चिन्ताजनक करार दिया है। उन्होने कहा कि चौबीस घंटे के भीतर बिहार में कारोबारी व इंजीनियर तथा इस सामूहिक हत्याकांड से यह साबित हो गया है कि बिहार में कानून का राज नही जंगल का कानून चल रहा है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिल दहला देने वाली सामूहिक हत्याकाण्ड की इस लज्जाजनक वारदात के बाद बिहार में भाजपा व नीतीश गठबंधन की सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होने कहा कि इस खौफनाक घटना से यह भी साबित हो गया है कि वहां के मुख्यमंत्री नीतीश के बूते शासन चला पाना सम्भव नही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को लेकर की गयी गब्बर की टिप्पणी को पूरी तरह से अराजनैतिक करार दिया है। उन्होने कहा कि राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय मंत्री के साथ एक राजनैतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ इस प्रकार की ओछी टिप्पणी राजनैतिक मयार्दा को तार तार कर गयी है। उन्होने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री को इस प्रकार की घटिया राजनैतिक बयानबाजी के चलते उन्हें फौरन मंत्रिमण्डल से बाहर कर दिया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा जनता से जुड़े मुददों पर जबाबदेही से बचने के लिए इस प्रकार के गैरराजनैतिक हथकण्डे इस्तेमाल किया करती है।

# नहीं रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, प्रमोद व मोना ने जताया दुख

प्रतापगढ़। क्षेत्र के खानीपुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह 60 का सोमवार की देर शाम हृदयगति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह सांगीपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रहे हैं। निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर गहरा दुख जताया है। मंगलवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र का गांव के निकट ही अन्तिम संस्कार हुआ। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह, पूर्व प्रमुख हृगपाल यादव, राजेश सिंह चौहान, बद्री प्रसाद जायसवाल, योगेश प्रताप सिंह, केके सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पवन शुक्ल, मुन्ना सिंह, राहुल मोदनवाल, कुंवर आजाद सिंह, जय कुमार सिंह आदि ने पूर्व प्रमुख के निधन पर गहरा दुख जताया है। इधर साथी अधिवक्ता अजीत सिंह के पिता सुरेन्द्र सिंह के निधन पर मंगलवार को यहां तहसील में अधिवक्ताओं ने शोक प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम के झंडे उखाड़ने पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। सड़क किनारे लगाये गये मोहर्रम के झण्डे उखाडने व गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने सात नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी आजाद पुत्र इसराइल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अझारा में सड़क के किनारे मोहर्रम को लेकर लगाए गए झण्डे को बीती छः जुलाई की रात आरोपियों ने उखाडकर फेंक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने अझारा निवासी धर्मपाल व चन्द्रपाल पुत्रगण सीताराम उर्फ सितई, गुडडू सरोज पुत्र भुग्गन, विशाल पुत्र मेवालाल सरोज, प्रदीप सरोज पुत्र रामराज, नानभइया उर्फ जितेन्द्र पुत्र श्यामलाल व मोहित पुत्र जीतलाल समेत सात नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

# श्रावण मास में मांस की दुकानें बंद करने की मांग

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज में श्रावण मास के अवसर पर पूर्व भाजपा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली गई। कर्मयोगी परिवार द्वारा आयोजित यह यात्रा डुमरियागंज पुलिस चौकी से बैदौला तक पहुंची।यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्रावण मास की धार्मिक गरिमा और शिवभक्तों की आस्था की रक्षा करना था। प्रमुख मांग यह रही कि श्रावण माह के दौरान मुख्य मार्गों और मंदिरों के आसपास स्थित मांस की दुकानें बंद रखी जाएं। इससे धार्मिक वातावरण की पवित्रता बनी रहेगी। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि श्रावण मास सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह यात्रा किसी के विरोध में नहीं है। यह सद्भाव और सामाजिक चेतना जागृत करने के लिए आयोजित की गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष गूंजते रहे। यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। इस यात्रा के माध्यम से प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के लिए जागरुक किया गया।

# कल जनपद में रोपे जायेंगे 43 लाख से अधिक पौधे

## इलेक्शन मोड में चलेगा पौधरोपण महा अभियान

बलरामपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में जन सहभागिता से 37 करोड़ पौधारोपण किया जाना हैं। पौधारोपण महाअभियान के तहत जनपद में 24 विभागों एवं जन सहभागिता से 43 लाख 56 हजार 100 पौधों का रोपण किया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधरोपण महाअभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी दुग्ध आयुक्त उत्तर प्रदेश राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। नोडल अधिकारी द्वारा पौधारोपण महा अभियान की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की, उन्होंने कहा कि नर्सरी से पौधारोपण स्थल पर पौधे समय से पहुंच जाए एवं लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढे आदि का खुदान हो जाए। बैठक में डीएफओ ने बताया कि वृक्षारोपण महा अभियान को सफल बनाने के लिए इलेक्शन मोड पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जनपद स्तर पर कमांड सेंटर का गठन किया गया है, लक्ष्य के सापेक्ष कितने पौधारोपण हुए इसकी प्रति घंटे रिपोर्ट ली जाएगी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, एडीएम न्यायिक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसओजी, थाना लोटन और थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार अपराधी की पहचान सिराजुद्दीन उर्फ बबलू के रूप में हुई है। वह वर्डपुर गोसाईगंज, थाना मोहाना का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में सिराजुद्दीन ने बताया कि वह एक गैंग का हिस्सा है। यह गैंग सिद्धार्थनगर और आसपास के जिलों में चोरी और लूट की वारदातें करता है। लूट का माल गैंग के सदस्य आपस में बराबर बांट लेते हैं। सिराजुद्दीन छात्र जीवन से ही अपराध में सक्रिय है। वह सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बस्ती और नेपाल में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। कई थानों में वांछित है और कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी है। न्यायालय से धारा 82 की कार्रवाई भी हो चुकी है। गिरफ्तारी के समय वह नेपाल भागने की फिराक में था।

# जनसुनवाई समाधान में श्रावस्ती तीसरी बार प्रथम

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) की जून 2025 की रैंकिंग सूची में जनपद श्रावस्ती ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनशिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण की सतत निगरानी एवं मेहनत का परिणाम है। जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे जनसुनवाई एवं शिकायतों की समीक्षा की जाती है। लंबित मामलों की समीक्षा सायं 5 बजे तथा असंतुष्ट फीडबैक प्रकरणों की गुणवत्ता की समीक्षा रात्रि 9 बजे होती है। शिकायतों की सच्चाई की जांच हेतु कॉल सेंटर से शिकायतकताओं से फीडबैक भी लिया जा रहा है। नोडल अधिकारियों के माध्यम से निस्तारण की रिपोर्टों का परीक्षण कराते हुए जिलाधिकारी स्वयं गुणवत्ता की निगरानी करते हैं। शासन की मंशा के अनुरूप हर अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें और समाधान को प्राथमिकता दें। जिले को मिली इस सफलता का श्रेय सभी विभागीय अधिकारियों की मेहनत और टीमवर्क को जाता है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# ज्ञानवापी मामला : कोर्ट ने खारिज की मुकदमा स्थानांतरण की याचिका

वाराणसी। वाराणसी की एक जिला अदालत ने दिवंगत हरिहर पांडे की बेटियों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें ज्ञानवापी से संबंधित 1991 के मूल मुकदमे को दीवानी न्यायाधीश की अदालत से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया। मामले के पक्षकार अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी ने बताया कि जिला न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी ने सोमवार को स्थानांतरण आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता मूल मुकदमे के पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उनके पास ऐसा आवेदन करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। रस्तोगी के अनुसार, दिवंगत हरिहर पांडे की बेटियों ने अपने वकील के माध्यम से दलील दी थी कि उन्हें दीवानी न्यायाधीश की त्वरित अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है, जहां यह मूल मुकदमा 1991 से लंबित है। इसी आधार पर उन्होंने मुकदमा किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। इसका जवाब देते हुए रस्तोगी ने तर्क दिया कि तीनों बहनें 1991 के मुकदमे में पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उनके पास स्थानांतरण याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, जिला न्यायाधीश ने याचिका को पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया।

वर्ष 1991 का मूल मुकदमा काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर से जुड़े विवाद से संबंधित है।

# डीएम ने बूढ़ी राप्ती नदी व बैदौरा तटबंध महरथा घाट का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बूढ़ी राप्ती नदी के बाये तट पर स्थित लखनापार-बैदौला तटबन्ध के महरथा घाट के पास निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त स्थल पर नदी के कटान को रोकने के लिए सम्बंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश व सुरक्षात्मक कार्य के कराने के लिये दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि निरन्तर सतर्क निगरानी करते रहे। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय साथ में अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड कृपा भारती व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों के गठन पर उठा गंभीर सवाल

- बीएलओ के कार्यप्रणाली से जनता नाराज
- प्रक्रिया से पृथक करने की लगायी डीएम से गुहार

जिला संवाददाता (vol)

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** जमुनहा तहसील क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों झ गंगाभागड़ और बेलरी झ को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। परिसीमन प्रक्रिया और पंचायत गठन के नियमों के उल्लंघन के आरोपों के साथ-साथ बीएलओ की कार्यप्रणाली पर भी आम जनमानस द्वारा सवाल उठाए जा रहें हैं। जनता नें दोनों बीएलओ को प्रक्रिया से हटाने की मांग जनता नें प्रशासनिक अधिकारीयों से की है।

ज्ञातव्य हो कि स्थानीय ग्राम वासियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपते हुए दावा किया है कि राप्ती नदी के भीषण कटाव के चलते इन दोनों ग्राम पंचायतों के अधिकतर निवासी लगभग 15 वर्ष पूर्व विस्थापित हो चुके हैं। अब वे पड़ोसी ग्राम पंचायतों जैसे सागर गाँव, श्रीनगर, लालबोझा दर्वेश तथा बहराइच जनपद के होलिया गांवों में स्थायी रूप से बस गए हैं।

उनका कहना है कि वर्तमान में गंगाभागड़ में मात्र 170 और बेलरी में 160 मतदाता ही शेष हैं, जो पंचायत गठन के लिए निर्धारित न्यूनतम जनसंख्या मानक से काफी कम हैं। इसके बावजूद वर्ष 2021 में इन ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव कराए गए, जो कि नियमविरुद्ध था। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि तत्कालीन उपजिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण में ग्रामों की वास्तविक जनसंख्या की पुष्टि पहले ही हो चुकी है, फिर भी बीएलओ, ग्राम प्रधानों और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से मतदाता सूची में हेरफेर कर उक्त दोनों ग्राम पंचायत का अवैधानिक तरीके से गठन करके चुनाव संपन्न कराए गए। ग्राम पंचायत गंगाभागड़ के बीएलओ शिवकुमार और बेलरी के बीएलओ रंगीलाल झ जो दोनों ही इसीगांव केशिक्षामित्र हैं। इन दोनों पर यह आरोप भी लगाया गया है कि वे ग्राम प्रधानों के दबाव में काम कर रहे हैं और अधिकारियों को गुमराह करने वाली रिपोर्ट भेजते हैं। उक्त दोनों ग्राम पंचायत गंगा भागड व बेलरी के शेष बचे निवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोनों ग्राम पंचायतों का पुनः भौतिक सत्यापन कराया जाए। परिसीमन प्रक्रिया को दोबारा प्रारंभ किया जाए और दोनों बीएलओ को हटाकर उनकी जगह सहायक शिक्षकों को बीएलओ नियुक्त किया जाए ताकि निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार हो सके। सुविधा अनुसार पड़ोस के ग्राम पंचायतो में उन्हें मर्ज कर दिया जाए। इस संबंध में जानकारी लेने हेतु संवाददाता के मोबाइल नंबर 9919350258 से एसडीएम जमुनहा प्रवीण कुमार यादव से 6 जुलाई 6 बजकर 6 मिनट पर 9582 909755 पर बात की गई उन्होंने व्यस्त होने की बात कही और काल बैक करके बात करने की बात कही गई लेकिन वापस फोन नहीं आया फिर 7 जुलाई 3 बजकर 33 मिनट पर दुबारा फोन करने पर फोन नहीं उठाया गया। यह मामला प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गंभीर परीक्षा बन गया है।जनमानस की निगाहें जिला अधिकारी के फैसले पर टिकी हैं। जनता को भरोसा है कि जिलाधिकारी विधि व्यवस्था और इलेक्शन कमीशन के मानका अनुरूप फैसला लेंगें।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस प्रकरण पर क्या कदम उठाता है।

# एक महीने में दूसरी बार चोरी से हड़कंप

सिद्धार्थनगर- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हटवा गांव में सोमवार रात एक और चोरी की वारदात हुई। रामदीन गुप्ता के घर से चोर 3 लाख रुपए के जेवरात और 6 हजार रुपए की नकदी ले गए। घटना उस समय हुई जब रामदीन और उनकी पत्नी घर के बाहर सो रहे थे। उनकी पुत्रवधू घर के अंदर थी। सुबह करीब 5 बजे पुत्रवधू की नींद खुली। उसने देखा कि कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था।

# शिष्य और गुरु, दोनों भूमिका में दिखेंगे सीएम योगी

- शिष्य के रूप में गुरु गोरखनाथ, अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव की करेंगे पूजन-स्तुति
- गुरु के रूप में गोरक्षपीठ के संतों और श्रद्धालुओं को देंगे आशीष
- गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार होगा विशिष्ट पूजन

गोरखपुर। सनातन विचार दर्शन एवं संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते को प्रतिष्ठित करने वाले पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए विशेष होती है। यह वह अवसर होता है जब गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ के आदिगुरु महायोगी गोरखनाथ सहित पीठ के अपने पूर्ववर्ती गुरुजनों की पूजन-स्तुति करते हैं और तदुपरांत अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं को स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हैं। गोरक्षपीठ की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा (10 जुलाई, गुरुवार) पर शिष्य और गुरु दोनों भूमिकाओं में दिखेंगे। यूं तो गोरक्षपीठ, गोरखनाथ मंदिर में धर्म-अध्यात्म की मंगलध्वनि अहर्निश गुंजायमान रहती है, पर गुरु पूर्णिमा का पर्व यहां बेहद खास होता है। इस दिन के विशेष आयोजन में सहभागी बनने की गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं की उत्कंठा प्रबल होती है। नाथपंथ मुख्यतः गुरुगम्य मार्ग है। इस लिहाज से गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता है। गुरु-शिष्य परंपरा इस पीठ के मूल में है। गुरु परंपरा से ही नाथ परंपरा आगे बढ़ी है। यही वजह है कि गोरक्षपीठ, गुरु परंपरा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित है। हर काल में इस परंपरा को कायम रख पीठ ने कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। शिवावतार भगवान गोरखनाथ ने योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाया तो उनके अनुगामी नाथपंथ के मनीषियों ने लोक कल्याणकारी अभियान को गति दी। उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कृति गुरु को गोविंद (भगवान) से भी ऊंचे स्थान पर प्रतिष्ठित करती है। गुरु का ध्येय समग्र रूप में लोक कल्याण होता है और इसकी की दीक्षा भी वह अपने शिष्य को देता है। गुरु परंपरा के आईने में देखें तो नाथपंथ की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ बेमिसाल है। पीढ़ी दर पीढ़ी गोरक्षपीठाधीश्वरों ने अपने गुरु से प्राप्त लोक कल्याण की परंपरा को विस्तारित किया है। वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इसे निरंतर ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। गुरु परंपरा के लोक कल्याणकारी कार्यों के अनुगमन में गोरक्षपीठ की गत-सद्यः तीन पीढ़ियां तो कीर्तिमान रचती नजर आती हैं। गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने लोक कल्याण के लिए शिक्षा को सबसे सशक्त माध्यम बनाते हुए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। उदात्तमना ब्रह्मलीन महंत जी ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो महाविद्यालय भी दान में दे दिए थे। उनके समय में ही लोगों को हानिरहित व सहजता से उपलब्ध चिकित्सा सुविधा हेतु मंदिर परिसर में एक आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र की भी स्थापना हुई थी। अपने गुरु द्वारा शुरू किए गये इन प्रकल्पों को अपने समय में उनके शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने विस्तार दिया। शिक्षा, चिकित्सा, योग सहित सेवा के सभी प्रकल्पों को नया आयाम दिया। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज के शिष्य एवं वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक कल्याण के लिए अपने दादागुरु द्वारा रोपे और अपने गुरु द्वारा सींचे गए पौधे को वटवृक्ष सरीखा बना दिया है। किराए के एक कमरे में शुरू शिक्षा का प्रकल्प दर्जनों संस्थानों के साथ ही विश्वविद्यालय तक विस्तारित हो चुका है। इलाज के लिए गोरक्षपीठ की तरफ से संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की ख्याति पूरे पूर्वांचल में है। गोरक्षपीठ से योग के प्रसार को लगातार गति मिली है। पीठ की गुरु परंपरा में लोक कल्याण के मिले मंत्र की सिद्धि योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री की भूमिका में भी नजर आती है। गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ से लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तक ने न केवल इस परंपरा को समृद्ध किया है, बल्कि गुरु प्रतिष्ठा के प्रति लोगों को प्रेरित भी किया है। मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की तमाम व्यस्तताओं के बावजूद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ हर गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु का आशीर्वाद लेने और शिष्यों को आशीर्वाद देने के लिए गोरखनाथ मंदिर जरूर पहुंचते हैं। इसी क्रम में इस बार भी गुरुवार को वह गुरु पूर्णिमा पूजा के लिए मंदिर में मौजूद रहेंगे।

नाथपंथ की स्थापना के समय से ही गुरु-शिष्य परंपरा उससे अनिवार्य रूप से जुड़ी रही। गुरु-शिष्य परंपरा से ही नाथपंथ की परंपरा भी अनवरत आगे बढ़ रही है। नाथपंथ में गुरु और ईश्वर में कोई फर्क नहीं माना जाता है। नाथ परंपरा में गुरु ही ईश्वर है और ईश्वर ही गुरु है। यही वजह है कि गोरखनाथ मंदिर के लिए गुरु पूर्णिमा पर्व का खास महत्व है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के अनुयायियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 4 जुलाई से गोरखनाथ मंदिर में चल रहे श्रीरामकथा की पूणार्हुति भी होगी।

## पांच लाख के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

इटावा। मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय पर अंकुश लगाने की दिशा मे कार्य करते हुये पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार। कब्जे से 34.500 किग्रा गांजा अनुमानित कीमत 5 लाख रु. तथा मोटरसाइकिल की गयी बरामद। पुलिस एसओजी, सर्विलांस व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। सीओ अभयनारायन राय ने बताया कि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान पुलिस टीम जैसे ही रेलवे कॉलोनी ट्यूबवैल के पास पहुंची तो 2 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में अपने साथ बोरा में कुछ लिए खड़े हैं और पास में एक मोटरसाइकिल खडी हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये एक व्यक्ति को रेलवे कॉलोनी ट्यूबवैल के पास से मोटरसाइकिल सहित समय पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र स्व. रूस्तम सिंह के कब्जे से 34.500 किग्रा गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे के संबंध मे प्रपत्र मांगे जाने पर दिखाने मे असमर्थ रहा। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि यह गांजा हम दोनों मिलकर आने-जाने वाले राहगीरों को बेचकर धन लाभ अर्जित करते है। गिरफ्तार अभियुक्त में जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र स्व. रूस्तम सिंह निवासी कथगवां थाना इकदिल बताया। पुलिस टीम में उ.नि. बेचन सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चैधरी प्रभारी सर्विलांस, थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी अमित कुमार मिश्रा, उ.नि. सन्त कुमार, उ.नि. नितिन चैधरी, उ.नि. अरविन्द यादव रहे।

## बुलडोजर की कार्रवाई से कब्जेदारों में हड़कंप

भरथना, इटावा। बीते कई वर्षों से सरकारी जमीन पर किये गये कब्जा को हटाने के लिए प्रशासन को बुलडोजर चलाना पडा। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चली बुलडोजर कार्यवाही देखकर कब्जेदारों में हडकम्प मच गया। मंगलवार की दोपहर तहसील क्षेत्र के ग्राम न. चुन्नी पालीखुर्द में उस समय कब्जेदारों में हडकम्प मच गया, जब जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला के आदेश पर उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव, तहसीलदार दिलीप कुमार मय राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा हटवाने के लिए बुलडोजर सहित पहुँच गये। प्रधान प्रतिनिधि श्यामबाबू यादव फौजी ने बताया कि बीते वर्ष 2014 में जब उनकी पत्नी प्रधान थीं, तब उनके द्वारा उक्त भूमि का खेल के मैदान के लिए प्रस्ताव कराया गया था, जब तक वह प्रधान रहे, तब तक उक्त भूमि सुरक्षित रही तथा बच्चे खेलते थे। जो राजस्व अभिलेखों में भूमि संख्या- 763 स्पोर्ट कॉम्प्लैक्स के नाम दर्ज है तथा उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद दबंगों द्वारा उक्त भूमि बाउंड्री आदि बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिये गये। प्रकरण की लगातार सुनवाई की गई। प्रक्रिया पूर्ण होने पर उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा कब्जेदार को एक सप्ताह के अन्दर कब्जा वाली जगह को खाली करने का निर्देश दिया गया, नोटिस भी चस्पा किया गया, किन्तु उनके द्वारा कब्जा खाली नहीं किया गया। तब आज मंगलवार को सबस्ती योजनान्तर्गत अधिकारियों द्वारा उक्त सरकारी ढाई बीघा जमीन को बुलडोजर से दीवार, शौंचालय, झोपडी आदि गिराकर अवैध कब्जा को मुक्त कराया गया। बुलडोजर कार्यवाही के दौरान कानूनगो अनिल कुमार, लेखपाल विपिन कुमार, अजय यादव, गणेश दत्त, सैफ आलम सहित पुलिस बल की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

## आज रोपे जायेंगे 65 लाख पौधे

इटावा। पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में भानुचन्द्र गोस्वामी सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को 65 लाख जनपद में पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद एवं सभी ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम अवश्य बनाया जाए जिसकी मॉनिटरिंग प्रति घंटे की जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में भी एक कंट्रोल रूम बनाया जाए जिसकी मॉनिटरिंग ससमय की जाए साथ ही कहा कि प्रत्येक घंटे की रिपोर्ट अवश्य आनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी विभागीय अधिकारी 6 बजे से पहले वापस नहीं आएगा एवं फील्ड पर रहकर मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर नोडल, खंड विकास अधिकारी को बनाया जाए साथ ही जितने पौधे लगाए गए उनकी सूची प्राप्त कराई जाए। उन्होंने कहा कि नदी को पुनर्जीवित किया जाए। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को पौधा अवश्य दिया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि पौधों की जियो टैगिंग अवश्य की जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि नगर निकायों में बहुत ही उत्साहपूर्वक कार्यक्रम कराया जाए। उन्होंने अन्य विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि उन सभी के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष वन विभाग की नर्सरी से पौधा उठाकर रोपित किया जाए साथ ही बताया कि वृहद वृक्षारोपण में जनपद के 22 विभागों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा।

## संक्षेप

### घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा न० 1 सरस्वती पार्टी लान के पास नगर निगम गोरखपुर के वाहन के फाटक से घायल हुये वृद्ध की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गयी। मृतक की पत्नी के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 281 व 106 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है। मृतक रवि प्रताप श्रीवास्तव की पत्नी प्रीती बाला श्रीवास्तव मूल निवासी नई कालोनी माधोपुर निकट गैसगोदाम थाना तिवारीपुर हाल पता बिचउपुर रोड भगवानपुर खास नकहा न० 2 थाना चिलुआताल ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मेरे पति रवी प्रताप श्री० दिनांक 2 जुलाई 25 को लगभग 10 बजे सुबह अपनी बाइक से घर से गोलघर जा रहे थे, अभी नकहा न० 1 के सरस्वती पार्टी लान के पास पहुंचे ही थे कि वहाँ चूना लदी नगर निगम की खड़ी . बाहन का ड्राइवर लापरवाही पूर्वक फाटक खोल दिया जिससे टकरा कर गम्भीर रूप से घायल होकर गिर गये। जिन्हे आनन फानन में इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। हालत खराब होने की वजह से डाक्टरो ने लखनउ रेफर कर दिया, जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### आज लगेगा विद्युत समाधान योजना कैंप

गोला, गोरखपुर। विधुत विभाग ने एक मुस्त समाधान योजना को सरल एवं सहज करने के लिए शासन के निदेर्शानुसार बुधवार को उप केन्द्र गोला धुरियापार अंतर्गत आने वाले सभी सबस्टेशन पर जन सुनवाई कैप का आयोजन कर रहा है जिसके अंतर्गत विधुत बकाया भुगतान के साथ अन्य समस्याओं का भी निस्तारण किया जायेगा उक्त जानकारी देते हुए गोला सब स्टेशन के अवर अभियंता अजय कुमार कन्नौजिया ने बताया कैंप सुबह 10 बजे अपरान्ह 2 तक आयोजित होगा ।जिन उपभोक्ताओं विधुत से संबंधित कोई समस्या हो वे कैप में आकर निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी समस्याओ का निस्तारण करा सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा बाल विकास परियोजना कार्यालय पर तीब्र कुपोषण प्रबंधन के लिए सैम ड्यू लिस्ट पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी देते हुए प्रोग्रेसिव फाउंडेशन संस्था के बीपीएम अविनेश दुबे ने बताया कि बच्चों में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषित बच्चों में संक्रमण की संभावना अधिक होती है। जिसके चलते बच्चों में मृत्यु दर ज्यादा होती है। इसको दूर करने के लिए समुदाय आधारित तीब्र कुपोषण प्रबंधन अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण में कार्यकत्रियों को ड्यू लिस्ट बनाना, बच्चों का वजन, लंबाई नापने के तरीके और तीब्र कुपोषित बच्चों की पहचान करने के गुर बताये गये। इस अवसर पर सीडीपीओ मिथिलेश राय, ब्लाक कोआर्डिनेटर अभिषेक कुमार सहित विभिन्न गांव में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद थी।

### जगरनाथ जायसवाल बने आई टी विभाग के प्रदेश संयोजक

उरुवां, गोरखपुर। नगर पंचायत उरुवा बाजार निवासी जगरनाथ जायसवाल को सामाजिक संगठन जायसवाल युवा मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल के संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष विकास जायसवाल ने जायसवाल युवा मंच के आई टी विभाग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में उसका नाम त्रुटिवश नब्या सिंह दर्ज है जबकि उसका सही नाम सांविका सिंह है। उसके स्कूली अभिलेखों में भी उसका सही नाम सांविका सिंह ही दर्ज किया जाये। **गौरव सिंह पुत्र विजेन्द्र पाल नि.- 7/714 जानकीपुरम विस्तार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पीछे सेक्टर-7 लखनऊ।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल सन 2020 का अनुक्रमांक 1982916 का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र तथा इण्टर मीडिएट सन 2022 अनुक्रमांक 2226465887 का अंकपत्र सहप्रमाण कहीं खो गया है। **अर्जुन यादव पुत्र धर्मबीर यादव निवासी ग्राम ढकसहिया धनापुर अमेठी।**

## पौधरोपण में गोरखपुर मंडल का रहेगा भरपूर योगदान

- मंडल में एक ही दिन 1.69 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य
- वन विभाग के साथ ही दो दर्जन विभागों को दी गई जिम्मेदारी
- जनसहभागिता से एक पेड़ मां के नाम थीम पर होगा होगा पौधरोपण

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 9 जुलाई को प्रदेश में पौधरोपण का कीर्तिमान बनाने की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। सीएम ने एक ही दिन राज्य में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल कर रचे जाने वाले कीर्तिमान में गोरखपुर मंडल का भरपूर योगदान होगा। गोरखपुर मंडल में चार जिलों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर) को मिलाकर 1.68 करोड़ से अधिक पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी को वन विभाग की देखरेख में दो दर्जन से अधिक विभाग जनसहभागिता से हासिल करेंगे। सीएम योगी ने पौधरोपण महा अभियान 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरुप ह्यएक पेड़ मां के नामह्न थीम को समर्पित किया है। इस थीम के साथ पौधरोपण के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए वह खुद कई बार बैठक कर पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश पर न केवल अलग-अलग विभागों को लक्षित जिम्मेदारी दी गई है बल्कि इसमें व्यापक जनसहभागिता के लिए भी पहल की जा रही है। गोरखपुर मंडल में वन विभाग के साथ उन सभी विभागों ने भी आवंटित पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली है। उम्मीद की जा रही है कि अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करने के बाद मुख्यमंत्री 9 जुलाई की शाम गोरखपुर आने पर यहां भी पौधरोपण करेंगे।

## गवाह को मिली जान-माल की धमकी, घर पर दबंगों की पत्थरबाजी

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र करवल मझगांवा निवासी भूपेंद्र सिंह मझगांवा बाजार चौराहे पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते हैं सोमवार की रात अपनी दुकान बन्द कर घर पहुंचे तो गांव के ही दो युवक भूपेंद्र सिंह के दरवाजे पर बैठे थे उन्होंने कहा कि रात को मेरे घर क्यों आकर बैठे हैं जिस पर आगबबूला होते हुए दोनों युवकों ने गाली गुप्ता देते हुए कहा कि मेरे जमीनी मामले में मेरे विपक्ष की तरफ से तुम्हीं गवाह हो हट जाओ नहीं तो अंजाम बुरा होगा शोर सुनकर गांव के लोग भी इकट्ठा हो गये तब दोनों युवक जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सुचना हल्का इंचार्ज को दी तो उन्होंने आश्वस्त किया आप निश्चित रहिए अब ऐसी हरकत नहीं होगी जिसके बाद पीड़ित घर में सोने चला गया ।रात्रि करीब एक बजे आधा दर्जन युवक लाठी डंडा, राड व ईंट के टूकडे के साथ पुनः पीड़ित के घर पहुंचे और घर पर ईंटों की बौछार कर दी जिससे मकान का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया पीड़ित डर के कारण घर में ही छिपा रहा और इसकी सुचना 112 नं पर दी मौके पर पहुंची पुलिस तो आरोपित वहां से फरार हो चुके थे। पीड़ित गांव के कुछ लोगों के साथ गगहा थाने पर पहुंचा जहां ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने सुबह आने की बात कहकर वापस लौटा दिया डरा सहमा पीड़ित व्यक्ति अपने घर पहुंचा वह अत्यधिक डर से सो भी नहीं पाया।

## विद्यालय के मर्जर का विरोध, शिक्षकों ने धरना दे सरकार को चेताया

- मनमाना आदेश कर शिक्षकों को अपमानित कर रही है प्रदेश सरकार
- निजीकरण की पक्षधर है सरकार
- अस्तित्व बचाने के लिए शिक्षक हुए लामबंद

चरगांवा, गोरखपुर । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल मर्ज करने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन के क्रम में आज गोरखपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने विशाल धरना प्रदर्शन किया ।जिसमें भारी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोईया स्कूल मर्ज करने के आदेश को वापस लेने की मांग का नारा लगाते रहे। 01 बजते बजते सिटी मॉल रोड पूरी तरह से जाम की स्थिति में हो गया था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय छोटा पड़ गया। अध्यापक उत्साह पूर्वक स्कूल मर्ज करने के विरोध में लगातार नारेबाजी करते रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश धर दुबे ने कहा की सरकार जानबूझकर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए इस कार्यों स्कूलों को मर्ज कर रही है गरीबों के बच्चे या तो दूर जाकर शिक्षण कार्य नहीं करें या तो नजदीक के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मजबूत होकर भारी फीस लेकर के नामांकन करने को मजबूर करेंगे। इस विशाल धरने को संबोधित करते हुए जिला मंत्री श्रीधर मिश्रा ने कहा कि इस धरने को माध्यमिक शिक्षक संघ, गुआक्टा, शिक्षामित्र संगठन, अनुदेशक संगठन, रसोईया संघ ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने कहा की सरकार ने विद्यालय मर्ज करके फ्ळए कानून का उल्लंघन किया है जिस कारण विद्यालयों के अभिभावक, आम जनता एवं शिक्षक सभी आंदोलित हैं ।सरकार को शीघ्र ही अपना आदेश वापस ले लेना चाहिए, श्री मिश्रा ने कहा की प्रदेश सरकार की निर्देश पर वर्तमान में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है जिससे सभी विद्यालयों में अति शीघ्र 50 से अधिक बच्चे नामांकित हो जायेंगे। आज के विशाल धरने को संबोधित करते हुए गोरखपुर मंडल के मांडलिक संगठन मंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र ओझा ने कहा की सरकार जानबूझकर गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास कर रही है ।आज की शहरीकरण के दौर में और जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता होने से यदि किसी विद्यालय के सेवित गांव में केवल 10/20 या ढ30 बच्चे पढ़ने योग्य हों तो भारत का कौन सा संविधान उन बच्चों को भी अपने गांव में पढ़ने के अधिकार से वंचित नहीं करता है। श्री ओझा ने कहा कि जो सरकार आजादी के बाद से आज तक प्राथमिक विद्यालयों में अब तक कुर्सी बेंच नहीं उपलब्ध करा पाई है वह सरकार वाहनों से बच्चों को मर्जर विद्यालयों में पहुंचाने का यदि दावा करती है वह निश्चित रूप से ढकोसला साबित होगा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित स्कूल मर्जर रोकने, हेडमास्टर को सरप्लस करने से रोकने, शिक्षकों पदोन्नति करने, चिकित्सा सुविधा, ई यल अवकाश, पुरानी पेंशन सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया गया ।शिक्षकों को बी यल ओ बनाकर शिक्षण अलग करने से रोकने हेतु भी ज्ञापन दिया गया।

इस धरने को गुआक्टा के महामंत्री निरंकार राम त्रिपाठी, माध्यमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री ज्ञानेश कुमार राय, पूर्व जिला अध्यक्ष दिग्विजय नाथ पांडेय, जिला मंत्री देवनाथ राय, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य श्रीकृष्ण सिंह, अरबिंद चौरसिया ने भी संबोधित किया। 11:00 से 2:00 बजे तक जिले के कोने-कोने से आए लगभग 7000 की संख्या में शिक्षक उत्साह पूर्वक नारेबाजी करते हुए पूरे समय तक धरने में बैठे रहे। और सरकार से स्कूल मर्जर आदेश वापस करने और अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते रहे।

## छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से की बड़े भाई की हत्या

- जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, परिवार के 4 लोग घायल

इटावा। सोमवार शाम जमीन के विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से बड़े भाई की हत्या कर दी। वह खुद भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हिंसक झड़प में दोनों परिवारों के चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम तोड़ा का है। घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे की है। त्रिपाल सिंह (50) और आरोपी रामकिशोर (36) के बीच दो बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आज बड़ा भाई उस विवादित भूमि पर ट्रैक्टर चला रहा था ।पता चलने पर छोटा भाई मौके पर पहुंचा और विरोध किया। इसके बाद दोनों भाइयों में बहस होने लगी। मामूली विवाद देखते देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दोनों पक्ष लाठी-कुल्हाड़ी लेकर आमने-सामने आ गए। हमले में रामकिशोर ने कुल्हाड़ी से बड़े भाई त्रिपाल पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संघर्ष में त्रिपाल की पत्नी सीमा (45), बेटा बाबी (18), बेटी सविता (21) और रामकिशोर की पत्नी रेनू (32) घायल हो गए ।जा सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां रामकिशोर की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि मृतक के पिता शिवसिंह के पास कुल 16 बीघा जमीन थी, जिसमें छह-छह बीघा दोनों बेटों के नाम की गई थी, जबकि चार बीघा जमीन शिवसिंह के नाम पर बची थी। एक माह पहले पिता के निधन के बाद इसी जमीन को लेकर दोनों भाइयों में तनाव बढ़ गया था। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग प्रधान को धक्का देकर मार डाला

इटावा। शौचालय निर्माण को लेकर विवाद में बुजुर्ग प्रधान की हत्या कर दी गई। मंगलवार को गांव के ही एक युवक ने बहस के दौरान उन्हें धक्का दे दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों का आरोप है कि युवक पंचायत कार्यों में दखल दे रहा था। वह लगातार शौचालय और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर वह गाली-गलौज और धमकी देने लगता था। मामला बसरेहर थाना क्षेत्र के दुगावली गांव का है। मंगलवार सुबह 9.30 बजे प्रधान शंभू दयाल वाल्मिकी (85) घर के बाहर पंचायत का काम कर रहे थे। इसी दौरान 11 बजे गांव का ही रहने वाला मुकेश यादव भी उनके घर पहुंचा। वह अपने घर के समीप सार्वजनिक शौचालय बनवाने की जिद करने लगा। प्रत्यक्षदर्शी भतीजे सनोज कुमार ने बताया- शौचालय बनवाने से इनकार करने पर मुकेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जातिसूचक शब्द कहे। विरोध करने पर शंभू दयाल को धक्का दे दिया। जिसके कारण वे सिर के बल गिर पड़े। गिरते ही बेहोश हो गए। प्रत्यक्षदर्शी भतीजे सनोज ने बताया- घर के पास सामुदायिक शौचालय बनवाने के लिए दबाव दे रहा था मुकेश। मना करने पर दिया था धक्का। प्रत्यक्षदर्शी भतीजे सनोज ने बताया- घर के पास सामुदायिक शौचालय बनवाने के लिए दबाव दे रहा था मुकेश। मना करने पर दिया था धक्का। खुद नब्ज टटोलकर बोला- बीपी कम हो गया है सनोज ने बताया- जब हम अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर शंभू दयाल को चेक कर रहे थे। तभी आरोपी मुकेश ने खुद उनकी नब्ज टटोली और कहा- बीपी बहुत कम हो गया है। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही आरोपी अपनी बुलेट लेकर मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने उसे कुछ देर बाद गांव से गिरफ्तार कर लिया। पैसों की करता था मांग, योजनाओं में दखल देता था दबंग मृतक के बेटे शिव मंगल और नाती मनोज कुमार ने बताया- मुकेश यादव लंबे समय से पंचायत कार्यों में दखल दे रहा था। वह लगातार शौचालय और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर वह गाली-गलौज और धमकी देने लगता था।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड नं.-1(सिविल), लो.नि.वि., लखनऊ**

**निविदा सूचना**

पत्रांक: 1640 /निविदा/2025 दिनांक: 03/07/2025

1- महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग क्लासें ए/बी/सी/डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्यपूर्ण अभियन्ता अवधि | अधिशासी करने की का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | दिलकुशा कालोनी स्थित लोक निर्माण विभाग के ई.एच. ब्लाक की बाहरी सतह का सुधारीकरण कार्य। | 6.64 | 0.67 | 766/- | 03 माह | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो. नि. वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | राजकीय कालोनी दिलकुशा स्थित जीर्ण-शीर्ण सम्प के जीर्णोद्वार का कार्य। | 3.31 | 0.34 | 677/- | 02 माह | अधि.अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो. नि. वि. लखनऊ |

निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनका उल्लेख उक्त तालिका के स्तम्भ-8 मे किया गया है, के कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक दिनांक 11.07.2025 से दिनांक 16.07.2025 तक निविदाए बेची जायेगी तथा दिनांक 17.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक जमा की जा सकती है, जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक 17.07.2025 को 12.30 बजे जिलाधिकारी के कार्यालय में इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा और खोलने के समय, स्थल तथा वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण इस कार्यालय से उपरोक्त तिथियों में देखा जा सकता है।

**(उमाकान्त पाण्डेय)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड नं.-1(सिविल)**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

UPID-235718 Date: 07.07.2025 Website : wwwupgovnicin

संक्षेप

## ट्रक पलटा, चालक घायल

जंगबहादुरगंज खीरी। गलत दिशा से आ रहे साइकिल चालक को बचाने के चलते पलटा ट्रक, ट्रक चालक घायल। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज के बाईपास के पास नेशनल हाईवे 24 पर लखनऊ से प्लास्टिक बोतल लेकर पंजाब जा रहे ट्रक संख्या यूपी 21 इ टी 0928 के सामने अचानक गलत दिशा से एक बच्चा साइकिल लेकर आ गया जिसे बचाने के कारण ट्रक बीचों बीच रोड पर पलट गया हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया मौके पर पहुंची जे बी गंज पुलिस ने डायल 112 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पसगवां भिजवाया जहां से इलाज करवाकर ट्रक चालक अपने वाहन में पास आ गया है जिसके बाद क्रेन बुलाकर गाड़ी को सीधा करवा दिया गया है।

## पांच चोर गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना पढुआ पुलिस द्वारा पांच अंतर्जनपदीय चोरों को चोरी किये गये आभूषण, 6500 रुपये व घटना में प्रयुक्त कार तथा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक थाना पढुआ के नेतृत्व में 08 जुलाई को थाना पढुआ पुलिस द्वारा, चोरी की घटना का खुलासा करके ग्राम हथि ?बोझ के पास से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण में फारुक अली पुत्र इस्लाम नि0 बचुआ टाण्डा थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 26 वर्ष, सुल्तान पुत्र रियासत अली नि0 पतिया थाना मझगई जनपद खीरी हालपता बथुआ टाण्डा थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 28 वर्ष, सद्दाम हुसैन पुत्र लतीफ नि0 बथुआ टाण्डा थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 27 बर्ष, रिजवान उर्फ पिल्ला पुत्र शेर मोहम्मद नि0 बथुआ टाण्डा थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 23, सहबुब पुत्र अकबर नि0 बथुआ टाण्डा थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 35 बर्ष को दो अदद हार पीली धातु, दो अदद मांग टीका पीली धातु, तीन अदद अंगुठी पीली धातु,एक अदद कमर पेटी सफेद धातु,दो अदद पायल सफेद धातु व 6500 रुपये व घटना में प्रयुक्त दो अद्द ताला तोड़ने की बाडी व एक अदद कार जिसका रजि0 नं0 यू पी 15 ए के 2414 वैगनार व एक तमंचा 315 बोर व एक कारतुस जिन्दा 315 बोर एक अद्द तमंचा 12 बोर व एक कारतुस जिन्दा 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अभिषेक सिंह थाना पढुआ जिला खीरी, संदीप कुमार यादव, हे0का0 कौशलेन्द्र प्रताप, 0का0 योगेन्द्र कुमार, हे0का0 राशिद चौधरी, हे0का0 अनिल कुमार, का0 विक्रांत चौधरी, अंकित, प्रेमकिशोर, कृष्ण कुमार, अक्षय चन्द्रवंशी शामिल रहे।

## डीएम ने ली बैठक

लखीमपुर खीरी। सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई। समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर डीएम का जोर बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व जल संरक्षण योजनाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हों।

# आज रोपे जायेंगे 96 लाख 75 हजार 100 पौधे

- एक पेड़ मां के नाम थीम पर जनपद खीरी में होगा वृहद पौधरोपण अभियान
- नोडल अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक,परखी तैयारियां
- पौधारोपण अभियान में शामिल होंगे गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष

जिला संवाददाता (vol)

**लखीमपुर खीरी।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम' के थीम पर वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के तहत 09 जुलाई को जनपद खीरी में 96,75,100 पौधे रोपे जाएंगे। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जनपदीय नोडल अधिकारी एवं सचिव वित्त विभाग मिनिस्ती एस ने की। बैठक की अभियान की नोडल अधिकारी के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद नोडल ने उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और अभियान की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक की शुरूआत में डीएफओ संजय विश्वाल ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा जनपद को 96.75 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है, जो एक ही दिन यानी 09 जुलाई को रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गड्ढा खुदाई, नर्सरी की तैयारी, पौध आपूर्ति, प्रजाति चयन, कंट्रोल व वार रूम की स्थापना, मॉनिटरिंग सिस्टम समेत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नोडल ने विभागवार अफसरों से एक-एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानी। इसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी को प्रयास करना होगा। एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आयोजित महा अभियान से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। जनपदीय अधिकारी लीडरशिप लेकर सुबह से शाम तक अलर्ट रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कराएं। पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण आवश्यक है।

प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल का जियो टैग किया जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि जन अभियान -2025 के साक्षी बनें। बैठक के दौरान अधीनस्थो को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है और इसी के चलते सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जायें। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वृक्षारोपण की तैयारियों पर जनपद स्तर पर की तैयारियों एवं उसकी समीक्षा की विस्तृत जानकारी दी। जिले में पौधरोपण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का जिक्र भी किया। कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ (दक्षिणी) संजय विश्वल, डीएफओ (उत्तरी) सौरीश सहाय, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रूप से समाजसेवी विशाल सेठ, राम मोहन गुप्ता, मयूरी नागर, कुमकुम गुप्ता, रश्मि महेंद्रा, सपना कक्कड़, पूजा सिंह चौहान, सुमन श्रीवास्तव व मधुलिका त्रिपाठी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### 27 विभागों के स्तर पर लगेंगे 96.75 लाख पौधे : डीएफओ

डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि 09 जुलाई को रोपित किए जाने वाले पौधों का लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम्य विकास 41,88,000, वन 20,95,000, कृषि 13,32,000, पंचायतीराज 4,27,000 राजस्व 3,52,000, उद्यान 5,19,000, बेसिक शिक्षा 49,500, माध्यमिक शिक्षा 39,300, पर्यावरण 2,69000, नगर विकास 61,800, रेशम 33,000, रेलवे 29,000, उच्च शिक्षा 44,200, सहकारिता 23,200, स्वास्थ्य 24,000, जल शक्ति 29,800, लोक निर्माण 26,000, पशुपालन 17,800, उद्योग 20,100, औद्योगिक विकास 21,300, प्राविधिक शिक्षा 15,200, ऊर्जा 13,900, रक्षा 8,000, गृह 16,800, श्रम 5,400, परिवहन 4,000, आवास विकास 10,800 पौध रोपित किए जाएंगे।

### पौधारोपण अभियान में शामिल होंगे गो सेवा आयोग के अध्यक्ष

बुधवार को जिले में आयोजित पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में शासन से नामित गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता शामिल होंगे। जनपदीय नोडल अधिकारी सचिव वित्त विभाग मिनिस्ती एस सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, डीएम,एसपी, सीडीओ व जनसामान्य शामिल होकर न केवल पौधारोपण करेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## बरसात से सड़क कटकर तालाब में हुई तब्दील

पिपरिया धनी, खीरी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पोखनापुर गांव बरसात से सडक कट जाने से स्कूली बच्चों व

राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन-चार दिन पूर्व बरसात से गांव उत्तर साइड में बने तालाब के किनारे से निकला रास्ता कट गया था। कर तालाब में हुआ तब्दील आवागवन में राहगीरों व स्कूली बच्चों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने मामले की सूचना ग्राम विकास अधिकारी राहुल राज को दी लेकिन कई बीत जाने के बाद भी उन्होंने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया। रविवार को ग्राम पंचायत पोखनापुर के मजरा पुरवा निवासी सुनील कुमार मोटरसाइकिल से उसी रास्ते से गुजर रहें थे तभी उनकी बाइक तेज पानी के बहाऊ के कारण फिसल गईं और रास्ते में पानी से भरे खड्डें में बाइक सहित गिर गयी। ग्रामीणों ने सुनील कुमार को तालाब से बाहर निकालकर जान बचाई और जेसीबी के जरिए मोटरसाइकिल को सुरक्षित बाहर निकाला। यह रास्ता पिछले वर्ष भी बारिश होने के कारण कट कर तालाब में तब्दील हो गया था।

## होमगार्ड ने छात्रा से किया दुष्कर्म ,गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कॉलेज से घर लौट रही एक 16 वर्षीय किशोरी को होमगार्ड ने रास्ते में पकड़ लिया। छात्रा के साथ होमगार्ड ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी 112 पर तैनात होमगार्ड को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी 16 साल वषीर्या छात्रा पैरामेडिकल कोर्स की इंटर्नशिप कर रही है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि सोमवार को कॉलेज से वह घर वापस लौट रही थी। छात्रा का आरोप है कि छात्रा पैदल जा रही थी इसी दौरान नीमगांव थाने के गांव लखनियापुर निवासी होमगार्ड विजय शंकर पांडेय बाइक से आ गया। आरोपी होमगार्ड विजय शंकर लखीमपुर शहर की एक यूपी 112 पीआरवी पर तैनात है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया और एक सूनसान जगह पर ले गया। छात्रा के दुष्कर्म किया। घटना की अंजाम देने के बाद होमगार्ड मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन छात्रा को लेकर कोतवाली सदर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी होमगार्ड से पूछताछ कर रही है। पुलिस छात्रा का मेडिकल करवा रही है।

## नव-निर्वाचित अध्यक्ष दीपाली को पदभार सौंपा गया

लखीमपुर-खीरी। इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदिशा की इंस्टॉलेशन से रेमनी आशीर्वाद पैलेस में संपन्न। चार्टर प्रेसिडेंट कुमकुम गुप्ता, जोनल हेड सपना कक्कड़ एवं कोऑर्डिनेटर विभा सक्सेना के नेतृत्व में निवर्तमान अध्यक्ष गौरी गुप्ता ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष दीपाली गुप्ता को पदभार सौंपा। सचिव नीतू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कनक बरनवाल, सरिका गुप्ता एवं एडिटर लता अग्रवाल को भी पिन पहनाकर दायित्व सौंपा। ड्रेस कोड और सुरों से सजी संध्या ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. इरा श्रीवास्तव सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। अध्यक्ष दीपाली गुप्ता ने एक मुट्ठी अनाज प्रतिदिन, क्लब गुल्लक, बाढ़ पीड़ितों हेतु राहत सामग्री वितरण, 270 पौधों का रोपण तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी पात्र वितरण जैसे सेवा प्रकल्पों की घोषणा की।

## शतरंज प्रतियोगिता में जयपुरिया के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित डॉ. रवि श्रीवास्तव मेमोरियल रैपिड शतरंज टूनामेंट 2025 में सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, लखीमपुर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सूझबूझ का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा श्क्क्र अ के *वर्धन गुप्ता ने अंडर-12 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल विजयी ट्रॉफी और पदक जीता, बल्कि नगद पुरस्कार भी प्राप्त किया*। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। इसी श्रेणी में कक्षा श्क्क्र अ के ही देवांग टंडन ने सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और मानसिक एकाग्रता से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्य महोदया ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल बन रहे हैं झ्र चाहे वह शिक्षा हो, खेल या सांस्कृतिक मंच।

## प्रेमी युगल के बीच हुआ विवाद
### प्रेमी ने खाया जहर, प्रेमिका ने लगायी फांसी,मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में एक प्रेमी युगल में किसी बात को विवाद हो गया। नाराज प्रेमी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जिससे घबराई किशोरी प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जबकि युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

पुलिस चैकी मूड़ा सवारान की ग्राम पंचायत फजलनगर ग्रंट के मजरा कुंदनपुर निवासी रवि (18) पुत्र मुन्ना व गांव निवासी ओमप्रकाश की पुत्री मोहिनी उर्फ शालू (16) के बीच प्रेम प्रंसग चल रहा था। सोमवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद रवि ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन फानन में पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रवि को अचेत अवस्था में देख मोहिनी उर्फ शालू ने गांव से एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रहीम नगर ग्रंट में जाकर नीम के पेड़ में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर इलाज कराकर लौटे रवि ने मोहिनी के फांसी लगाने की बात सुनकर पुनः जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन उसे एंबुलेंस से बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ग्रामीणों का कहना है कि रवि और मोहिनी का प्रेम प्रसंग दो वर्षों से चल रहा था। दोनों एक ही बिरादरी के होने के कारण रवि के परिजन दोनों का विवाह करना चाहते थे परंतु मोहिनी के परिजन मान नही रहे थे। पुलिस ने किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या का किया प्रयास

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गांव नगला सोलंकी में रहने वाले बलराम सिंह की 32 वर्षीय पत्नी प्रीती ने मंगलवार सुबह गृहक्लेश से तंग आकर कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर लटक गई। बाहर बैठे घर के लोग जब अदंर आये तो महिला को फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए और दरवाजा खोलकर महिला को फंदे से नीचे उतारकर आनन फानन में बेहोशी की हालत में उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेगये वहां डॉक्टरों ने महिला को गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## बिजली कटौती से मचा हाहाकार गर्मी में बिलबिला उठे लोग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शहर और गांवों में की जा रही अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार मचा है। शेड्यूल के मुताबिक रात और दिन में बिजली न मिलने से लोगों में आक्रोश है। भीषण गर्मी में बेतहाशा बिजली कटौती से हाहाकार हुआ मचा है। आम जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। यहां तक कि लोगों को पीने का पानी तक समय से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सोमवार को दिन भर बिजली कटौती होती रही और रात को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र में कई फीडरों में रात 10 बजे फिर से कटौती हो गई। कुछ जगह रात तीन बजे बिजली आई तो कुछ फीडरों से सुबह 4 बजे के बाद आपूर्ति की गई। रात में बिजली कटौती होने से लोग गर्मी में परेशान रहे।

भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। आलम यह है कि अधिकारियों को पता भी नहीं होता कि रोस्टिंग कब तक होने वाली है। इन दिनों विद्युत वितरण उपखंड से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों पर 24 घंटे में मुश्किल से 10 घंटे विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। मंगलवार की सुबह शेड्यूल के अनुसार फिर से कटौती शुरू हो गई। शहर से लेकर गांवों तक हो रही अघोषित कटौती और फाल्ट, ट्रिपिंग से व्यापार और लोगों पर असर पड़ रहा है। जिम्मेदार ऊपर से कटौती होने की बात कहकर किनारा कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली देने और छह घंटे की कटौती के निर्देश हैं लेकिन इसके उलट गांवों में मुश्किल से पांच-छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जितनी देर बिजली मिलती है, उतनी देर अन्य तकनीकी दिक्कतों जैसे ट्रांसफार्मर फुंकने, तार टूटने, उपकेंद्र में खराबी आ जाने के कारण शटडाउन होना आम बात हो गई है। बिजली किल्लत से बिलबिला रहे लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है।

*शहर में केबिल खराब होने से फाल्ट आ गई थी उसे बदलवा दिया और स्टेशन रोड का खराब ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है। उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई मिलेगी। नीलाक्ष्य मनोष, एसडीओ विद्युत उपखण्ड गोला*

## गोकर्ण कॉरिडोर की धीमी गति देख विधायक ने जतायी नाराजगी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सावन माह की तैयारियों और गोकर्ण कॉरिडोर में दो महीनों से धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर विधायक अमन गिरि ने अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर बैठक की। बैठक में समय से कार्य पूरा न हो पाने पर नाराजगी व्यक्त की। सावन माह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विधायक अमन गिरि ने एडीएम महेंन्द्र बहादुर, एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी, सीओ गवेन्द्र गौतम, ईओ सुरेन्द्र कुमार के साथ पौराणिक शिव मंदिर परिसर का जायजा लिया। गोकर्ण कॉरिडोर में दो महीनों से धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर विधायक ने संबधित अकिारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुये समीक्षा अधिकारियों को बुलाकर ठेकेदारों व अन्य अधिकारियों की शिकायत प्रदेश स्तर पर की। विधायक ने कहा कि सावन मेला में आने वाले

श्रद्धालुओं व कावरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। सावन माह के मेले को सही ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, डॉ, बच्चू सिंह, सुधीश बाजपेई, दिलीप यादव, मोहित अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## नकली सोने के सिक्के दिखा ठगे दस लाख, फरार हुए आरोपी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) नकली सोने के सिक्कों के नाम पर दस लाख की ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हरदोई निवासी एक युवक से 10 लाख रुपये की भारी रकम ठग ली गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला हरदोई के थाना पिहानी क्षेत्र के कायमपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र रामनाथ ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि कुछ अज्ञात लोगों ने खुद को पुराने जमाने के असली सोने के सिक्कों का विक्रेता बताते हुए उसे झांसे में ले लिया। सुमित के अनुसार जुम्मन नामक व्यक्ति जिसका पूरा नाम ज्ञात नहीं हो सका है, ने मोबाइल से बार-बार फोन कर उसे असली सोने के सिक्के बेचने का लालच दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी जुम्मन ने सिक्कों के बदले 10 लाख रुपये की मांग की, जिस पर विश्वास कर सुमित नकदी लेकर मोहम्मदी पहुंचा। वहां से उसे ममरी बुलाया गया, फिर गोला बुलाया गया, और फिर लक्ष्मनजती क्षेत्र के पास एक सुनसान स्थान पर ले जाया गया, जहां पहले से मौजूद 5-6 अन्य सहयोगियों ने उसे घेर लिया। सुमित का कहना है कि इन लोगों ने उसका रुपयों से भरा झोला और नकली सोने के सिक्के दिखाकर उसे भ्रमित किया और फिर सभी मिलकर रुपए लेकर फरार हो गए। उसने हिम्मत दिखाते हुए बाइक से पीछा कर एक आरोपी को दबोच लिया, जिसके पास नकली सिक्के बरामद हुए। फिर 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए और पीड़ित की दस लाख रुपये की रकम लेकर भाग निकले। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों के पास हथियार थे और उन्होंने धमकी दी कि अगर इस घटना की सूचना पुलिस को दी तो उसकी जान से मार देंगे।

## ट्रक चालक का मोबाइल व 20 हजार चोरी

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में चोरों आतंक धमने का नाम नही ले रहा है दिन प्रतिदिन क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती ही जा रही है चोरों ने पुलिस की गश्त की पोल खोल डाली नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास एक पेट्रोल पंप के निकट ट्रक में सो रहे ड्राइवर का ऐंड्रॉयड मोबाइल 20 हजार रुपये चोरों ने पार कर लिए। जिला शिवपुरी थाना बैलाट गांव कैमाई निवासी ट्रक ड्राइवर अनिल कुमार पुत्र उम्मेद सिंह अपने दामाद धर्मेंद्र कुमार निवासी गांव डोंगरपुर थाना कोलास जिला शिवपुरी के साथ जिला मैनपुरी से ट्रक में मूंग फली लोड कर ग्वालियर के लिए जा रहे थे तभी देर रात होने के कारण मानिकपुर मोड़ के पास एक पेट्रोल पंप पर ट्रक में डीजल डलवाने के बाद उसके निकट रोड किनारे ट्रक को रोक लिया और खाना खाने के बाद ट्रक के अंदर सो गए। तभी रात्रि को चोरों ने ट्रक के अंदर घुस कर जैब में रखे 20 हजार रुपये और एक वीवो का मोबाइल चोरी कर लिया नीद खुलने के बाद जब दोनों लोग जागे तो मोबाइल और बीस हजार रुपये गायब देख उनके होश उड़ गए।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **01.08.2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | | 08102025 दिनांक 07.07.2025 | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1. | लखनऊ मण्डल में वरि0 मण्डल अभियंता–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में 37 संख्या मानवयुक्त समपार फाटकों पर प्रीफैब्रीकेटड शौचालयों का प्रावधान। | |
| | 2. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन पुरानी वाशिंग लाइन सं0 2 तथा 4 में क्षतिग्रस्त बेड ब्लाक्स के सुधार/उन्नयन का कार्य तथा वाराणसी यार्ड में समपार सं0 5 पर नयी वाशिंग लाइन में पाइप लाइन का प्रावधान। | |
| | 3. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में पुलों की वार्षिक मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। | |
| | 4. | वरि0 मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में स्टेशन व अन्य सर्विस भवनों पर सफेदी व रंगाई पुताई तथा वार्षिक मरम्मत का कार्य। | |
| | 5. | वरि0 मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी–बीरापट्टी तथा वाराणसी–लोहता खण्ड में समपारों की सड़क सतह, कालोनी की सड़क सतह की मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य तथा कालोनियों तथा अन्य भवनों की पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | | (1) रु.78,76,080.36 (2) रु.1,59,05,609.44 (3) रु.49,79,925.98 (4) रु.3,49,85,797.41 (5) रु.2,49,09,119.83 | |
| धरोहर राशि | | (1) रु.1,57,500.00 (2) रु.2,29,500.00 (3) रु.99,600.00 (4) रु.3,24,900.00 (5) रु.2,74,600.00 | |
| कार्य की समापन अवधि | | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| | | क्रम सं0 02 से 05 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | | क्रम सं0 01 से 05 के लिए | 18.07.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | क्रम सं0 01 से 05 के लिए | 01.08.2025 15:00 बजे |
| वेबसाईट | | www.ireps.gov.in | |

नोट :
1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose Dated : 07.04.2015

2050/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## तीसरे दिन गोमती से मिली युवक की लाश

**जौनपुर**। जफराबाद क्षेत्र के समीपुर कला गांव के पास गोमती नदी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी मच गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ज्ञात हो बक्सा क्षेत्र के अभयचन्दपट्टी गांव निवासी गोविंदा 22 वर्ष पुत्र विनोद कुमार तथा साहबलाल पुत्र भोलानाथ रविवार को शहर कोतवाली के सदभावना पुल के पास गोमती नदी में स्नान कर रहे थे।उसी समय वे दोनो नदी में डूब गए। गोविंदा का शव सोमवार को शहर के पास ही मिल गया था।साहबलाल को परिजन गोताखोरों के साथ लगातार खोज रहे थे।मंगलवार को साहबलाल का शव उक्त गांव के पास नदी में मिल गया।परिजन लाश मिलने के बाद पुलिस को सूचना दिया।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।शव मिलते ही परिजनों की उम्मीद टूट गयी।

## सर्प दंश से बालिका ने दम तोड़ा

**जौनपुर**। जिले के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के लेदुका बाजार में सांप के काटने से बालिका की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरज बनवासी की पुत्री 10 वर्षीया परी के रूप में हुई है। घटना बीती रात की है। परी घर में सो रही थी, तभी एक कोबरा ने उसे काट लिया। परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक कराने मिरसादपुर ले गए। वहां के झाड़-फूंक करने वालों ने बच्ची को देखते ही जौनपुर रेफर कर दिया। परिवार जब बच्ची को लेकर जौनपुर की तरफ जा रहा था, तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिवार में शोक की लहर है। परिवार ने सर्प मित्र को बुलाकर कोबरा को पकड़वाया।

## 35 किलो गौमांस के साथ तीन गिरफ्तार

**जौनपुर**। खेतासराय पुलिस द्वारा गोस्तकर .हलीम पुत्र अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर निवासी ग्राम रानीमऊ थाना खेतासराय जिसके विरुद्ध दर्जनो मुकदमा पंजीकृत है तथा उसके दो अन्य साथियों जावेद पुत्र हबीब निवासी मोहल्ला रसूलाबाद थाना कोतवाली जनपद जौनपुर व. उल्ला उर्फ वलीउल्ला पुत्र नज्जन निवासी वार्ड नं.-11 जोगियाना न.पं. खेतासराय थाना खेतासराय को गोरारी नहर पुलिया से पकड़ा। उसके कब्जे से 35 किग्रा गोमांस व एक मो0सा0 मोपेड के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों सम्बन्धित यायालय जौनपुर चालान के लिए भेजा गया।

## चौकी से कुछ दूरी पर हो रही अवैध वसूली

**मीरजापुर**। उत्तर प्रदेश में भले ही बैरियर लगाकर वाहनों से होने वाली वसूली को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन राज्य का मिर्जापुर जिला ऐसा एकलौता जिला है जहां पुलिस के नाक नीचे सड़क पर बैरियर लगाकर वसूली हो रही है वह भी इलाकाई पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों के सह पर जिस पर फिलहाल कोई रोक-टोक नहीं लग पाया है। मिजार्पुर जिले के देहात कोतवाली अंतर्गत खड़ंजा फाल जल प्रपात (पिकनिक स्पॉट) के रास्ते पर बैरियर लगाकर अवैध वसूली की जा रही। जब इस संदर्भ में वन विभाग के स्थानीय वन रेंजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि टेंडर का पैसा भी पूरा जमा नहीं किया गया है और बैरियर लगाकर करने लगे वसूली? बरकछा चौकी पुलिस से कुछ ही दूरी पर दबंग वाहन स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं।

# समाजवादी छात्र सभा ने स्कूलों को बंद करने का किया विरोध

## विलय की नीति का बच्चों पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है

जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र**। समाजवादी छात्र सभा के महासचिव एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु यादव के नेतृत्व में राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन अधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा गया। समाजवादी छात्र सभा के जिला महासचिव एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लगभग 5000 सरकारी प्राइमरी स्कूल बंद किया जा रहा है। जबकि उसमें पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक, आदिवासी, गरीब, किसान के बच्चों को उन स्कूलों में विलय करने की नीति पर काम कर रही है जिसका उन बच्चों पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो सकती है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सरकार के द्वारा नौकरी खत्म करना और बच्चों को शिक्षा से वंचित करना उनके मौलिक अधिकारों का हनन करना है जिसको हर हाल में रोका जाए। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी पढ़े सभी बढ़े के अनुसार सरकार काम करें। अन्यथा की स्थिति में समाजवादी छात्र सभा पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने के बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष शाहिद अफरीदी और धीरेंद्र यादव ने कहा कि जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से हर वर्ग के गरीबों के बच्चों के साथ अन्याय कर रही है जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बच्चों के हित के लिए जन आंदोलन करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव राहुल यादव एवं विवेक कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के गरीब बच्चों के साथ अन्याय कर रही है जिसे समाजवादी छात्र सभा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से योगेश वर्मा विमलेश कुमार सुनील कुमार सनी कुमार अमन विश्वकर्मा अंकित विश्वकर्मा आशु मद्धेशिया के साथ दर्जनों छात्र सभा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस में आजमगढ़ को मिला 11वां स्थान

**आजमगढ़**। जन सुनवाई आईजीआरएस की शिकायत निस्तारण में आजमगढ़ को 11वां स्थान प्राप्त हुआ। जनपद को कुल 140 के सापेक्ष 123 अंक प्राप्त हुए। डीएम रविन्द्र कुमार के निर्देशन में एक बार फिर जनपद ने शासन की प्राथमिकता वाली समन्वित जन शिकायत निवारण प्रणाली पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में जनपद को 11वां स्थान जून में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने पर प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस प्रणाली के अंतर्गत जन सुनवाई पोर्टल शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शुमार है। जनसामान्य द्वारा की जान वाली समस्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शुरू किये गये। इस कार्यक्रम में जनपद माह जून में प्रदेश के समस्त जिलो में 11वां स्थान पर रहा है।

डीएम ने शिकायतों के डिफाल्टर प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारियों के अफसरो को कड़े निर्देश के साथ वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी आदेश दिये। डीएम द्वारा प्रतिदिन जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। जनपद में प्रत्येक कार्य दिवस जनता दर्शन आयोजित किया जाता है। डीएम द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण में शत प्रतिशत शिकायत कर्ताओं से वार्ता किये जाने एवं फीडबैक लिये जाने के निर्देश समस्त कार्यालयाध्यक्ष को पूर्व में दिये गये है। जनपद की निजामाबाद एवं फूलपुर तहसील को जून में प्रदेश में प्रथम स्थान के साथ सगड़ी को 32वां, सदर-52वां, लालगंज-58वां, बूढ़नपुर -87वां, मेंहनगर-128वां व मार्टिनगंज को 227वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## खाद्य विभाग ने मिठाई की दुकानों पर की छापेमारी

**आजमगढ़**। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुबह अलग-अलग स्थानों पर मिठाई की दस दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दस दुकानों से पनीर और एक जगह से खोवा का नमूना लिया गया। संग्रहित नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर स्थित मिठाई की दस दुकानों पर छापेमारी की। नरौली, हरबंशपुर, सफुद्दीनपुर, सिधारी, रेलवे स्टेशन तिराहा, सरायमीर, रानी की सराय, बिलरियागंज, बिंद्रा बाजार से दस दुकानों से पनीर का नमूना लिया जबकि बेलइसा स्थित मिठाई की दुकान से पनीर और खोवा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ

**जौनपुर**। स्कूल चलो अभियान और पौधारोपण व स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने शाहगंज ब्लाक के पीएमश्री उ0प्रा0 विद्यालय चकराज सहावे में किया। सर्वप्रथम बीएसए ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गाँव में चैपाल भी लगाई गई। मौके पर गाँव मे ही बच्चों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फार्म भरकर नामांकन किया और बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया। नामांकित बच्चों को पुस्तक व कापी-पेन भी प्रदान किया गया। स्कूल परिसर व आस-पास साफ-सफाई की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों ने फरसे से घास छीलकर व झाड़ू लगाकर साफ- सफाई करते हुए अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

## टी डी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई से

**जौनपुर**। महाविद्यालय टी डी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई से प्रारंभ होगा। सभी छह संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, शिक्षा, एवं विधि संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर पर उच्च गुणवत्तायुक्त प्रयोगशाला, विभागीय पुस्तकालय, केंद्रीय पुस्तकालय, रोवर्स रेंजर्स, एन. सी.सी., एन. इन.एस. के साथ-साथ आउटडोर तथा इंडोर स्टेडियम के माध्यम से खेलों में भी उच्च स्तर की सुविधायें उपलब्ध होने के साथ साथ सम्पूर्ण परिसर वाई फाई से सुसज्जित है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समग्रता के साथ प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अवगत कराया कि प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई से 12 जुलाई तक सम्पन्न होगा। परीक्षा तिथि और समय सहित विस्तृत विवरण, प्रवेश पत्र महाविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। महाविद्यालय में प्रवेश प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर होगा जिसका सम्पूर्ण महाविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकेगा। समस्त विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

## लेखपाल के कार्य के विरोध में सात पर मुकदमा

**जौनपुर**। जलालपुर क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव में जमीन विवाद का निस्तारण करने गए राजस्व टीम के साथ कुछ लोगों ने दुर्व्यवहार करते हुए कार्य नही करने दिया। इस मामले में लेखपाल की तहरीर पर सात लोगों के विरुध्द मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव निवासी जिलाजीत पुत्र भजनी लाल का अपने पड़ोसी सुधीर कुमार से जमीनी विवाद चल रहा था। जिलाजीत ने एसडीएम सदर के यहां प्रार्थनापत्र देकर मामले का निस्तारण करवाने की मांग किया था। एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार तथा लेखपाल शिवराज मौके पर स्थलीय तथा अभिलेखीय जांच के लिए के लिये पहुंच गए। जब वे मौके पर पहुंचे तब दूसरे पक्ष के लोगों ने लेखपाल का फीता फेंक दिया। साथ ही काम नही करने दिया। राजस्व टीम से दुर्व्यवहार भी किया। लेखपाल शिवराज चैहान ने सुधीर व आनन्द पुत्र हंसराज, अनुराग, अमित पुत्रगण आनंद, रमेश पुत्र श्यामनारायण तथा रेहाना पत्नी आनंद, प्रज्ञा पत्नी सुधीर के विरुद्ध सरकारी काम मे बाधा का मुकदमा दर्ज कराया। लेखपाल शिवराज चैहान ने बताया कि राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार किया गया। कार्य करने से रोका गया।

## अंडरपास नहीं बनने के विरोध में प्रदर्शन

**जौनपुर**। जंघई जफराबाद रेलखंड पर जज सिंह अन्ना के नेतृत्व में जंघई जक्सन जरौना हाल्ट के बीच रामपुर चैथार गांव में रेल -अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण रेल पटरी किनारे खड़े होकर प्रदर्शन किया और अपनी मांग करते रहे। वक्ताओं ने कहा कि मछली शहर ब्लॉक के थाना मीरगंज अंतर्गत रामपुर चैथार में रेल अंडरपास नहीं बनेगा तो रेल आंदोलनकारी रेल रोको आंदोलन किया जायेगा। इस अंडरपास की मांग 25 वर्षों से की जा रही है लेकिन कोई रेल का अधिकारी अभी तक संज्ञान में नहीं लिया है। जंघई जंक्शन से 6 किलोमीटर दूरी पर गांव सभा रामपुर चैथार स्थित है और जरौना रेलवे स्टेशन से 3 किलोमीटर दूरी पर रामपुर चैथार स्थित है। इन रोड भटहर गांव सभा से कमासिन रोड पर अंडरपास की मांग की जा रही है किसान अपना ट्रैक्टर शादी विवाह और रोज का यातायात अन्डरपास नहीं होने के कारण यात्रा करने में असमर्थ है।

# एक और घोटाले की पटकथा लिखने को आतुर है हलिया विकास खंड

**हलिया, मीरजापुर**। तकरीबन डेढ़ दशक पूर्व जब उत्तर प्रदेश में मनरेगा घोटाला हुआ था तो उन घोटालेबाज जनपदों में मिजार्पुर का भी नाम शामिल रहा है। तब सुर्खियों में आएं मिजार्पुर का हलिया विकास खंड सीबीआई जांच की जद में आ गया था। तत्कालीन खंड विकास अधिकारी से लेकर कई ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक और अवर अभियंता सहित कई की गर्दन फंस गई थी बकायतें इनके खिलाफ मुकदमा भी कायम किया गया था। जो अभी भी चल रहा है। आश्चर्य की बात है कि इतने सब के बाद भी जिले के हलिया विकासखंड में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। हलिया विकासखंड के कई गांव में ग्राम पंचायत की कमान गैर व्यक्तियों के हाथों में है जिसका पूरा संचालन वह बेधड़क, बेखौफ होकर करते आ रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि ब्लॉक मुख्यालय पर होने वाली बैठकों से लेकर गांव की छोटी बड़ी सभी बैठकों, विभिन्न कार्यक्रमों में भी बड़े दमदारी के साथ वह खुलेआम अपने को ग्राम प्रधान भी कहते सुने और देखे जा रहे हैं। ताजा मामला मिजार्पुर के हलिया विकासखंड के मनिगढ़ा गांव का बताया जा रहा है, जहां की ग्राम प्रधान महिला पिछड़ी जाति की हैं, लेकिन ग्राम प्रधान बने ऊंची जाति के तिवारी जी मौज कांट रहें हैं। ग्रामीणों का आरोप है विकास कार्यों में जमकर लूट मचाई गई है। धरातल पर कार्य न कराकर कागजों में लाखों का वारा-न्यारा किया गया है। हद की बात तो यह है कि मंदिर और मस्जिद से लेकर कुएं के नाम पर भी पैसा हजम कर लिया गया है। घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि इस भ्रष्टाचार से पूरी तरह से अंजान बनी हुई ग्राम प्रधान अपने घर गृहस्थी में ही उलझी हुई नजर आती हैं। मनरेगा घोटाले को लेकर सुर्खियों में आएं हलिया विकासखंड क्षेत्र में यदि गहराई से विकास कार्यों की जांच पड़ताल हुईं तो पूर्व के मनरेगा घोटाले से भी बड़ा घोटाला सामने आयेगा। बताते चलें कि हलिया विकासखंड क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में भले ही ग्राम प्रधान पिछड़ी जाति की महिला हैं, लेकिन सारा कमान गैर व्यक्ति पुरुष के हाथों में है जो विकास कार्यों से लेकर ग्राम प्रधान के समस्त कार्यों को अपने हाथों में लेकर कुंडली मारे मलाई काट रहे हैं। जिनके खिलाफ ग्रामीण जहां धीरे धीरे मुखर होने लगें हैं, बल्कि उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# स्वच्छ व स्वस्थ्य पर्यावरण सृजित करने को पौधरोपण महाअभियान में सभी करें प्रतिभाग : डॉ जयपाल सिंह

**मीरजापुर**। उप्रविधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति डॉ जयपाल सिंह व सदस्यगण ने जनपद भ्रमण के दौरान सिटी विकास खण्ड के तहत ग्राम पंचायत बजीर्मुकुन्दपुर पहुंचकर खजुरी नदी के तट पर वृहद पौधरोपण अभियान-2025 के अन्तर्गत पौधरोपण किया। इस अवसर पर डीएम प्रियंका निरंजन ने सभापति डॉ जयपाल सिंह व सदस्यगण को खजुरी नदी के जीर्णोद्धार व कायाकल्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पौधरोपण अभियान के तहत समिति के सदस्य रमा निरंजन, सदस्य रामतीर्थ सिंघल व विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या ने पौधरोपण किया गया। सभापति ने पौधरोपण महाअभियान-2025 में सभी की सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण सृजित करने हेतु सभी नागरिकगण प्रतिभाग कर अधिक से अधिक से पौध रोपित करे। उन्होंने कहा कि इस अभियान 26 राजकीय विभागों को भी जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। सभी लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधरोपण लक्ष्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा सभी जनपद के नागरिक एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधरोपण हेतु पौध भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी विशाल कुमार, बीडीओ सिटी उपस्थित रहे।

## सीएम के आगमन पर नो फ्लाइंग जोन घोषित

**आजमगढ़**। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि सीएम योगी का 9 जुलाई को ग्राम केरमा थाना मुबारकपुर जिला आजमगढ़ में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 पूर्व से ही प्रवृत्त है। सीएम का जनपद आजमगढ़ में भ्रमण के दौरान 9 जुलाई 2025 को कार्यक्रम स्थल ग्राम केरमा थाना मुबारकपुर आजमगढ़ को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया हैतथा कार्यक्रम स्थल से 5 किमी को परिधि में सभी प्रकार के ड्रोन उड़ान/संचालन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# अधिकारियों का जनप्रतिनिधियों से पारस्परिक सवांद बने रहने से समस्याओं का होगा समाधान : डॉ जयपाल सिंह

**मीरजापुर**। उप्र विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक समिति के सभापति डॉ जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आहूत की गई। बैठक में समिति के सदस्य श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य रामतीर्थ सिंघल, विधायक मझवां, विधायक छानबे के अलावा डीएम प्रियंका निरंजन, डीएम सोनभद्र बीएन सिंह, डीएम भदोही शैलेश कुमार, एसपी मीरजापुर सोमेन बर्मा, एसपी सोनभद्र अशोक मीणा, एसपी भदोही, सीएमओ विशाल कुमार, सीएमओ भदोही एवं समिति के साथ निजी सचिव सर्वेश कुमार, अनुभाग अधिकारी संजय कुमार, निजी सचिव जितेन्द्र कुमार शर्मा एवं रिपोर्टर अर्चित वाजपेयी, नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय व जनपद मीरजापुर, भदोही एवं सोनभद्र के सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में समिति के सभापति एवं सदस्यगण के द्वारा तीनो जनपदों के अधिकारियों से 17 बिन्दुओं पर कराएं गए कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में सभापति डॉ जयपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मण्डल में कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने एवं जिला, तहसील मुख्यालयों पर आने वाले फरियादियों की जन समस्याओं से जुड़े मामलों पर गम्भीरता पूर्वक प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने जनपद में आने वाले व जनपद के जनप्रतिनिधिगण के साथ निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करने तथा जन प्रतिनिधिगण के फोन नं., नाम अपने मोबाइल फीड कर ले व जनप्रतिनिधि के द्वारा किए गए फोन को रिसीव करते हुए उनकी बातों को व समाधान कराएं। समिति के सभापति व सदस्यगण के द्वारा सिंचाई विभाग के सिल्ट सफाई व उसके सत्यापन कराए जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई के दौरान उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को भी जानकारी देते हुए उन्हे सत्यापन हेतु आमंत्रित कर मौके का निरीक्षण कराया जाए। किसानों की सिंचाई से सम्बन्धित समस्याओ के निदान हेतु सिंचाई बंधु की बैठक निर्धारित समय सीमा पर सम्पन्न कराई जाए। बैठक में तीनो जनपदो के सम्बन्धित अधिकारियों से राजकीय नलकूपों की स्थिति, कुल नलकूप के सापेक्ष संचालित व खराब नलकूपों के बारे में जानकारी ली गई तथा निर्देशित किया कि जो भी नलकूप खराब हो उन्हें अविलम्ब मरम्मत करा लिया जाए। लोनिवि द्वारा जनपदों में कराए जाने वाले गड्ढामुक्त सड़को के सम्बन्ध में अब तक कितने सड़कों पर कार्य कराया गया, कितने अवशेष रह गए जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मार्गो की मरम्मत एक माह में पूर्ण कराते हुए सड़कों को गड्ढामुक्त बनाएं। बैठक में अधिकारियों से यह भी कहा गया कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर शिकायत प्रकोष्ठ का गठन करे तथा उसकी मानिटरिंग स्वंय प्रतिदिन की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रत्येक कार्ड धारकों को समय से राशन सामाग्री वितरण कराना तथा शिकायत की स्थिति में दोषी लाइसेंस धारकों के विरूद्ध जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। महिला कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान महिला सुधार गृह बाल संरक्षण गृह की स्थिति एवं उसमें रहने वाले बच्चों व महिलाओं की संख्या, देय सुविधाएं आदि की समीक्षा की गई। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र विकास निधि से संबन्धित जो पत्र प्राप्त हुए है उन पर क्या कार्यवाही की। बैठक में विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मरो की स्थिति व उन्हें समय से बदलने, जर्जर तारों को बदलने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई।

## एशिया ताईक्वांडो में रवि सिंह ने जीता गोल्ड मेडल

**सोनभद्र,रेणुकूट**। जिला के रेणुकूट निवासी रवि सिंह पुत्र महामाया प्रसाद हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कार्यरत है, रवि नेपाल के पोखरा में स्थित पोखरा स्टेडियम के मल्टीपर्पज केवर्ड हाल में आयोजित 27 से 29 जून, 2025 तक होने वाली 8वीं एशिया-कप ओपन इंटरनेशनल ताईक्वानडो चैंपियनशिप,2025 में प्रतिभाग किया और विभिन्न स्तरों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारत देश के लिए पुरुष वर्ग पूमसे अंडर 30 एयर में फाइनल तक पहुंचे हुए नेपाल देश के खिलाडि ?ों को हरा कर पदक तालिका में भारत देश का परचम लहरते हुए स्वर्ण पदक पर नाम अंकित करने में सफल रहा। इस उपलब्धि का श्रेय रवि सिंह ने अपने माता-पिता और गुरुजनों को इस सफलता पर आशुतोष परिदा, मनीष सिन्हा, कैलाश प्रधान, रवि शंकर तिवारी, कमल किशोर, जीसी लोहानी, व उनके परिजन इष्ट-मित्र वहिण्डालको परिवार में खुशी का माहौल है।

## दर्शन करने आये युवक की डूबने से मौत

**जौनपुर**। शीतला चैकियां धाम स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ धाम में दर्शन के लिए गया था। इसी दौरान वह तालाब में नहाने गया, जहां गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शीतला चैकियां धाम स्थित तालाब में दोस्तों के साथ दर्शन करने आए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवक के डूबने से मौके पर हड़कंप मच गया। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव का 21 वर्षीय शिवम मौर्य पुत्र विजय मौर्य अपने दोस्त राजन मौर्य और राम सागर के साथ मंगलवार को सुबह शीतला चैकियां धाम में दर्शन के लिए आया। दर्शन से पूर्व तीनों दोस्त चैकियां स्थित तालाब के सीढ़ियों पर बैठ कर बातचीत कर रहे थे। तभी सुबह सवा छह बजे के करीब शिवम ने तालाब में नहाने की इच्छा जाहिर की। शिवम तालाब में नहाने के लिए छलांग लगा दिया और वह तालाब में लगे सुरक्षा रेलिंग को पार कर गहरे पानी में चला गया। जबतक लोग कुछ समझ पाते तब तक शिवम मौर्य की तालाब में डूबने से मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर चैकियां चैकी इंचार्ज इश चंद यादव और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड टीम ने रस्सी कटिया लगाकर शव को बाहर निकाला। पुलिस की सूचना पर भागते हुए परिजन और गांव के लोग भी पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिवम दो भाइयों में छोटा था। शिवम गांव के ही एक राजगीर मिस्त्री के साथ लेबर का काम करता था। उसकी मां प्रमिला का रो- रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि शिवम अपने दो दोस्तों के साथ दर्शन के लिए आया था। तालाब में डूबने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करायें पौधरोपण : मंडलायुक्त

**सोनभद्र**। नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त, मण्डल मीरजापुर/पौधरोपण बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में पौधरोपण अभियान की तैयारियों की जिला पौधरोपण समिति की बैठक की, बैठक में मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 54 लाख 18 हजार 618 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लक्ष्य के अनुरूप सभी 26 राजकीय विभाग पौधों के उठान का कार्य आज रात तक अनिवार्य रूप से कर लें, इस अभियान में मा0 जनप्रतिनिधिगण एवं जनपदवासियों की भी सहभागिता सुनिश्चित करायी जाये, उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण महाभियान को जन आन्दोलन का रूप देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया जाये, जिससे कि जनपद में वृक्षारोपण अभियान को महाभियान रूप दिया जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक संख्या में जनपदवासियों अपनी भागीदारी निभाते हुए पौधरोपण करें, जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है, इस दौरान डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि है वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधिगण की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्राम वन, बाल वन, शक्ति वन, युवा वन, मित्र वन, आक्सी वन, एकलव्य वन, गोपाल वन तैयार करने हेतु निर्धारित स्थलों पर पौध रोपण कराया जाये, इस दौरान आम, नीम, अर्जून, बेल, ऑवला, अशोक, बबुल, कैथा, ईमली, पिपर, बरगद, करौंदा, नीबू, कटहल, चिरौंजी, अनार, अमरूद, सहिजन आदि पौधों का रोपण किया जाये।

# मेगा पेप टॉक ने एनटीपीसी में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़

**सोनभद्र**। सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने 7 जुलाई, 2025 को एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक भव्य मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल, कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी। इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज (विन्ध्या चिकित्सालय) उपस्थित रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्क, अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सत्र की शुरूआत में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं राजशेखर पाला (प्रचालन) द्वारा हिंदी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिससे प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और उच्च सुरक्षा मानकों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई गई। मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर) ने एमजीआर संचालन की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कोयला परिवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तय प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) ने कोयला हैंडलिंग सिस्टम से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे सीख लेकर खतरों को कम करने की प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता रही। मेडिकल टीम द्वारा मौसमी और व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आयोजित एक जानकारीपूर्ण सत्र, जिसमें कर्मचारियों को अपनी शारीरिक सेहत की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सुरक्षा संदेश को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सालय स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने कर्मचारियों पर सुरक्षा के महत्व की गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम के अंत में 40 सुरक्षा-जागरूक कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे यह संदेश और भी स्पष्ट हुआ कि ह्यसुरक्षा की शुरूआत हर व्यक्ति से होती है और यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले पूर्व दुद्धी भाजपा प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड, सौंपा पत्रक

**सोनभद्र**। दुद्धी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड़ ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और आवश्यक विकास कार्यों से संबंधित एक पत्रक दिया। विशेष रूप से दुद्धी नगर पंचायत की प्रमुख सड़कों की मरम्मत तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख सड़को की मरम्मत की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। श्रवण गोंड़ ने कहा कि दुद्धी नगर पंचायत की कुछ सड़कों का निर्माण आवश्यक है। इस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत व निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा। साथ जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की, पूर्व प्रत्याशी ने विसक्षेत्र की प्रमुख समस्याओं व जन अपेक्षाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क बिजली व पानी जैसे विषयों पर चल रहे कार्यों पर भी श्रवण गोंड़ ने सीएम से चर्चा की। कनहर बांध परियोजना के लिये पैकेज देने पर आभार प्रकट किया तथा आगामी त्रिस्तरीय चुनाव में जनजातीय समाज के लिये आरक्षण की मांग की दुद्धी विधानसभा के विकास हेतु विभिन्न प्रस्ताव दिए।

संक्षेप

### हुसैन ने इस्लामी शिक्षाओं को बचाने हेतु अपना पूरा परिवार कुर्बान कर दिया थाः प्रो. मिर्जा

**अयोध्या।** हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत के उच्च आदर्शों एवं इस्लामी शिक्षाओं को बचाने के लिए अपना पूरा घर करबला के मैदान में कुर्बान कर दिया। यह बात इमामबाड़ा जवाहर अली खान में आयोजित मजलिस ए शामे गरीबों को संबोधित करते हुए प्रो. मिर्जा शहाब शाह ने कहीं। स्वर्गीय मिर्जा रजा परवेज के परिवार एवं बज्म ए अब्बासिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली यह मजलिस ए शामे गरीबा सन 1936 से इमामबाड़ा जवाहर अली खा में आयोजित हो रही है।

जाकिर ए शामे गरीबा प्रोफेसर शाह ने मजलिस मे करबला की दर्दनाक दास्तान सुनाते हुए कहा कि यजीदी हुकूमत ने जुल्म की इंतहा करते हुए शहादते इमाम हुसैन के बाद उनके खेमो में आग लगा दी। घर का सामान लूटा एव उनके परिवार की औरतों, बच्चों एवं उनके बेटे इमामे सैयद ए सज्जाद को बंदी बना लिया था।उसी गम की याद मे यह मजलिस ए शामे गरीबा आयोजित होती है।

# पौधरोपण कार्य में दिखावा न होः मंडलायुक्त

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** वृक्षारोपण महा अभियान 2025 की सफलता के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों के साथ आयुक्त गोरखपुर मण्डल गोरखपुर अनिल कुमार ढींगरा ने तहसील हाटा सभागार में अभियान की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिये।

ग्राम विकास विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, पशुपालन, रेशम विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग आदि के उपस्थित अधिकारियों से पौधों के आवंटन, पौध रोपण की चिन्हित जमीन एवं वितरण की तात्कालिक स्थिति के बारे में जानकारी ली।

समीक्षा दौरान ढाढ़ा क्षेत्र के रेंजर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 3972500 पौध रोपण का लक्ष्य प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन, एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें 1049600 लाख वन विभाग एवं 2922900 लाख पौध रोपण का लक्ष्य अन्य विभागों को दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी को पौधों को उपलब्ध करा दिया गया है और 9जुलाई को पौधों का रोपण किया जाएगा। आयुक्त श्री ढींगरा ने कहा कि

- पौधरोपण महा अभियान की तैयारियों की आयुक्त ने की समीक्षा

पौधों का रोपण ऐसे जमीन पर करें जहां उनकी सुरक्षा हो। वृक्षारोपण कार्य में शिथिलता न करें। वृक्षारोपण वास्तविक होना चाहिए दिखावा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के स्थान पर माननीय जनप्रतिनिधि गण को अवश्य आमंत्रित करें। नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधि एवं सदस्य गण को अवश्य आमंत्रित करें जिससे आयोजन की गरिमा भी महिमा मंडित हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में जाकर व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण करें।

इस दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तॅवर ने जनपद की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा आश्वस्त किया कि वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हर हाल में कर ली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, तहसीलदार जया सिंह, प्रभारी वनाधिकारी कुशीनगर वरुण सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, एडिशनल सी एम ओ अवधेश कुशवाहा, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, बीडीओ हाटा हरीश चंद्र सिंह, सुकरौली उषा पाल, मोतीचक सहित समस्त विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां कृषि विभाग हाटा द्वारा उपलब्ध कराए गये दलहन तिलहन एवं मोटे अनाज का किट आयुक्त द्वारा किसानों को प्रदान किया गया।

### बीएसए कार्यालय पर धरने में उमड़ा शिक्षकों का हुजूम

**अयोध्या।** मंगलवार को बेसिक शिक्षक अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित धरने में .शिक्षकों का भारी हुजूम उमड़ा, बड़ी संख्या में महिला शिक्षक भी शामिल हुईं। वक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सरकार को जमकर कोसा।

उमस भरी गर्मी में सभा के बीच नारे लगाते हुए शिक्षकों में आक्रोश दिखाई पड़ा। माध्यमिक शिक्षक संघ और रसोईया संघ भी शामिल हुआ। धरने के बाद शिक्षकों में जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सीओ सिटी राजेश कुमार मिश्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन भेजा गया।

तयशुदा समय दोपहर 2:30 बजे से ही विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय परिसर पर धरना देने के लिए एकत्र हुए, जो बाद में सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी तथा संचालन ने किया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर दानपत्र करवाने के आरोप पीडित ने दिया आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध तहरीर

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली दीक्षित निवासी विश्वनाथ यादव पुत्र नौबत यादव ने अपने गाँव के तीन व दो गवाह पर तीर्थ कराने के नाम पर घर से ले गये ।नशीला पदार्थ खिलाकर आधे रास्ते से वापस आकर मेरे नाम की भूमिका का दान पत्र का बैनामा सलेमपुर उप निबन्धक कार्यालय मे करा लिया । जिसकी जानकारी मुझे नही है ।आरोपी तीनो लोग आधे रास्ते से रोकर वापस आकर उपनिबन्धक कार्यालय सलेमपुर मे दानपत्र लिखवा लिया ।पाँच दिन तक मुझे अपने कब्जे मे रखा ।जब मेरी हालत बिगडने लगी तो वे लोग किसी ट्रेन मे बैठा दिये ।फर्जी दान पत्र मे आरोपी के तीनो पुत्र और तीन भिन्न गाँवों के गवाह बने लोगो के विरुद्ध भी आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की माँग किया है।

### स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन नामांकन के लिए निकाली गयी रैली

**देवरिया।** सदर विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बगहा मठिया पर आज स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में रैली निकाली गई ।विद्यालय के समस्त अध्यापक / अनुदेशक तथा सक्रिय एस एम सी सदस्यों द्वारा समस्त घरों में संपर्क स्थापित कर सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया ।स्कूल चलो अभियान के द्वारा विद्यालय में नामांकन में वृद्धि तथा नामांकित छात्र छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से संपर्क स्थापित किया गया ।विद्यालय में बच्चों के नियमित उपस्थिति का छात्र छात्राओं के सीखने के स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रभाव होता है ।इस संबंध में अभिभावकों से बात कर उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी , सहायक अध्यापक अनिल कुमार राय, संध्या यादव, स्वाति सिंह , राहुल सिंह, शाहजहाँ बेगम , रजनीकांत त्रिपाठी ,अनुदेशक सुमन चौहान, डी0 एल0 एड0 प्रशिक्षु वर्तिका सिंह, शैलेष प्रसाद, अदिति गुप्ता, बिटू गोंड सहित शदरून निशा, मीना , बादामी , प्रभावती आदि अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहें ।

### बिना मान्यता विद्यालय संचालन पर होगी बड़ी कार्यवाहीः बीईओ

**बरहज,देवरिया।** विकास खण्ड भलुअनी अंतर्गत गैर मान्यता विद्यालयों पर लगातार कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी सूरज कुमार द्वारा ऐसे चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण कर तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। विद्यालय जिनके पास अस्थाई मान्यता है किंतु अभी तक स्थायी मान्यता नहीं है ऐसे सभी निजी विद्यालयों को स्थायी मान्यता मिलने तक बंद करने के कड़े निर्देश दिए है। बावजूद इसके कतिपय विद्यालयों में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा हिंदी माध्यम की मान्यता के बावजूद कई निजी विद्यालयों द्वारा अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई व पुस्तकें प्रयोग में लाई जा रही हैं। अभिभावकों से अधिक रूप से धन उगाही की जा रही है। ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध भी विभागीय और विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बीईओ ने बताया कि जिस नाम से विद्यालयों की मान्यता है उनके मुख्य द्वार पर वही नाम अंकित किया जाए यदि निरीक्षण के दौरान भिन्न नाम परिलक्षित होते हैं ऐसे संस्थाओं के संस्था प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर गणेर, श्री कृष्ण प्राथमिक पाठशाला कुंइया, चाणक्य एकेडमी खुखुन्दू, केएल एस एकेडमी पकड़ी बाजार, एडी पब्लिक स्कूल दुबौली बरडीहा अली को बंद कराते हुए भविष्य में संचालन न किए जाने के संबंध में नोटिस निर्गत की गई।

### तय समय में नवीन नामांकन पूर्ण करें विद्यालय अन्यथा होगी दंडात्मक कार्यवाही बीईओ

**बरहज,(देवरिया)।** स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के दो माह व्यतीत होने के बावजूद भी कतिपय परिषदीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत भी नामांकन पूर्ण नहीं किया गया है। सात जुलाई को पुनः विद्यालयवार नवीन नामांकन की समीक्षा के उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी सूरज कुमार सिंह ने बताया कि अभी भी 60 विद्यालय पांच प्रतिशत से 50 प्रतिशत के मध्य ही नामांकन कर पाए हैं। 73 विद्यालय 50 प्रतिशत से 95 प्रतिशत तक नवीन नामांकन किए हैं। 12 विद्यालयों ने अपने निर्धारित लक्ष्य से डेढ़ से दो गुना अधिक नवीन नामांकन किया है। ऐसे विद्यालयों को विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया जा चुका है। सबसे खराब प्रगति वाले 60 विद्यालयों के समस्त स्टाफ को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए तत्काल स्पष्टीकरण की उपलब्धता व अविलंब लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी के स्तर से दिया गया है। स्पष्टीकरण की उपलब्धता तथ्यात्मक नहीं होती है और द्वितीय चरण में भी नवीन नामांकन का लक्ष्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनके पूरे स्टाफ के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु सक्षम अधिकारी को अवगत करा दिया जाएगा। बीईओ ने बताया कि विकास खण्ड नवीन नामांकन में 70 प्रतिशत के साथ जनपद में तीसरे स्थान पर है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद में प्रथम व लक्ष्य से अधिक नवीन नामांकन हो।

## कार सवार दबंगों की हैवानियतः बहन की आंख में डाला फेवीक्विक, भाई को बेल्ट से पीटा

**सिधौली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात नेशनल हाईवे-30 पर स्थित मनवा चैकी के पास एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। महज गाड़ी साइड करने के कहने पर कार सवार दबंगों ने पहले डीसीएम चालक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसकी बहन की आंख में फेवीक्विक डाल दिया। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज सिधौली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त

- डीसीएम साइड मांगना पड़ा महंगा, युवती अस्पताल में भर्ती

जानकारी के अनुसार, अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर मजरा उमरा निवासी सोनू पुत्र सोबरन लाल अपनी डीसीएम यूपी 34 सीटी 3494 से परिवार सहित सोमवार रात गांव लौट रहे थे।

जब वह मनवा चैकी के पास मुजफ्फरपुर रेलवे क्रॉसिंग पहुंचे, तो देखा कि एक कार यूपी 32 एनएन 6883 सड़क के बीचों-बीच खड़ी है और रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध है। सोनू ने कार में बैठे लोगों से गाड़ी साइड करने का आग्रह किया, लेकिन वे उल्टे भड़क उठे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार से उतरे एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए सोनू पर बेल्ट से हमला बोल दिया। शोर सुनकर सोनू के परिजन बीच-बचाव करने पहुंचे तो मारपीट और बढ़ गई। इसी दौरान एक व्यक्ति जिसने अपना नाम देवा मिश्रा बताया ने सोनू की 24 वर्षीय बहन मोनी का हाथ पकड़कर खींचा और उसकी आंखों में फेवीक्विक डाल दिया। अचानक हुए इस हमले से युवती की आंखों में तेज जलन होने लगी और वह चीख पड़ी। परिजन मोनी को तत्काल उपचार के लिए हिंद अस्पताल सिधौली लेकर पहुंचे। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, युवती की आंख में तेज रसायन पहुंचने के कारण दृष्टि पर असर पड़ सकता है। उधर घटना की सूचना पर सिधौली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश जारी है। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अग्रिम जांच जारी है।

## आज जिले में होगा 33 लाख 45 हजार 400 पौधों का महारोपण

*देवरिया, 08 जुलाई ।* प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के तहत देवरिया जनपद में 09 जुलाई को एक ही दिन में 33 लाख 45 हजार 400 पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अभियान को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास

- सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न
- सभी विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य,

विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के सचिव श्री अजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पांडेय सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सचिव श्री शुक्ला ने वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम के विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद को प्राप्त लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता न होकर पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक जनआंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने पौधों की गुणवत्ता, चयनित स्थल की उपयुक्तता, पौधों की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल, काटेदार तार, सिंचाई, देखरेख व जियो टैगिंग जैसी व्यवस्थाओं को सख्ती से लागू करने पर बल दिया।

सचिव ने कहा कि जनसहभागिता के बिना कोई भी अभियान स्थायी परिणाम नहीं दे सकता, अतः स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शिक्षा विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने ट्रांसपोर्ट विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं (एन जिओ), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आदि के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग के लाभार्थियों को पौधारोपण हेतु निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएं, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके और पर्यावरण संरक्षण को एक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

जनपद देवरिया को कुल 33 लाख 45 हजार 400 पौधों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें वन विभाग द्वारा 8 लाख 25 हजार 400 पौधों का रोपण किया जाना है। सचिव ने निर्देश दिया कि सभी विभाग स्थल चयन कर अपने लक्ष्य के सापेक्ष रोपण कार्य करें तथा उसकी सुरक्षा, संरक्षण और जीवंतता के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित कर लें।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद में वृक्षारोपण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इस योजना में प्राथमिकता वाले स्थलों की पहचान कर ली गई है तथा सभी विभागों को लक्ष्य आबंटित कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए और सभी रोपित पौधों का नियमित अनुश्रवण भी किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पांडेय ने कहा कि सभी विभाग एक-दूसरे के साथ समन्वय बनाकर रोपण करें ताकि यह महाअभियान केवल आंकड़ों तक सीमित न रह जाए बल्कि एक स्थायी हरित विरासत का निर्माण हो।

बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों ने पौधरोपण को सफल बनाने हेतु अपने-अपने विभाग की तैयारियों की जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# एसएसबी के जवान को पीटकर लूटी बाइक, अपराधी फरार

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)** ।स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहार सीमा पर सोमवार की रात्रि राजा देवी पीजी कालेज सल्लहपुर के पास रात को कार मालिक के रिश्तेदारों को देवरिया से छोडकर जब वापस कालेज के पास पहुंचा तो चार युवक अपने को पुलिस बताकर कार रोक दिया और शीशा मारकर तोडने लगे ।घटना की सूचना कार मालिक को चालक ने दिया ।

जब अपने बाईक से एस एस बी का जवान मौके पर पहुंचा तो उसे चारो मिलकर मारपीट कर लहुलूहान हालत मे छोडकर बाईक लेकर बिहार के तरफ भाग निकले ।थाने मे दिये गये तहरीर मे सुशील राय पुत्र बागेश्वर राय ने लिखा है कि बलरामपुर मे तैनात हुँ मेरी पुत्री का जन्मदिन 7जुलाई को था ।अवकाश लेकर सोमवार को घर आ गया ।सायंकाल जन्मदिन मनाने के बाद अपने कार चालक प्रिंश प्रजापति पुत्र गणेश प्रसाद को अपने रिश्तेदार

- पुलिस बताकर कार रोका शीशा फोडा फिर बाइक छीना
- इस घटना से सीमावर्ती गांवों में सनसनी सी फैल गयी है

को देवरिया छोडने के लिए भेजा। वापस आते समय रात्रि 11बजे जब वह राजा देवी महिला पी जी कालेज के पास पहुंचा ।उसी समय चार युवक वहां सड़क पर दिखाई दिये ।अपने को पुलिस बताते हुए कार रुकवा दिये और कार का शीशा तोडने लगे ।चालक ने घटना की सूचना सुशील राय को दिया ।मौके पर आते ही चारो उन्हे ही मारने लगे ।लहुलूहान हालत मे छोडकर प्लेटिना बाईक लेकर बिहार के तरफ भाग निकले ।

रात को ही ड्रायल 112 पुलिस को सूचना दी ।पुलिस मौके पर आकर छानबीन करने लगी ।उधर थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह सूचना मिलते ही अपने हमराहियों के साथ अपराधियों को पकडने के लिए निकल गये ।सुशील राय ने चार अपराधियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया है ।

इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह ने बताया की मुकदमा लिखने की कार्यवाही की जा रही है ।वही पुलिस रात मे आधे दर्जन से अधिक अपराधियों से पुछताछ कर चुकी है ।

थाना प्रभारी ने कहा पुलिस अपराधियों के करीब पहुंच चुकी है और इस घटना का पटाक्षेप शीघ्र हो जायेगा ।

रात से ही सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की तत्परता की चर्चा क्षेत्र में जारी है ।पुलिस के सीमावर्ती क्षेत्र मे चौखसी से अपराधियों का मनोबल टुटेगा ।

विदित हो कि अभी कुछ दिनों पूर्व पुलिस ने गौ तस्करों को इसी क्षेत्र में पिकप सहित पकड़ा था ।लूट की इस घटना से सीमावर्ती गांवों में सनसनी सी फैल गयी है ।

## पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण व सफाई जरूरीः डॉ. नमिता जोशी

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु लोक स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में मरूई गणेशपुर जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ नमिता जोशी द्वारा पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले प्रमुख रोग एवं उनके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ नमिता जोशी ने बताया कि पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों को जूनोटिक रोग कहा जाता है। ये रोग पशुओं से मनुष्यों में विभिन्न तरीकों से फैल सकते हैं, जैसे कि सीधे संपर्क, दूषित भोजन या पानी, या वायु के माध्यम से। डॉ नमिता ने बताया कि रेबीज एक वायरल रोग है जो पागल कुत्तों, बिल्लियों, और अन्य पशुओं के काटने से फैलता है। ब्रुसेलोसिस एक बैक्टीरियल रोग है जो पशुओं से मनुष्यों में दूध, मांस, या अन्य पशु उत्पादों के माध्यम से फैलता है। एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) एक वायरल रोग है जो पक्षियों से मनुष्यों में फैलता है। डॉ जोशी ने बताया कि पशुओं को संभालते समय दस्ताने पहनें और उनके मल-मूत्र से बचें। साथ ही साथ पशुओं को नियमित रूप से टीकाकरण करवाएं ताकि वे रोगों से बच सकें। विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षक एवं ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### सामाजिक और आर्थिक विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : शशांक मणि

देवरिया ।वर्तमान में भारत की 34 प्रतिशत सकल राष्ट्रीय आय में 15-29 वर्ष के युवाओं का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है ।युवा देश की आबादी का सबसे जीवंत और महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इनका सामाजिक और आर्थिक विकास के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है।उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने शहर के देवरिया क्लब में आयोजित युवा संवाद, सांसद के साथ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं ।

उन्होंने शहर के विभिन्न इंटर कालेजों से आए छात्र छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में उनके विचारों को संवाद के माध्यम से जाना तथा उन्हें सम्मानित भी किया ।

कार्यक्रम की शुरूआत में सदर सांसद ने प्रमुख रूप से तीन बिंदुओं, आपरेशन सिंदूर का संदेश, रॉकेट कंपटीशन व अंतरिक्ष जागरूकता, तथा अमृत प्रयास में युवाओं की भागीदारी पर विस्तार से बताया एवं युवाओं के विचार जाने ।उन्होंने कहा कि यह संवाद युवाओं को जुड़ाव, ज्ञान साझाकरण और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देकर सशक्त बनाता है।इसके माध्यम से युवा लोग संसाधनों, सलाह एवं अवसरों तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं जो देश के विकास में सार्थक योगदान देने की उनकी क्षमता में वृद्धि करेगा।श्री मणि ने कहा कि नेतृत्व, आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और टीमवर्क जैसे सॉफ्ट स्किल व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

ये कौशल युवाओं को दूसरों से जुड़ने, अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने और किसी भी कार्य वातावरण में अच्छी तरह से काम करने में मदद करते हैं।इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य रामकिंकर मिश्रा, कस्तूरबा इंटर कालेज की प्रधानाचार्या और शिक्षिकाएं, भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, मनोज मिश्रा, सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आईजी आरएस ऑनलाइन शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आईजीआरएस के सिस्टम में परिवर्तन एवं ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण में हो रही खामियों तथा उसके निवारण के संबंध में विधिवत जानकारी अपर जिलाधिकारी द्वारा दी गई। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने कहा कि ऑनलाइन शिकायतों में आवेदक की संतुष्टि, शिकायतकर्ता से संपर्क एवं विजिट/स्थलीय निरीक्षण के आधार पर अंक का निर्धारण किया जाता है, इसमें यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है या उससे संपर्क नहीं किया गया, या स्थलीय निरीक्षण नहीं किया गया तो अंक की कटौती की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा बहुत सी शिकायतों का निस्तारण मौखिक या आवेदन पत्र के माध्यम से कर दिया जाता है परंतु उस आवेदन पत्र को पोर्टल पर फीड नहीं करने से भी जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि ऑफ लाइन आवेदनों को भी पोर्टल पर फीड किया जाय। उन्होंने सभी अपेक्षा करते हुए कहा कि जैसे ही शिकायत प्राप्त हो तत्काल शिकायतकर्ता से संपर्क किया जाय तथा नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई संबंधी मामलों में दो दिवस से अधिक होने पर भी अंकों की कटौती की जाती है तथा डिफॉल्टर होने की दशा में ढाई अंक तक की कटौती की जाती है ।उक्त कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित सभी को अंकों की गणना के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट को संतुष्ट किया जाय और संतुष्ट को पोर्टल पर फीड किया जाय। उन्होंने सभी को चेताया कि जिस विभाग या जिस स्तर पर आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही शासन के संज्ञान में आती है तो उसपर कार्यवाही तय है। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जिन विभागों के अंक कम हैं उन्हें पत्र जारी किए जाएं तथा अगले माह से शिकायतों के निस्तारण में सुधार लाया जाय। इस दौरान डीसी मनरेगा राकेश, डीआईओ एनआईसी मनीष कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधि0 अभि0 विद्युत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त विभागों के अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक / माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला शिक्षा परियोजना समिति , जिला शिक्षा समिति, जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक भी की गई।बैठक दौरान जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 में नवभारत साक्षरता मिशन, स्कूल हर दिन आए कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में नव प्रवेशित बच्चों की संख्या के बारे में पूछताछ की तथा ऑपरेशन कायाकल्प के संतृप्तिकरण के अंतर्गत दिव्यांग शौचालय, बालक बालिका मूत्रालय, बाउंड्री वाल, फेंसिंग कार्य, टाइल्स फ्लोरिंग तथा अन्य पैरामीटर के बारे में आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग हुए निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा राइट टू एजुकेशन (आरटीई) योजना के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्वीकृत बच्चों के नामांकन के आवेदन तथा अस्वीकृत आवेदनों की संख्या के बारे में भी

- आरटीई योजना के तहत नामांकन नहीं करने वाले प्राइवेट विद्यालयों का नोटिस उपरांत मान्यता होगी कैंसिलः डीएम

पूछताछ की। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यदि किसी निजी विद्यालय द्वारा बच्चों का नामांकन नहीं किया जा रहा है तो उसे नोटिस दिया जाय तत्पश्चात मान्यता निरस्त की कार्यवाही की जाय, उन्होंने कहा कि ये सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और स्पष्ट रूप से सरकार का निर्देश भी है नामांकन करने हेतु इसके बावजूद कोई विद्यालय अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करता है तो बीएसए नोटिस देकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने आर.टी.ई. योजना के अंतर्गत नामांकन हुए छात्र-छात्राओं की सूची प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नव संरचनात्मक विकास पर जोर देते हुए कहा कि एक डेडीकेटेड जूनियर इंजीनियर या असिस्टेंट इंजीनियर के माध्यम से सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सर्वे करा लिया जाए तथा जो भी खामियां हैं उन्हें सूचीबद्ध कर संरचनात्मक विकास के कार्य भी कराए। जिलाधिकारी ने बैठक दौरान प्राथमिक विद्यालयों में कम छात्रों वाले बच्चों को निकटवर्ती विद्यालय में मर्ज किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि बच्चों द्वारा लिखित रूप से सहमति अवश्य ली जाय ताकि बच्चों /अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पेड़ से टकराकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गोरीमऊ बूलापुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक के पेड़ से टकराने से बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से सी एच सी लाया गया जहां से गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से परिजन इलाज के लिए कानपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सफीपुर थाना क्षेत्र के गांव जुझारपुर निवासी कुलदीप पुत्र राज बहादुर उम्र करीब 29 वर्ष सोमवार को देर रात गोरीमऊ बूला पुर मार्ग पर जा रहा था। तभी गोरी मऊ गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां फायदा न मिलने पर परिजन कानपुर ले गए जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मौत की खबर को से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस आज देगी ज्ञापन

**उन्नाव।** केंद्र सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठनों के आवाहन पर आगामी 9 जुलाई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने सहित बिजली तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण को समाप्त करने व अन्य 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के नेतृत्व में जनपद के श्रमिक जिलाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। उपरोक्त जानकारी उत्तर प्रदेश आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलवंत सिंह ने दी।

## फांसी लगाकर दी जान

**सिधौली (सीतापुर)।** थाना कमलापुर के बल्लई गांव में मंगलवार को ससुराल आए एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते सागवान के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कार्रवाई शुरू की। कोतवाली सिधौली के गांव गिरधरपुरा निवासी राजकुमार 28 वर्ष पुत्र बाबूराम निवासी गिरधरपुर की ससुराल थाना कमलापुर के बल्लई गांव में है। राजकुमार ससुराल बल्लाई गांव आया हुआ था। मंगलवार को प्राप्त गांव के बाहर सागवान के पेड़ से शव लटकता पाया। ससुरालियों ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने की बात कही जा रही है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## कार्यभार संभालने के बाद से कार्यालय नहीं आ रहे अधिशासी अधिकारी

**मिश्रिख (सीतापुर)।** नैमिषारण्य-मिश्रिख पालिका में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के कार्यालय न आने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फरियादियों का कहना है कि कार्यभार संभालने के बाद से ईओ कार्यालय में नहीं आ रहे हैं। सोमवार को भी कार्यालय में ईओ मौजूद नहीं थे। कर्मचारियों ने उनके मीटिंग में जाने की जानकारी दी। फरियादी अंकित, राम, विवेक और शुभम ने बताया कि वे कई बार कार्यालय गए, लेकिन ईओ से मुलाकात नहीं हो पाई। नगर में साफ-सफाई और दवा छिड़काव की समस्या से सभासद भी परेशान हैं। पालिका का चार्ज लिए ईओ को 20 दिन हो चुके हैं। 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन मास में नैमिषारण्य मिश्रिख से हजारों श्रद्धालु गुजरते हैं। ऐसे में स्वच्छता व्यवस्था की चिंता बढ़ गई है। इस मामले में ईओ विद्यांचल ने अवकाश पर होने की बात कही है।

एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि ईओ के खिलाफ आ रही शिकायतों की जांच की जाएगी। स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि हाल ही में नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी का देहांत हो गया था। बरसात के मौसम में नालों की सफाई न होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अष्टम बैकुंठ नैमिषारण्य में आने वाले हजारों पर्यटकों को भी इस व्यवस्था से जूझना पड़ सकता है।

# जमीन के बंटवारे को लेकर भाई की हत्या

जिला संवाददाता

**रेउसा (सीतापुर)।** थाना क्षेत्र के बांधे पुरवा मजरा रेवान गांव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शत्रुघ्न 35 पुत्र स्व0 गोधी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है। वहीं

- माता – पिता की पहले हो चुकी है मौत, परिवार में कोई न होने से हत्या की वजह नहीं हुई स्पष्ट
- हत्या कर आरोपी भाई पत्नी सहित हुआ फरार

हत्या के बाद आरोपी भाई पत्नी सहित फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न गांव में अकेला रहकर मजदूरी करता था। उसके अन्य दो भाई दूसरे गांवों में रहते हैं। सोमवार को उसका शव घर के अंदर लहूलुहान हालत में मिला। गले पर फावड़े से काटे जाने के गंभीर घाव थे।

सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का भाई दिलीप पूरा दिन गांव में ही दिखाई दे रहा था। लेकिन हत्या की वारदात के बाद वह मौके से गायब हो गया। घटना को लेकर गांव के लोग दबी जुबान में कह रहे हैं कि दिलीप का ही हाथ इस वारदात में हो सकता है। हालांकि परिवार में कोई न होने से हत्या के पीछे वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है।

मृतक के माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के नाम पर महज एक बीघा खेत है, जिसमें पांच भाइयों का हिस्सा है।

जमीन के बंटवारे को लेकर पहले भी परिवार में विवाद होता रहा है। घटना की सूचना मिलने पर थाना रेउसा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी का कहना है कि फिलहाल हत्या का मुकदमा अज्ञात में दर्ज किया गया है। लापता भाई दिलीप की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

## बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

सीतापुर। पिसावां क्षेत्र के अन्तर्गत पिसावां में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर सोमवार रात एक बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। अल्लीपुर और बिचपरिया गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष रात करीब 9 बजे उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने सभी फीडर बंद करा दिए और धरने पर बैठ गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जूनियर इंजीनियर से ग्रामीणों की बात कराई। जेई ने बताया कि सेरवाडीह गांव में एंसुलेटर खराब होने से आपूर्ति बाधित थी। मरम्मत का काम चल रहा था। इसी वजह से फीडर बंद रखे गए थे।

मरम्मत पूरी होते ही बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। अल्लीपुर की रहने वाली रामबेटी ने आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों से गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है। उन्होंने जेई पर जान बूझकर गांव की बिजली काटने का आरोप लगाया।

उपकेंद्र पर तैनात एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदर्शन की वजह से करीब 35 मिनट तक पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद ग्रामीण अपने घर लौट गए।

## नोटरी लाइसेंस प्रमाणपत्र मिलने पर खुशी की लहर

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में भारत सरकार का नोट्रियल लाइसेंस का प्रमाण पत्र एडवोकेट आशुतोष सिंह को मिलने पर तहसील के अधिवक्ताओं ने बैठक कर खुशी का इजहार किया। वरिष्ठ अधिवक्ता दिवस किशोर वर्मा ने आशुतोष के बस्ते में पूंजा पाठ करके प्रथम नोटरी में मोहर लगाकर आशुतोष सिंह से हस्ताक्षर करा कर जारी कराया। तहसील परिसर में आयोजित बैठक में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मोहनलाल यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा तहसील बीघापुर में यह पहला नोट्रियल लाइसेंस भारत सरकार द्वारा आशुतोष सिंह को मिला है जो गर्व की बात है तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष अविनाश सिंह व पूर्व अध्यक्ष सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा वकीलों कर्मचारियों को पूरे देश में नोटरी बनवाने का अधिकार अब आशुतोष सिंह के बस्ती से होगा। प्रधानाचार्य नरेंद्र विक्रम सिंह, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सर्वेश प्रताप सिंह, केपी सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पटेल ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रणविजय सिंह, सतीश मिश्रा, श्यामू सिंह, अतुल सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, मंत्री मनीष जायसवाल, अरविंद प्रताप सिंह, अतुल सिंह, विमल कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, देशराज आदि उपस्थित थे। आशुतोष सिंह ने आए हुए अधिवक्ताओं व अन्य उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गंगा में डूब रही किशोरी को बचाने में दूसरी किशोरी डूबी, खोजबीन जारी

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** गंगा नहाने के समय डूब रही एक किशोरी को बचाने के लिए गंगा में उतरी एक युवती ने किसी तरह डूबती किशोरी को तो बचा लिया लेकिन स्वयं गंगा में डूब गई जिसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। कटरी क्षेत्र के गंगा किनारे के गांव धन्ना पुरवा निवासी अशोक कुमार की लगभग सात साल की बेटी सिमरन अपने परिवार की लड़कियों के साथ पास में ही बह रही गंगा नदी के किनारे मंगलवार सुबह गई थी। वह वहीं गंगा नहाने लगी। गंगा नहाने के दौरान सिमरन डूबने लगी जिसे बचाने के लिए वहां मौजूद रामपाल की करीब सत्रह साल की पुत्री शबनम गंगा नदी में कूद पड़ी और किसी तरह सिमरन को बचाकर किनारे ले आई जिससे सिमरन तो बच गई लेकिन शबनम का अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। गहरे पानी में जाने के बाद वह ऊपर नहीं आ सकी और न ही उसका पता चला। शबनम के डूबने की जानकारी होते ही कोहराम मच गया और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उनमें कुछ तैराक लोग पानी में जाकर खोजबीन करने लगे लेकिन शबनम का कोई पता नहीं चल पाया है। उधर सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से खोजबीन के प्रयास शुरू कराए हैं। एस डी आर एफ की टीम को भी बुलाया गया जिसने खोज बीन शुरू कर दी है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।

## पिछडा आयोग के उपाध्यक्ष ने किया गेस्ट हाउस का शुभारंभ

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम रावतपुर स्थित नेशनल हाइवे-31 किनारे लोन नदी पुल के पास मंगलवार को अनन्या गेस्ट हाउस का विधिवत उद्घाटन किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने सर्वप्रथम गणेश प्रतिमा की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर मंगलकामना की, तत्पश्चात फीता काटकर गेस्ट हाउस का शुभारंभ किया। उद्बोधन के दौरान उपाध्यक्ष श्रीमाली ने कहा कि यह गेस्ट हाउस क्षेत्र के गरीब, असहाय व निराश्रित व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों और जनसुविधाओं को बढ़ावा देने हेतु ऐसे प्रयास सराहनीय हैं। बताया गया कि गेस्ट हाउस का संचालन विनोद कुशवाहा करेंगे तथा संरक्षक की भूमिका अधिवक्ता अरविंद प्रताप सिंह निभाएंगे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, थाना बिहार प्रभारी राहुल सिंह गौर, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र सिंह भदौरिया, अनिल सिंह, जीतू सिंह, अमित सैनी, अरुण कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने गेस्ट हाउस संचालित होने पर हर्ष जताया।

## कृषि विभाग ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम




**कमलापुर (सीतापुर)।** कृषि विभाग की तरफ से जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। विकासखंड कसमंडा के ग्राम पंचायत नेवादा में कृषि विभाग उत्तर प्रदेश, कृषि रक्षा अनुभाग सीतापुर की तरफ से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चूहां छछूंदर के द्वारा मनुष्यों में फैलने वाले रोग लेप्टोस्पायरोसिस तथा स्क्रब टायफस के संबंध में जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूद कृषि विभाग कमलापुर इकाई के बीटीएम मनोज कुमार, अनुपम शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को इन रोगों के लक्षण बताए तथा बचाव और रोकथाम के लिए दवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया तथा राजकीय क्रषि वीज भण्डार रानीबाग कमलापुर पर उपस्थित दवाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर किसान, श्रीराम, रामप्रकाश सिंह, चन्दिका प्रसाद, नसीर खान, केशन प्रसाद मौर्य, मूलचन्द्र कश्यप, विनीत सिंह, तेजप्रकाश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में डर का माहौल

**सीतापुर।** लहरपुर तहसील क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में डर का माहौल है। उमरिया और शेखनापुर गांव के बीच खेत में तेंदुआ देखा गया है। डायल 112 की पुलिस टीम रात में गश्त कर रही थी। खेतों से आहट सुनकर पुलिसकर्मियों ने टॉर्च की रोशनी डाली। खेत में एक तेंदुआ टहलता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। कुछ देर बाद तेंदुआ घनी झाड़ियों में चला गया। कोतवाल लहरपुर विजेंद्र सिंह ने वीडियो की पुष्टि की है। वन विभाग ने बच्चों और पशुओं को अकेले खेत में न भेजने की अपील की है। रेंजर अभिषेक सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीमें अलर्ट हैं। तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए कांबिंग की जा रही है। एक माह पहले भी इसी इलाके में तेंदुआ दिखा था। वन विभाग की टीम ने पीलीभीत और दुधवा की संयुक्त कार्रवाई में तेंदुए को ट्रैंकुलाइज कर बहराइच के जंगलों में छोड़ा था। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/मेला 15 जुलाई को

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना प्राप्त हुई है। योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/मेला कराये जाने की स्वीकृति दिनांक 13.05.2025 द्वारा प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी दिनांक 15-07-2025 को प्रातः 11:00 बजे से जिला पंचायत सभागार कुशीनगर में आयोजित किया जाना है।

इस क्रम में सभी संबंधित को निर्देशित किया है कि उपरोक्त गोष्ठी/मेलें में स्वंय प्रतिभाग कर अपने विभाग का स्टाल लगाकर विभाग से सम्बन्धित योजनाओं एवं नवीनतम जानकारी से कृषकों को अवगत करावें।

# डीएम की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**सीतापुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

- जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित 56 प्रकरणों का किया गया निस्तारण

वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष बैठक के अंतर्गत सर्वप्रथम रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित 56 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। तदोपरांत जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 एवं सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर के द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा नैमिषारण्य में ललिता माता मंदिर पर भिक्षावृत्ति की रोकथाम तथा उसमें लिप्त बच्चों को चिन्हित करके उनके माता पिता के बारे में जानकारी हेतु निर्देश दिए गये। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा एच0ई0डब्लू के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति की समीक्षा, वन स्टाफ सेंटर यूनिट प्रथम व यूनिट द्वितीय की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि, संयुक्त निदेशक अभियोजन (प्रतिनिधि), क्षेत्राधिकार सदर, अध्यक्ष सदस्य बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड (प्रतिनिधि) जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कौशल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई ए से संरक्षण अधिकारी, वन स्टाप सेंटर मैनेजर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन आदि उपस्थित रहें।

# डिजिटल युग में मोबाइल फोन सूचनाओं का सबसे सशक्त माध्यम है: सर्वेश चतुर्वेदी

**सीतापुर।** परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों और चालकों को एक बड़ी सुविधा प्रदान की है। अब अपने मोबाइल नंबर से घर बैठे ही क्यूआर कोड के माध्यम से अपडेट कर सकेंगे। जिससे उन्हें परिवहन कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। एआरटीओ प्रशासन, सर्वेश चतुर्वेदी ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल

- वाहन पोर्टल पर वाहन स्वामी का सही मोबाइल नम्बर अपडेट होना अत्यंत आवश्यक

युग में मोबाइल फोन सूचनाओं का सबसे सशक्त माध्यम है। ऐसे में वाहन पोर्टल पर वाहन स्वामी का सही मोबाइल नंबर अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने यह नई सुविधा शुरू की है।

### वाहन मालिकों के लिए प्रक्रिया

वाहन मालिक अपने मोबाइल नंबर को अपडेट करने के लिए दिए गए क्यूआर कोड को गूगल कैमरे से स्कैन कर सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन करते ही उनके मोबाइल पर एक नया इंटरफेस खुलेगा। इस पर वाहन संख्या, चेसिस संख्या, इंजन संख्या, वाहन की पंजीकरण तिथि, पंजीकरण की वैधता दर्ज करते ही एक और इंटरफेस खुलेगा। जिसमें उन्हें अपनी आधार संख्या, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और पंजीकरण पुस्तिका में दर्ज वाहन स्वामी का नाम अंकित करना होगा। इन जानकारियों को सबमिट करते ही उनका मोबाइल नंबर सफलतापूर्वक अपडेट हो जाएगा। वहीं वाहन चालकों के लिए प्रक्रिया अलग बनाई गई है। वाहन चालकों के लिए भी एक अलग क्यूआर कोड जारी किया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही वे सीधे सारथी पोर्टल पर लॉग इन हो जाएंगे। यहां वे अपने ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित मोबाइल नंबर को अपडेट कर सकते हैं। क्यूआर कोड के साथ एक सीधा लिंक भी उपलब्ध कराया गया है। जिसका उपयोग करके भी मोबाइल नंबर अपडेट किया जा सकता है।

### ऑफलाइन विकल्प भी उपलब्ध

जो लोग डिजिटल माध्यम का उपयोग नहीं करना चाहते हैं, उनके लिए यह सुविधा भी है कि वे कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर भी अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते हैं। परिवहन विभाग की यह सुविधा निश्चित रूप से लाखों वाहन मालिकों और चालकों के लिए एक बड़ी राहत है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। यह कदम डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## संचारी रोगों से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आशा कार्यकताओं को संचारी रोगों से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के लिए आयोजित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार ने 45 आशा कार्यकताओं को मच्छर जनित बीमारियों और उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। आशा कार्यकर्ता दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी।

## आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा गुरू व्यास पूजन पर्व 10 को मनाया जायेगा

जिला संवाददाता

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** आचार्य ऋषि कान्त मिश्र ने बताया आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा दिनांक 10 जुलाई गुरुवार को मनाईं जायेगी। भारतीय संस्कृति सनातन धर्म से जुड़े सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर शास्त्र सम्मत अपने अपने गुरू जनों को ब्रह्मा विष्णु महेश के सदृश मानते हुए श्रृद्धा पूर्वक उनकी पूजा अर्चना कर दीघायु का आशीर्वाद प्राप्त कर सदाचरण करें। गुरु व्यास भगवान के रूप में उन्हें अपनी शक्ति के अनुरूप उपहार में वस्त्र मिष्ठान फल आदि अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त करें। वेद पुराण सहित समस्त धार्मिक विद्या तथा साहित्य पुराणों के जनक आदि गुरु व्यास भगवान की पूजा की जायेगी। आज के दिन काशी स्थिति व्यास मन्दिर में विशेष रूप से दर्शन पूजन करने का महत्व बताया गया है। आज ही आषाढ़ी पूर्णिमा को सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त अपने अपने घरों को गाय के गोबर से गूठते है तथा पूजन करने से वर्ष भर सर्पों का भय नहीं रहता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को भगवान शिव जी पर रखें जल हरि को हटा दिया जाएगा। और विल्व पत्रादि अर्पण किया जाने लगेगा। 11 जुलाई से शुरू होकर श्रावण मास 9 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के साथ पूर्ण हो रहा है पूरे श्रावण मास में भगवान शिव जी का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक पूजन कर भगवान शिव जी के पवित्र श्रावण मास में भगवान शिव जी का प्रति दिन जलाभिषेक करे। श्रावण मास में चार सोमवार तथा भौम प्रदोष तथा बुध प्रदोष का संयोग मिल रहा है विधि विधान से रूद्राभिषेक पूजन करें। शास्त्रों के अनुसार पूरे श्रावण मास भगवान शिव जी पृथ्वी लोक में अपने भक्तों को सुख समृद्धि सम्पत्ति प्रदान करते है। प्रत्येक शिव मन्दिरो में हर हर महादेव का स्वर गूजेगा।

# पेयरिंग नीति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** प्राथमिक विद्यालयों को जबरन बंद किए जाने और पेयरिंग नीति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने कहा गया कि प्रदेश भर में 150 से कम और 100 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बिना व्यापक जनसुनवाई के बंद किया जा रहा है। इससे न सिर्फ छात्रों को दूरस्थ विद्यालयों तक जाना पड़ेगा। बल्कि हजारों प्रधानाध्यापक, अध्यापक और रसोइयों की सेवा भी समाप्त हो जाएगी।

शिक्षकों ने 30 जून को 822 ब्लॉकों में आयोजित बैठकों का हवाला देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भी इस निर्णय का एक स्वर में विरोध किया है। संघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना, पेयरिंग मर्जर प्रक्रिया रोकना, सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की तैनाती, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण और मृत शिक्षकों के योग्य आश्रितों को नियुक्ति देने की मांग भी प्रमुख है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## मोटे आनाजों के किट किसानों में किए गये निःशुल्क वितरित

हरगांव (सीतापुर)। विकासखण्ड हरगांव अन्तर्गत राजकीय बीज भण्डार हरगांव में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के द्वारा क्षेत्रीय किसानों को मोटे आनाज, रागी, कोदो, सावां, अरहर, ज्वार व तिल के निःशुल्क किट वितरित किये। मिली जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड हरगांव परिसर में स्थित राजकीय बीज भण्डार पर सहायक विकास अधिकारी कृषि संदीप कुमार वर्मा की उपस्थित में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हरगांव संजय जायसवाल ने सोमवार को क्षेत्रीय किसानों श्रीमती जयदेवी, प्रकाश सिंह, अवधेश वर्मा, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, विवेकानंद भारद्वाज, राम प्रताप सिंह, गया प्रसाद, मुबारक अली, रामनरेश राठौर आदि को निःशुल्क किट वितरित कर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

## हज के लिए 31 तक भरे जायेंगे फॉर्म

**बांदा।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2026 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया घोषित कर दी है। हज फार्म 7 से 31 जुलाई तक भरे जाएंगे।

मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिफ खांन ने बताया कि हज 2026 के लिए पोर्टल खोला जा चुका है और फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसलिए जो लोग 2026 में हज यात्रा पर जाना चाहते हैं, वह पासपोर्ट जिसकी वैधता 31 दिसंबर 2026 से पहले समाप्त न हो रहे, खून की जांच की रिपोर्ट, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी हज फॉर्म हज सुविधा कैंप कार्यालय कोतवाली रोड से रोजाना बिल्कुल मुफ्त भरे जाएंगे आप अपने दस्तावेजों की फोटो व्हाट्सएप पर हमारी टीम को भेज सकते हैं।

फॉर्म भरने के बाद हर कदम पर पूरी जानकारी दी जाएगी और हमारी टीम आपकी पूरी मदद करेगी। हज से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 9919887150 पर संपर्क कर सकते है।

## नाबालिग को बहलाकर ले जाने की दो के विरुद्ध रिपोर्ट

**बांदा।** नाबालिक बेटी को घर में अकेली छोड़कर परिजन खेत चले गए। जब वह वापस लौटे तो बेटी घर से नदारत मिली। परिजनों ने दो युवकों के विरुद्ध बेटी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि घटना के बाद परिवार के लोगो ने मिलकर सभी जगह बेटी को खोजने का प्रयास किया लेकिन कही पता नहीं चला।

खोजबीन के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पिता ने अतर्रा थाना क्षेत्र के बिहारी पुरवा निवासी संदीप यादव और साथी अनिल पुत्र कुद्दू यादव के खिलाफ बेटी को बहला फुसला कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित पिता ने तहरीर देकर बताया कि दोनों युवक घर सूना पाकर पुत्री को ले गए हैं। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने पिता से प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## सेवा सप्ताह के तहत पौधरोपण निःशुल्क दवा वितरण

**बांदा।** विश्व हिन्दू परिषद के बजरंग दल सेवा सप्ताह वृक्षारोपण एवं मेडिकल कैम्प का शुभारंभ विभाग संगठन मंत्री विकास ने किया। विहिप जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में मेडिकल कैंपो का आयोजन सेवा बस्तियों में किया गया। कैम्प में डॉक्टरों से परामर्श के बाद मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

जिला सहसंयोजक बजरंग दल बदलेश सिंह ने बताया कि बजरंग दल सेवा सप्ताह के तहत सभी प्रखंडों में वृक्षारोपण के कार्यक्रम हुए। सेवा सप्ताह का समापन जिला संगठन मंत्री अतुल ने किया।

इस दौरान जिला सहसंयोजकए देवराज राजपूतए नगर सह संयोजक हर्ष दासवानीए अंकेश कोस्टाए सन्दीप साहूए जीतू तिवारीए आशुतोष कुमारए राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

ललितपुर। ब्लाक महरौनी के ग्राम पंचायत नैकोरा में जोरदार बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आये एक युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया है कि ग्राम नैकोरा निवासी भगोने रजक का पुत्र दीपू रजक अपने खेत पर गया हुआ था। तभी अचानक से तेज बारिश शुरू हो गयी। बारिश के पानी से बचने के लिए वह नीम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया।

जहां थोड़े समय पश्चात तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली तड़कने लगी और देखते ही देखते नीम के पेड़ पर आकाशीय बिजली आ गिरी, जिससे पेड़ के नीचे खड़े दीपू पर आकाशीय बिजली गिर गयी, जिससे दीपू मौके पर गंभीर रूप से झुलस गया और जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। अपराह्न जब परिजनों ने उसकी खोजबीन की तो उन्होंने दीपू को खेत में मृतावस्था में पड़ा पाया।

# जनपद में एक और नये औद्योगिक आस्थान बीघा खेत को जल्द किया जायेगा विकसित

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शिक्षा और रोजगार की दृष्टि से प्रदेश के पिछड़े जिलों में सुमार ललितपुर को शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सीएम युवा उद्यमी योजना से युवा पीढ़ी को जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं बैंकों में जाकर योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा कर रहे हैं और त्वरित गति से आवेदनों का निस्तारण कराकर युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

उनका कहना है कि जिले में किसी भी उद्यमी को रोजगार करने में समस्या न होने पाए, इसके लिए सम्बन्धित

**बीघा खेत की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताया असंतोष, यूपीएसआईसी को कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश**

अधिकारी समय से उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठकें आयोजित करते रहें। इसी के क्रम में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बन्धु की बैठक कर पी.एम. विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया। उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान बीघाखेत की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए यूपीएसआईसी के अवर अभियन्ता को कार्य में तीव्रता लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त चिन्हित नये औद्योगिक आस्थानों के सीमांकन के लिए भी निर्देशित किया गया। ललितपुर में स्थापित इकाईयों को विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया। चंदेरा औद्योगिक आस्थान में स्वतंत्र विद्युत फीडर के निर्माण के लिये भूमि का चिन्हांकन के कार्य के लिए उप जिलाधिकारी सदर एवं अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में पानी की निकासी एवं गेट निर्माण के प्राप्त आंगणन को निदेशालय प्रेषित किया जा चुका है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद स्थापित इकाईयों को पंजीकरण कारखाना अधिनियम-1948 एवं भूगर्भ जल अधिनियम में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देशित किया गया। मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट में एक हैण्डपम्प एवं एक हाईमास्क लाईट का प्रस्ताव जिलाधिकारी के क्रिटिकल गैप फण्ड से स्वीकृत कर दिया गया है। बैठक में सीडीओ, एसडीएम सदर, डीडीओ, एक्सईएन विद्युत, डीपीआरओ, खनन अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, ईओ नगर पालिका, प्रधानाचार्य आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, बांट-माप अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण, जिला समन्वय एनएसडीसी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहें। संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

# पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से करें लाभान्वित : रमेश चंद्र

जिला संवाददाता

**बांदा।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे ने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को सफाई कर्मियों के देयकोंए मृतक आश्रितों के नियुक्ति प्रकरणों का समय से निस्तारण करने एवं संविदा कर्मियों का भुगतान समय पर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्र.छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किये जाने एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीड़न के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी ली। बताया कि बीते वर्ष 4028 अनुसूचित जाति के छात्र.छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अनुसूचित जाति के लोगों को चिकित्सा सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम जन आरोग्य योजना एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित जाति बस्ती एवं मलिन बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखने तथा साफ.सफाई रखने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 पी0के0पाण्डेय समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक अवस्थीअधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नगर पंचायत व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक गाजी को मिली इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** पिछले ढाई माह से जेल में बंद पूर्व विधायक मौ0 गाजी को हाईकोर्ट से जमानत मिलने से समर्थकों में खुशी का माहौल है।

पूर्व विधायक मौ0 गाजी के जेल से बाहर आने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता यावर मुख्तार की प्रशंसा हो रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता यावर मुख्तार की जोरदार दलील सुनने के बाद पूर्व विधायक मौ0 गाजी की जमानत मंजूर की थी। जनपद बिजनौर के शेरकोट निवासी पूर्व विधायक मौ0 गाजी जनपद मुजफ्फरनगर के पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के समाधि है। शाहनवाज राणा कई मुकदमें में अभी भी जेल में बंद है। शाहनवाज राणा के प्रकरण में ही पूर्व विधायक मौ0 गाजी को जेल जाना पडा था। पूर्व विधायक मौ0 गाजी को हाईकोर्ट से जमानत मिलने से उनके परिवार व समर्थकों में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक मौ0 गाजी को जेल से बाहर लाने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता यावर मुख्तार की प्रशंसा हो रही है।

## भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** मंगलवार को को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में सदर तहसील में फैले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ एक ज्ञापन सदर तहसील के तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट किया गया, जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि तहसील कार्यालय में भूमि संबंधी कार्य, जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र, आदि है।

# नगर पालिका नहीं कर रही एण्टी लार्वा दवाओं का छिड़काव

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान वर्तमान में चल रहा है। नगर में लगातार बारिस होने एवं जलभराव की समस्या काफी पुरानी हो गई है। नालियों, नालों की समुचित सफाई भी नहीं की गई है, जिससे पानी के छिड़ने के कारण बडी संख्या में गंदगी एवं मच्छरों का आतंक फैल गया है। नगर पालिका परिषद मात्र कुछ स्थानों पर ही एण्टी लार्वा दवाओं का छिड़काव

**मात्र कुछ जगहों पर ही छिड़काव कराकर फोटो खींचकर की जा रही खानापूरी**

कराकर फोटो खिंचवाकर अपने काम की खानापूरी कर रही है। नगर के मुख्य मार्गों एवं अधिकारियों के आवासों तक फागिंग एवं साफ सफाई का कार्य करने वाली नगर पालिका परिषद द्वारा किये गये कार्य आज नगरवासियों के सामने आ गये हैं। जहां जरा सी बारिस होते ही नाले एवं नालियों चैक हो रहे, गलियों में तालाब बन गये हैं, ऐसे में रहवासी ढेरों समस्याओं का सामना कर रहे हैं, और नगर पालिका केवल बजट ठिकाने लगाने में ही लगी हुई है ।ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा के अनुसार वार्ड नंबर 16 आजादपुरा प्रथम व वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कर सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डों में साफ-सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाडि ?ों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई। इस दौरान प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने कहा कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई कराकर वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है। ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे। इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुमार्ना वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया गया कि बारिश के समय में सड़कों पर हो रहे जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निदान निस्तारण करें, जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है।

# जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार, आस ने दिया ज्ञापन

**बांदा।** आजाद अधिकार सेना ने जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है लेकिन ज्यादातर स्थानों पर यह मिशन पूरी तरह निष्प्रभावी है। इसका एक बहुत बड़ा कारण इस मिशन में भयावह भ्रष्टाचार है।

भ्रष्टाचार के मुख्य कारण मिशन के संचालन के लिए सही संरचना का न होना तथा ज्यादातर स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर अथवा संविदा से होना है। साथ ही यह मिशन घर.घर तक फैला हैए जिसकी सही मॉनिटरिंग के लिए निष्पक्ष उच्चस्तरीय थर्ड पार्टी की जरूरत हैए लेकिन ज्यादातर मॉनिटरिंग का काम सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा अपने लोगों को दे दिया जा रहा हैए जिससे मॉनिटरिंग के नाम पर लीपापोती हो रही है। यही कारण है कि हर प्रदेश में जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार की बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एक पूर्व मंत्री को गिरफ्तार किया जा चुका है और मध्य प्रदेश की वर्तमान मंत्री पर 1000 करोड़ के घोटाले के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और मौजूदा मंत्री तथा प्रमुख सचिव पर भी हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप हैं।

आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की शिकायतों की सीबीआई तथा ईडी से जांच की मांग की है साथ ही मिशन को सही ढंग से चलाने के लिए तत्काल विभाग के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और त्रुटिहीन थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरज शर्माए जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी वाजपेई व अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षिका की लापरवाह कार्यशैली पर उठे सवाल, जांच अधिकारी पर भी पक्षपात के आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम रजवारा निवासी लक्ष्मण रजक ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त शिक्षिका बच्चों की पढ़ाई में लापरवाही बरतती हैं, मोबाइल पर व्यस्त रहती हैं तथा ग्रामीण बच्चों को तिरस्कार भरे शब्दों में अपमानित करती हैं। साथ ही, नाबालिग छात्रों से शौचालय आदि की सफाई कराना और उनके साथ दुर्व्यवहार करना भी आरोपों में शामिल है। पीड़ित ने बताया कि शिकायत पर 6 मई को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच के लिए बुलाया गया, जहां उन्हें प्रार्थनापत्र वापिस लेने का दबाव बनाया गया और झूठे मुकदमे में फंसाने तथा

**पीड़ित ने निष्पक्ष जांच की मांग की**

शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। इसके बाद प्रधानाचार्य द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट में पीड़ित को शराबी बताया गया, जिसे वह पूरी तरह से असत्य बताते हैं। उनका कहना है कि वह अस्वस्थ हैं और शराब का सेवन नहीं करते। आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य और जांच अधिकारी आपसी मिलीभगत से उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं तथा स्कूल की शिक्षिका को बचाने के उद्देश्य से पक्षपातपूर्ण जांच रिपोर्ट लगाई गई है। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की है कि उनके बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रधानाचार्य नीलम जैन और जांच अधिकारी शुक्ला पर होगी। पीड़ित लक्ष्मण रजक ने जिलाधिकारी से मांग की है कि एक स्वतंत्र जिला स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा प्रकरण में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही हो। साथ ही, उन्होंने अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा की भी मांग की है।

# एसडीएम राम आश्रय ने नगर पालिका नगीना पहुंचकर ईओ का अतिरिक्त चार्ज लिया

**नगीना, बिजनौर।** अतिरिक्त चार्ज के रूप में बिजनौर के अतिरिक्त एसडीम राम आश्रय ने नगर पालिका के ईओ पद का चार्ज ले लिया है। पालिका परिषद द्वारा विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने यह फैसला लिया है जिसकी प्रशंसा होनी शुरू हो गई है। एसडीएम राम आश्रय के ईओ पद के अतिरिक्त चार्ज लेने से अब नगर पालिका की समस्याओं पर विराम लग जाएंगा। आपको बतादे की नगर पालिका परिषद नगीना के मधुर व्यवहार के धनी ईओ संदीप कुमार सक्सेना का गैर जनपद के लिए स्थानांतरण हो गया था। उनके स्थान पर ईओ की तैनाती न होने के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजनौर के अतिरिक्त एसडीएम राम आश्रय को नगर पालिका नगीना के खाली पड़े ईओ पद का अतिरिक्त चार्ज दे दिया है। आज सोमवार को एसडीम राम आश्रय ने नगर पालिका परिषद नगीना पहुंचकर ईओ का अतिरिक्त चार्ज के रूप में चार्ज संभाल लिया है। उन्होंने इस दौरान नगर पालिका के सभी स्टाफ के साथ बैठक करते हुए पालिका से संबंधित सभी कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी भी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर पालिका का समस्त स्टाफ प्रमुख रूप से मौजूद रहा। जिलाधिकारी जसजीत कौर के इस फैसले की नगर में प्रशंसा हो रही है।

# बाइक की टक्कर से मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत मोटे का मोहल्ला निवासी कृष्णा सेन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 जून को उसका पति अपने साढ़ू के साथ मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 15 एन.सी. 2986 से पूर्ण नियंत्रण व सावधानी पूर्वक चलाता हुआ जा रहा था। तभी अपराह्न उसका पति राजघाट रोड पर चैरसल गांव एवं पुलिस चैकी के पास पहुंचा ही था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 पी 5053 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आया ओर उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार बहनोई व साढ़ू को भी गम्भीर चोटें आयीं हैं।

घटना की सूचना उसे फोन के जरिए दी गयी, जिसके आधार पर वह अपने नन्देऊ ओंकार पुत्र रामदयाल के साथ मौके पर पहुंची, जहां उसका पति मृत पाया गया। इसके बाद वह अपने बहनोई सोहन सेन को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त मोटर साइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# धार्मिक आस्था और शिक्षा पर शराब का साया

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** धार्मिक नगरी ललितपुर में श्रद्धा और शिक्षा के दो पवित्र केन्द्र सिद्धन मंदिर और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ) के पास खोली गई शराब की दुकान ने जनमानस की भावनाओं को आहत कर दिया है। मंदिर के महंत रामलखन दासजी महाराज ने इस विषय पर गंभीर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर दुकान को तत्काल हटवाए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शराब दुकान मंदिर से करीब 40 मीटर और

- **सिद्धन मंदिर व आईटीआई के पास शराब की दुकान खुलने पर उठे सवाल**
- **नियमों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है मदिरा की दुकान**
- **महंत ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

आईटीआई से करीब 20 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे न केवल श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है, बल्कि छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का पवित्र वातावरण भी दूषित हो रहा है। शराब की दुकान के चलते आसपास मांस व अंडे की दुकानें भी खुल गई हैं, जिससे मंदिर की मयार्दा और सामाजिक शांति प्रभावित हो रही है।

महंतजी ने पत्र में लिखा है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, वृद्धजन और बच्चे मंदिर में दर्शन हेतु आते हैं। वहीं आईटीआई में युवक-युवतियां भविष्य निर्माण के लिए अध्ययन करते हैं। ऐसे पावन स्थलों के समीप शराब की बिक्री से महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक आचरण और नैतिकता को खतरा उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह शराब दुकान उत्तर प्रदेश आबकारी नीति के स्पष्ट नियमों का उल्लंघन कर स्थापित की गई है, जिसमें विद्यालयों और धार्मिक स्थलों के पास शराब बिक्री प्रतिबंधित है।

महंत रामलखन दासजी महाराज, जो कि पंचरामानंदीय दिगम्बर अखाड़ा, अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत भी हैं, ने जिलाधिकारी से आह्वान किया है कि रामराज्य की भावना को बनाए रखते हुए इस सामाजिक विघटनकारी तत्व को तत्काल हटाया जाए। स्थानीय नागरिकों और मंदिर के श्रद्धालुओं में इस विषय को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि दुकान नहीं हटाई गई तो वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस जनहितपूर्ण मुद्दे पर कितना त्वरित और प्रभावी निर्णय लेता है।

## विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति पहुंची अयोध्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति मंगलवार को अयोध्या भ्रमण पर पहुंची। समिति की अध्यक्ष डा. प्रज्ञा त्रिपाठी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल का सर्किट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। प्रतिनिधि मंडल में किरण पाल कश्यप, डॉ रतन पाल सिंह भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला शामिल है।

## पार्षद मनमोहन ने ठेकेदार पर लगाया धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 15 गांधीनगर प्रथम से निर्वाचित पार्षद मनमोहन चैबे एड. ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पार्षद ने नगर पालिका परिषद के ठेकेदार पर नगर पालिका के कार्यालय में ही जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पार्षद ने एसपी को बताया कि वह मंगलवार को अपराह्न करीब 1 बजे नगर पालिका परिषद के कार्यालय में मौजूद था, जहां मौजूद ठेकेदार ने उसे गालियां देते हुये अपमानित किया। पार्षद का आरोप है कि उक्त ठेकेदार ने धमकाते हुये कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत की तो जान से मरवा देंगे। पार्षद ने पुलिस अधीक्षक से जानमाल की सुरक्षा कराये जाने और उक्त ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## स्वयं सहायता समूह ने रखी राशन दुकान संचालन की मांग

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा अंतर्गत ग्राम अण्डेला में राशन की दुकान संचालन करने के लिए आवंटन किये जाने की मांग को लेकर वीरांगना अवन्ती बाई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि गांव में संचालित राशन की दुकान किन्हीं कारणों से ग्राम खितवांस में संचालित की जा रही है, जिससे सभी ग्रामीणों को राशन लेने के लिए अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और गरीब वर्ग को बहुत दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। साथ ही कई परिवारों के पास संसाधन न होने के कारण राशन को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। बताया कि इन्हीं कारणों के चलते राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन से पंजीकृत सक्रिय रूप से कार्यरत स्वयं सहायता समूह को उक्त राशन की दुकान को संचालन करने की जिम्मेवारी दी जाये, जिससे ग्रामीणों को समस्याएं न हों।

## बसपा की हुई समीक्षा बैठक

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जनपद ललितपुर की विधानसभा महरौनी विधानसभा के सेक्टर 49 बरोदिया, सेक्टर 51 बालबेहट की सेक्टर समीक्षा बैठक बालाबेहट में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुये झांसी मंडल के मुख्य कोऑर्डिनेटर लालाराम अहिरवार ने कहा कांशीराम साहब का सपना था कि देश के शोषित वंचितों को देश की मास्टर चाबी अपने हाथ में लेनी होगी, उन्हें आकर अपना हक प्राप्त करना होगा। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष अमन संतोष ने कहा बाबा साहब के सपनों का भारत हमें बनाना होगा। इस मौके पर जिला प्रभारी महरौनी रामकिशन बैजनाथ, जिला कोषाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष महरौनी राम बगस, चंद्रभान सिंह बेसरा ( पूर्व जिला अध्यक्ष ) सामाजिक भाईचारा से अनेक सिंह राजपूत एवं महरौनी विधानसभा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान ने गौवंषों को कुचलने वाले डम्फर के खिलाफ दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** ग्राम मिर्चवारा के पास डम्फर के रौंदने से हुयी गौवंशों की मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मिर्चवारा के प्रधान मौजी कुशवाहा पुत्र रामप्रसाद ने बार थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुये तीन डम्फरों के नम्बर भी बताये हैं। प्रधान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 जुलाई की रात करीब 2 से 6 बजे के मध्य स्टेक कम्पनी के राख के बलकर वाहन संख्या एम.पी. 19 एच.ए. 5572, एम.पी. 34 एच 0609 व एम.पी. 20 एच.बी. 6445 जो कि गछिया घाट से बजाज पावर प्लाण्ट की ओर गये थे। आरोप है कि इन्हीं तीनों बलकरों में से किसी बलकर ने गौवंशों को रौंदा है, जिससे चार गौवंशों की मौत हो गयी। बताया गया है कि पुराने बस स्टेण्ड के पास मिर्चवारा में रोड क्रॉस कर रहीं गौवंशों को डम्फर ने रौंद दिया था, जिससे एक बड़ी गाय व तीन बछड़ों की मौत हो गयी थी। प्रधान ने बताया कि उसे ज्ञात हुआ कि उक्त बलकल ( डम्फर ) रात करीब 2 से सुबह 6 बजे के मध्य निकले हैं। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर उक्त बलकर ( डम्फर ) के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 325 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# तीन दुश्मनों से युद्ध

देश के पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने एक बार कहा था कि देश को 'ढ़ाई फ्रंट वार' के लिए तैयार रहना चाहिए। सेना की तैयारी भी इसी स्तर की है। जनरल रावत का ढ़ाई फ्रंट वार से तात्पर्य यह था कि चीन और पाकिस्तान के साथ ही देश के अंदर बैठे दुश्मन भी संकट में मुश्किलें पैदा कर सकते है। इसलिए आधा फ्रंट इनके लिए कहा था। उनकी बात पर तब देश ने कितना ध्यान दिया था, यह तो पता नहीं लेकिन उन्होंने बहुत ही सुविचारित सैन्य रणनीति की बात की थी। जनरल बिपिन रावत ने 2017 में यह बात कही थी और सात-आठ साल में ही देश को इन स्थितियों का सामना करना पड़ा। वह भी ढ़ाई नहीं बल्कि पूरे तीन दुश्मनों के साथ भारत को एक साथ लड़ना पड़ा। अगर इसमें कोई शक-शुबह थी तो उसे देश के उप सेना प्रमुख ने बड़ी ही स्पष्टता के साथ दूर कर दिया है। भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के एक महत्वपूर्ण पक्ष का खुलासा करते हुए किया है। उन्होंने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष युद्ध किया, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के प्रत्यक्ष दुश्मन की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा की।

**तीन दुश्मनों से एक साथ लड़ने और उनको धूल चटाने का पराक्रम हमारी सेना ने किया, यह है हमारी सेना की शक्ति।**

चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को 'लाइव लैब' की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति है 'किराए की छुरी से वार करना।' अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को किराए की छुरी के तौर पर इस्तेमाल किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों पर (पाकिस्तान, चीन, तुर्किए) पड़ा। ये तीनों ही देश भारत के दुश्मन हैं और भविष्य में भी भारत का विरोध करते रहेंगे। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार दिया है। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन को हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने बर्बाद कर दिया उनका अब धीरे-धीरे खुलासा दुनिया के सामने आ भी रहा है। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन फिक्की के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं। भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नये रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है। क्या भविष्य में भारत को कई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ सकती है। क्या हमारी उतनी बहुआयामी सैन्य तैयारियां हैं? बेशक सेना और सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा की इस संवेदनशील को समझती है। उसकी तैयारी भी इसी स्तर पर की होगी कि दुश्मन चाहे जितने हों, साथ लड़ें या अलग-अलग, हमारी सेना उनको युद्ध के मैदान में धूल चटाने के लिए तैयार रहती है।

## विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश–यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

–बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

–मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

# साल-दर-साल विकराल होती बाढ़ की आपदा

**नरेंद्र शर्मा**

**विमर्श**

इस साल अब तक (5 जुलाई 2025) बाढ़, भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली आदि गिरने से देश में 432 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें सबसे ज्यादा मौतें उत्तराखंड, हिमाचल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र आदि में हुई हैं। अगर देश के अलग अलग राज्यों की 5 जुलाई 2025 तक उनके द्वारा अनुमानित नुकसान को समग्रता में देखा जाए, तो अब तक लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है और आशंका है कि इस साल पूरे मानसून के दौरान 20 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का नुकसान हो सकता है। क्योंकि इस साल बारिश का पैटर्न ज्यादातर राज्यों में बहुत स्ट्रांग है और जिन राज्यों में कमजोर है, वहां बारिश न होने से कई सौ करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है।

सवाल है जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि इस मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है? ये लोग मालामाल हो जाते हैं? इसलिए हर साल हजारों जानें, जाने और करोड़ों अरबों रुपये का नुकसान होने के बावजूद देश में शासक प्रशासक वर्ग इस आपदा को गंभीरता से नहीं लेते? कहीं इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी तो नहीं है? बाढ़ से जुड़ी योजनाएं अकसर लंबी अवधि की होती हैं और इनका चुनावों में किसी तरह का फायदा नहीं मिलता, क्योंकि बारिश के तुरंत बाद या बारिश के आसपास कभी चुनाव नहीं होते। आम चुनाव आमतौर पर या तो मार्च, अप्रैल में होते हैं या सर्दियों में और भारत में किसी भी आपदा को भुलाने के लिए 60 से 90 दिन बहुत होते हैं। इसलिए बाढ़ से जो विभीषिका पैदा होती है, जनधन की हानि होती है, उसका कोई असर चुनावों पर नहीं पड़ता और अगर चुनाव का साल न हो, तब तो बाढ़ जैसी परेशानियों के बारे में सोचा भी नहीं जाता।

> जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि इस मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है?

सवाल है क्या साल 2025 में जून और जुलाई के पहले हफ्ते में जो सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है, उसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा या नुकसान होगा और इससे भी बड़ी बात है कि जो नुकसान होगा, क्या उसके बारे में अगली बार नुकसान न हो, ऐसा गंभीरता से सोचा जायेगा? या फिर जैसे पिछले लगभग 78 सालों से चला आ रहा है, वैसा ही यह रूटीन साल होगा? याद रखिए, अगर हम बाढ़ को लेकर इतना ही उदासीन रहे, तो सन 2047 तक हम भारत को विकसित बनाने का जो ख्वाब देखते हैं, वह ख्वाब ही रह सकता है। यह समस्या भले अपने अपने फायदों के कारण शासन-प्रशासन में महत्वपूर्ण जगहों पर बैठे लोग न समझते हों, लेकिन देश के आम लोग जो इस बाढ़ से हर साल पीड़ित होते हैं, वो बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए साल 2025 की सामान्य से बेहतर बारिश खुशियों के साथ जो समस्याओं पुलिंदा लेकर आयी है, उसके बारे में अब गंभीरता से सोचना होगा, नहीं तो इस आपदा को लेकर हमारा यह चालू रवैय्या हमें हमेशा के लिए इसके साथ नत्थी कर देगा।

हम सब जानते हैं कि भारत आज भी मूलतः कृषि प्रधान देश है। भले हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में चैथे पायदान पर पहुंच गई हो और इस अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी सिर्फ 18.2 फीसदी हो, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की अभी भी 42 फीसदी आबादी सीधे तौरपर और करीब 10 फीसदी आबादी अप्रत्यक्ष तौरपर कृषि पर ही निर्भर है। इस तरह देखें तो खेती अभी भी आधे से ज्यादा भारतीयों की जीविका है। हमारे यहां बारिश का होना इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भी आधे से ज्यादा खेती मानसून पर ही टिकी है और देश में पेयजल का भी 60 फीसदी से ज्यादा आधार बारिश का पानी ही है। इसके अलावा देश में जो जलविद्युत बनती है, उसके लिए भी बारिश का होना बहुत जरूरी है। इसलिए भारत जैसे देश में मानसून का जल्दी आना जैसे इस साल आया अच्छी खबर मानी जाती है। मौसम विभाग की मानें तो इस बार जून से सितंबर के बीच 106 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो सकती है। बारिश की सामान्य परिभाषा में 87 सेंटीमीटर का दीर्घकालिक औसत के 96 से 104 प्रतिशत के बीच माना जाता है।

इस बार अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। जबकि कुछ क्षेत्रों में बारिश कुछ कम भी हो सकती है, जिनमें बिहार, झारखंड़, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा के कुछ हिस्से, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल हैं। सवाल है क्या यह औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान खेती के लिए खुशहाली की सूचना है? इसका जवाब 'हां' में भी है और 'न' में भी। क्योंकि अनुभव बताता है कि ज्यादा बारिश अपने यहां दुधारी तलवार की तरह है। यह खेती के लिए खुशखबरी भी हो सकती है और कई बार यह खेती के लिए परेशानी का सबब भी बनती है। क्योंकि इस साल अनुमान से करीब 10 दिन पहले मानसून सक्रिय हो गया है, इसलिए जुलाई के महीने में होने वाली खरीफ फसल बुआई का रकबा पिछले साल के मुकाबले 11.3 फीसदी बढ़ गया है। इस साल जून की आखिरी तारीख तक ही 26.2 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की बुआई हो चुकी थी। विशेषकर धान, सोयाबीन और तिलहनों का रकबा बढ़ा है। बुआई के साथ साथ जलाशयों, नदियों और भूमिगत जल के स्तर में तेजी से पुनर्भरण हुआ है, जिससे सीधा सा अनुमान है कि रबी की फसल में आम सालों की तरह सिंचाई की कम जरूरत पड़ेगी। यही नहीं इस साल जून और मई के महीनों में औसत से कम गर्मी पड़ी है। मध्य भारत में विशेष तौरपर तापमान 4 डिग्री तक कम रहा है, जिससे इस साल भीषण गर्मी वाले दिन यानी 'नौतपा' भी बाकी सालों के मुकाबले कम गर्म रहे हैं। इस तरह मध्य भारत को इस साल गर्मी से किसी हद तक छुटकारा मिला है।

लेकिन समय से पहले बारिश आने से सबकुछ अच्छा-अच्छा ही नहीं सोचा जा सकता। गुजरात में इस साल अब तक 135 फीसदी तक यानी सामान्य से 30 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है और चूंकि इतनी ज्यादा बारिश महज 20 दिनों के अंतराल में हुई है, इसलिए इसकी तीव्रता, बारिश के पानी का प्रवाह फसलों के लिए फायदेमंद नहीं, अभी तक तो नुकसानदायक साबित हुआ है। सिर्फ गुजरात में ही नहीं महाराष्ट्र के पुणे और मराठवाड़ा जिले में भी इस साल ज्यादा बारिश के कारण इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ज्वार, बाजरा, मूंगफली जैसी फसलों का 60 से 70 फीसदी तक नुकसान हो चुका है और विशेषज्ञों की मानें तो अगर पूरी जुलाई यही स्थिति रही तो महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों में विशेषकर पुणे और मराठवाड़ा संभाग में 80 से 90 फीसदी तक खेती का नुकसान हो सकता है। इन सब बातों को देखते हुए अगर साल 2025 में हम बारिश के कम या ज्यादा के होने वाले नुकसानों के प्रति संवेदनशील नहीं हुए तो आने वाले दिनों में हमारे लिए यह लापरवाही बहुत भरी साबित होगी।

## सोशल मीडिया

पूर्णिया में एक परिवार के 5 लोगों को जिंदा जलाकर मार डाला, डीके टैक्स के कारण बिहार में अराजकता चरम पर, डीजीपी, सीएस बेबस, कानून व्यवस्थ ध्वस्त। तेजस्वी यादव.

बिहार में लगभग करोड़ से ज्यादा युवाओं को अब वोटर बनने के लिए अपने माता या पिता की नागरिकता को साबित करनी होगी, दस्तावेज उनके मां-बाप पास हैं क्या? योगेन्द्र यादव.

मा. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्रीमती गुलाब देवी जी के हापुड़ में सड़क दुर्घटना में घायल होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। केशव प्र. मौ.

# संतों का जीवन

**अंतर्दृष्टि**

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है। **– ओशो.**

# यह हमारे प्रतिकूल है

**व्यंग्यलोक**

अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।

**पूरन सरमा**

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

# समान नागरिक संहिता के लिए यूपी कितना तैयार

**चिंतन**

**लोकेश त्रिपाठी**

समान नागरिक संहिता यानि यूसीसी एक ऐसा प्रस्ताव है जिसके तहत भारत में सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे सिविल मामलों में एक समान कानून लागू किया जा सकता है, बिना किसी धार्मिक भेदभाव के। वर्तमान में, विभिन्न धार्मिक समुदाय अपने व्यक्तिगत कानूनों का पालन करते हैं।

समान नागरिक संहिता का विचार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में शामिल है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। यह अनुच्छेद कहता है कि राज्य को सभी नागरिकों के लिए पूरे भारत में एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करना चाहिए। हालांकि, ये तत्व कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं और स्वतंत्रता के बाद से इस पर बहस चल रही है। 1985 के शाह बानो मामले और 2017 के शायरा बानो मामले जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को रेखांकित किया, लेकिन इसका कार्यान्वयन विवादास्पद रहा है।

अब आइए जानते हैं कि इसको लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश के सामने कौन-कौन सी बड़ी चुनौतियां हैं? जनसंख्या की विविधता यानी यूपी में हिंदुओं, मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, और अन्य समुदायों की बड़ी आबादी है। विशेष रूप से, मुस्लिम समुदाय की आबादी काफी बड़ी है और उनके व्यक्तिगत कानून शरीयत पर आधारित हैं, जो विवाह, तलाक, और उत्तराधिकार में अलग नियम लागू करते हैं। इन कानूनों को बदलना धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं से टकराव पैदा कर सकता है। दूसरी है राजनीतिक संवेदनशीलता। यूपी एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य है, जहां चुनावी राजनीति में धार्मिक और सामाजिक मुद्दे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2022 में, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि यूपी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की योजना बना रही है। हालांकि, विपक्षी दल और अल्पसंख्यक समुदायों ने इसका विरोध किया, जिससे राजनीतिक तनाव बढ़ा। तीसरी चुनौती है सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिरोध। सदियों पुरानी सामाजिक परंपराओं को बदलना मुश्किल होता है। कई समुदाय अपने व्यक्तिगत कानूनों से गहरी जुड़ाव रखते हैं और समान नागरिक संहिता को स्वीकार करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि प्रदेश में कई चुनौतियां ऐसी भी हैं जो अन्य राज्यों के मुकाबले प्रासंगिक हैं। जैसे सहमति का अभाव। विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों के बीच समान नागरिक संहिता को लेकर कोई सहमति नहीं है। जैसे, मुस्लिम समुदाय को डर है कि उनकी धार्मिक प्रथाओं, जैसे निकाह-हलाला और ट्रिपल तलाक, पर प्रतिबंध लग सकता है, जबकि हिंदू समुदाय कुछ मामलों में समानता की मांग करता है। दूसरी है सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनशीलता। कई समुदाय मानते हैं कि समान नागरिक संहिता उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खतरे में डाल सकती है। यूपी जैसे राज्य में, जहां धार्मिक विविधता अधिक है, यह चिंता और बढ़ जाती है। तीसरी है कानूनी जटिलता। विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों, जैसे हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, मुस्लिम व्यक्तिगत कानून, और अन्य, को एक समान कोड में समाहित करना कानूनी रूप से जटिल है। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। सामाजिक परंपराओं को बदलना हमेशा मुश्किल होता है। विशेष रूप से, वे लोग जो वर्तमान प्रणाली से लाभान्वित हो रहे हैं, जैसे पुरुष-प्रधान उत्तराधिकार नियमों से, वे परिवर्तन का विरोध कर सकते हैं।

समान नागरिक संहिता का विरोध विभिन्न समूहों से आता है, जो यूपी में और अधिक तीव्र है। भाजपा समान नागरिक संहिता का समर्थन करती है लेकिन कांग्रेस और क्षेत्रीय दल जैसे समाजवादी पार्टी इसका विरोध करते हैं, यह कहते हुए कि यह अल्पसंख्यक अधिकारों और सांस्कृतिक विविधता को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि चुनौतियां हैं, समान नागरिक संहिता के अनेक लाभ भी हैं, जैसे लैंगिक समानता, राष्ट्रीय एकीकरण, और कानूनी प्रणाली को सरल बनाना। इसलिए यूपी में इसे लागू करने के लिए यह जरूरी है कि सभी दलों और धार्मिक समूहों के साथ इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श कर आम सहमति बनायी जाये।

## आप की बात

### बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक बदलाव

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क हादसे में दो की मौत, दो गंभीर

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल चैराहा फ्लाई ओवर पर मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक ही बाइक पर सवार चार लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए।इस दुर्घटना में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो को गंभीर चोट आई।जिन्हें इलाज के लिए पुलिस ने जिला चिकित्सालय भेजा है।बताते हैं कि घाट का पुरवा हंसराजपुर थाना बाबा बाजार अयोध्या निवासी अजय रावत उम्र लगभग 27 वर्ष अपनी पत्नी रीना 25 वर्ष पुत्री कविता 10 वर्ष पुत्र हर्ष 6 वर्ष को अपनी बिना रजिस्ट्रेशन वाली नई पैशन प्रो बाइक से बैठाकर राम मंदिर दर्शन के लिए घर से निकला था। सोहावल चैराहा हाइवे पुल पर पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सभी सड़क पर गिर गए और पीछे आ रहे किसी अन्य वाहन ने दो लोगों को टक्कर मार दिया। जिससे रीना पत्नी अजय रावत उम्र लगभग 25 वर्ष कविता पुत्री अजय रावत उम्र लगभग 10 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि पुत्र हर्ष समेत अजय की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# सीएम योगी का दौरा आज

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सहित अन्य अधिकारियों ने रामपुर हलवारा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंच

- **विधायक ने डीएम संग किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**

साज-सज्जा, हेलीपैड तथा पौधरोपण के स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक की गई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकताओं को जिम्मेदारियों सौंपी गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया सभा स्थल पर पहुंचने वाले सभी मार्गों को ठीक कर दिया जाए, पार्किंग की व्यवस्था की जाए। जिससे किसी को कोई परेशानी न आने पाए। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव के तहत वृहद पौधरोपण अभियान की शुरूवात अयोध्या से हो रही है। रामपुर हलवारा में वृहद स्तर पर पौधे लगाकर किष्किंधा वन के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसमें औषधीय वृक्ष, फलदार, छायादार सजावटी व पर्यावरणीय पौधे शामिल है। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकताओं के लिए यातायात सुविधा, स्वागत कार्यक्रम, मंच व्यवस्था को लेकर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अंतिम रूप दिया गया है। इस अवसर पर महापौर गिरिशपति त्रिपाठी ने कहा, रामनगरी की पावन भूमि से पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे प्रदेश को देना गौरव की बात है। हम सभी को मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, हर कार्यकर्ता इस अभियान का हिस्सा बनेगा। पौधरोपण महज कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। अयोध्या व पूरा मंडल के हर बूथ से कार्यकताओं की जनसभा में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। यातायात, स्वागत एवं मंच व्यवस्था सहित हर बिंदु पर तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, कपिल देव वर्मा, रामप्रीत वर्मा, बालकृष्ण वैश्य, शैलेन्द्र कोरी, वरूण चैधरी, शम्भू नाथ सिंह, देवता पटेल, परमानंद मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा आवश्यकः प्रो.हिमांशु शेखर

*अयोध्या* /डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में शिक्षा से सर्वोच्चता अभियान के तहत परंपरागत शैक्षिक पद्धति के विद्यार्थियों की कौशल अभिवृद्धि एवं ज्ञान संवर्धन के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने किया । उन्होंने कहा कि परंपरागत शैक्षिक पद्धति से जुड़े विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने के लिए इग्नू द्वारा नवीन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने हेतु एक बड़ा कदम उठाया गया है। इग्नू एवं मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान, उत्तर प्रदेश शासन के बीच किए गए एमओयू के अंतर्गत चार नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम जुलाई 2025 सत्र से आरंभ हो रहे हैं। इन कोर्सों में तीन सर्टिफिकेटकृफ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, हाउसकीपिंग ऑपरेशन, फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशन और एक पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशन शामिल हैं। सर्टिफिकेट कोर्स छह महीने का होगा, जिसमें दो महीने की थ्योरी क्लासेस और चार महीने की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग कराई जाएगी। डिप्लोमा कोर्स एक वर्षीय होगा, जिसमें चार महीने का सैद्धांतिक शिक्षण और आठ महीने का औद्योगिक प्रशिक्षण सम्मिलित रहेगा।

इसका उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक दक्षता प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार प्राप्त करने या स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने में सक्षम बन सकें। इन पाठ्यक्रमों की फीस अत्यंत न्यूनतम है। इग्नू लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी, लचीली एवं व्यावहारिक शिक्षा मिलेगी। इन पाठ्यक्रमों में दी गई है। इससे युवाओं को देश-विदेश की होटल और पर्यटन सेवाओं में रोजगार पाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ लेकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर हों। सर्टिफिकेट कोर्स की फीस 3000 रुपए तथा डिप्लोमा कोर्स की फीस 9000 रुपए निर्धारित की गई है।

## चेकिंग ऑपरेशन में अनफिट मिला 1 स्कूली वाहन सीज, 5 वाहन के किये चालान

**बाराबंकी।** 1 से 15 जुलाई तक अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने थाना रामसनेहीघाट क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अनफिट मिलने पर स्कूली वाहन संख्या यू0पी 41 एटी 2418 को सीज किया। तथा 5 स्कूली वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये। इसके साथ ही टीम ने क्षमता से अधिक माल ढोने वाले 5 ओवरलोड़ वाहनो को सीज एंव 3 डग्गामार बसो का चालान करते हुये 72 हजार रुपये जुमार्ना लगाया।

## पौधरोपण महाभियान के मुख्य अतिथि होंगे अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग

**बहराइच ।** जनपद में वषार्काल 2025 में संचालित होने वाले वृक्षारोपण महाभियान के मुख्य अतिथि मा. अध्यक्ष, (राज्यमंत्री) राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग श्री राजेश वर्मा 09 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे इण्डियन पोटाश लिमिटेड, शुगर यूनिट, जरवल रोड बहराइच में जनप्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण करेंगे।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में महिला चैपाल का आयोजन

**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में मिशाक्ति योजनान्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा हेतु जागरूक करने हेतु विधि महाविद्यालय एवं कोतवाली सतरिख के संयुक्त तत्वाधान में महिला चैपाल का आयोजन शुभारम्भ प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुर्वेदी एवं अनिल कुमार शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने महिलाओं के सम्बन्ध में शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एंव अधिकारों हेतु प्रदत्त सुविधाओं एंव सहायता को कैसे प्राप्त किया जाता इस पर प्रकाश डाला गया। महिला पुलिसकर्मी सत्यभामा ने शासन द्वारा निर्गत 112, 1090, 1076 इत्यादि नम्बरों की जानकारी प्रदान की एवं उसकी कार्यप्रणाली से उपस्थिति समस्त सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम मे प्राचार्य डा0अश्वनी कुमार गुप्ता, संस्था महिला प्रकोष्ठ समन्वयक डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय समेत सभी सदस्य, प्रवक्ता, छात्राएं मौजूद रही।

## अंधेरे में डूबा बरईपारा गांव

**मिल्कीपुर अयोध्या।** विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज के सिधौना फीडर अंतर्गत बरईपारा गांव पिछले चार दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। गांव का 25 केवीए ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लगभग पांच सौ की आबादी बिजली के अभाव में तमाम समस्याओं का सामना कर रही है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विद्युत विभाग के जेई

- **विद्युत विभाग की लापरवाही से नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर**

बृजलाल को की, लेकिन 72 घंटे बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह ट्रांसफार्मर इस साल फरवरी से अब तक तीसरी बार जल चुका है, जिससे विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बृजलाल ने बताया कि पहले गांव में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर था, जो ओवरलोड होने के कारण बार-बार खराब हो रहा था। इसके बाद 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन वह भी जल गया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति और ट्रांसफार्मर की खराबी ने उनकी दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया है। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से इनवर्टर और मोबाइल डिस्चार्ज हो गए हैं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हैं, और पानी की टंकियां भी खाली हैं।ग्रामीण दयाराम, बंटी, मनीष, राजकुमार और अजय सिंह ने बताया कि बिजली की कमी के कारण रात में गर्मी से सोना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े-मकड़ों का खतरा बढ़ गया है, जो अंधेरे के कारण और भी गंभीर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही उनकी जान को खतरे में डाल रही है सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 48 घंटे के अंदर उसे बदलने का दावा किया है, लेकिन बरईपारा गांव में 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## चार वाटिकाओं का होगा विकास, 64 पार्कों में होगा पौधरोपण

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** हरियाली लाने के लिए अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में चार वाटिकाओं का विकास किया जाएगा और 64 पार्कों में पौधरोपण किया जाएगा। वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान 61 700 पौधे नगर क्षेत्र में रोपने

- **नगर निगम ने तय किया 62 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य**
- **माता जानकी, लक्ष्मण, भरत के नाम पर होगा वनों का नामकरण**

का लक्षण रखा गया है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि प्रभु राम के अनुजों महात्मा भरत, लक्ष्मण एवं माता जानकी के नाम पर एक-एक उपवन विकसित होगा, जबकि अयोध्या की पुष्प वाटिका का नाम तपोवन होगा। मियावाकी तकनीक से विकसित होने वाले वनों की प्राकृतिक छटा तो शहरवासियों को लुभाएगी ही,

इनमें स्थापित ओपन जिम भी युवाओं के आकर्षण का केंद्र होगा।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने उपवन के विकास की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को सौंपी है। उन्होंने बताया कि कुशमाहा में विकसित होने वाली वाटिका का नाम भरत के नाम पर रखा गया है।

यह वाटिका 2.62 एकड़ में होगी, जिसमें दो एकड़ का मियावाकी तकनीक से बाग विकसित किया जाएगा, जिसमें 28 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बाकी हिस्से में ओपन जिम, हाईमास्ट लाइट, रेन वाटर हार्वेसिंटग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही अब्बूसराय में 1.31 एकड़ में जानकी वन विकसित किया जाएगा, जिसमें 14 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यहां भी ओपन जिम तथा स्थानीय लोगों के टहलने के लिए पथ का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वनवीरपुर में विकसित होने वाले वन का नाम लक्ष्मण वाटिका रखा जाएगा। इस वाटिका में तीन हजार पौधे एक एकड़ भूमि पर लगाए जाएंगे तथा स्थानीय लोगों के भ्रमण के लिए पथ की भी सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक एकड़ में विकसित पुष्प वाटिका में देश-विदेश की विभिन्न प्रजातियों के 500 शोभाकार एवं छायाकार पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा 10 हजार वर्ग फीट में कारपेट घास भी लगाई गई है। यहां फूड कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किया जा रहा है।

## अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का आगमन 09 को

**बहराइच ।** अध्यक्ष, (राज्यमंत्री) राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग श्री राजेश वर्मा का 09 जुलाई 2025 को जनपद आगामन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. अध्यक्ष श्री वर्मा 09 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे इण्डियन पोटाश लिमिटेड, शुगर यूनिट, जरवल रोड बहराइच पहुचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपरान्ह 12:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी डीएफओ बहराइच ने दी है।

# हर गली- कूचों में हो रहा नशे का कारोबार

**रुपईडीहा।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा पड़ोसी मित्र राष्ट्र से सटा हुआ कस्बा रुपईडीहा वर्तमान समय में नशीले पदार्थों का हब बन चुका है। यहां एक के बाद एक मेडिकल स्टोर खुलते जा रहे हैं। यहां लाइसेंस का भी कोई मतलब नही। सेल्समैन की योग्यता का भी कोई मतलब नहीं। ऊंची पगड़ी व भारी भरकम किराया दुकानों का देकर लोग मेडिकल स्टोर खोलते जा रहे हैं। यहां ग्राहकों की कमी नही है। नशे की गिरफ्त में फंसे युवक दूसरे युवकों को फ्री नशा पिलाकर अपनी जमात बढाते जा रहे हैं। प्रमुख रूप से बिकने वाला नशा नशीली दवाएं, स्मैक व चिप्पड़ हैं। बेखौफ इस नशे की बिक्री रुपईडीहा मे भारी मात्रा में जारी है। कोई प्रतिबंध व भय नशा बेचने वालों को नही है। नशे की बिक्री दिन दूनी रात बढ़ती जा रही है। हालांकि दर्जनों युवक कस्बे के ही नशे के कारण मौत को गले लगा चुके हैं। इनमें तीन युवतियां भी हैं। और तो और पड़ोसी नेपाली जिला बांके के 4 युवकों की मौत नशे के कारण ही यहां हो चुकी है। खबर मिलने पर इनके परिजन इनका शव लेकर गए हैं। रुपईडीहा की इस नशे की बिक्री से पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के सरकार, मादकपदार्थ नियंत्रण ब्यूरो व पुलिस परेशान हैं। हर दूसरे दिन नेपाली जिला बांके, बर्दिया, सुर्खेत, दैलेख, दांग, रुकुम, जाजरकोट व कंचनपुर आदि जिलों में नेपाली युवक रुपईडीहा से स्मैक व नशीली गोलियां ले जाते हुए पकड़े गए जो जेल की हवा खा रहे हैं। पहले जिले में नशे के अवैध कारोबार को रोकने केलिए यहां ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति किया गया था इसके पूर्व यहां ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद थे। जो यहां निष्कंटक सात वर्षों तक राज करते रहे। ऊंची पहुंच के कारण तमाम शिकायतों के बावजूद उनका स्थानान्तरण नहीं हो पा रहा। तुरंत काफी शिकायतों के बाद उनका ट्रांसफर हो गया उनके स्थानान्तरण के बाद इस जिले का चार्ज विनय कृष्णा को दिया गया। विनय कृष्णा का भी वही हाल है। इन्ही की सरपरस्ती मे यहां एक के बाद बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर नए खुल गए। जिनपर सुबह 6 बजे से ही नेपाली युवा युवक युवतियों का जमावड़ा लग जाता है। गोली, कैप्सूल व नशीली इंजेक्शन नेपाली युवा युवती आकर सेवन करते हैं व चले जाते हैं। कुछ अपना खर्च निकालने के लिए यहां से ड्रग्स व स्मैक लेकर नेपाल जाते समय पकड़ जाते हैं। स्मैक के एक दो ग्राम वाले ही पकड़े जाते हैं जो लोग सप्लाई करते हैं उनके ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता रुपईडीहा की मरजीना व नसरीन तथा पप्पू तेली, छोटे, बचऊ, टिल्लू, निसार, शेरू, बबलू हवाई शेरा, यादव, स्माइल, मेराज व रशीद अहमद पुत्र चांद की मौतें हो चुकी हैं। रुपईडीहा के चिकवन टोला, नईबस्ती, बरथनवा, घसियारन टोला, गुड़ियन मोहल्ला रुपईडीहा गांव और भरथना केवलपुर मोड़ आदि क्षेत्रों मे नशा फल फूल रहा है और धडल्ले से बेचा जा रहा है। रुपईडीहा के राम जानकी नगर वार्ड नंबर दस अब नशे की खरीद फरोख्त का नया केंद्र बन गया है। यहां चार, पांच नई नशे की दुकान खुल गयी है। अहमद ने बताया कि मुझसे कुछ नए लोग नशे की दुकान खोलने के लिए दुकान मांगने आये थे। मुंह मांगी पगड़ी वह लोग किराया दे रहे थे। परंतु मैंने नही दिया। सुबह से देर रात तक मोहल्ले में नशेड़ियों का जमघट लगा रहता हैमां राजेस्श्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर शिवपूजन सिंह ने बताया कि गत 11 व 12 जनवरी सन 2022 को एनसीबी की लखनऊ टीम व तत्कालीन एसएसबी की रुपईडीहा बीओपी के सहायक कमांडेंट सुमित भारद्वाज ने रुपईडीहा के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर लगभग 8 करोड़ की नशीली दवाएं पकड़ कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## कलेक्ट्रेट में सम्मानित हुए गोल्ड मेडल विजेता भूपेंन्द्र प्रताप सिंह

**बहराइच।** मथुरा के बीएसए कॉलेज में विगत शुक्रवार को सम्पन्न हुई 27वीं प्री-यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप की 10 मी. एअर राइफल स्पर्धा में जनपद के भूपेंद्र प्रताप सिंह ह्यह्यसजलह्लह्ल को गोल्ड मेडल जीतने पर कलेक्ट्रेट कक्ष में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मकेश चन्द्र द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं गोल्ड मेडल पहनाकर भूपेंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कहा कि श्री सिंह के गोल्ड मेडल जीतने से आकांक्षी जनपद के युवा खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे।

इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रमाणित कोच तथा अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के प्रबन्धक अनिल कुमार पाल, राष्ट्रीय निशानेबाज गगनदीप सिंह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि तजवापुर रमाकर पाण्डेय, मोनू सिंह व अवधेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## आल इंडिया पसमादा मुस्लिम महाज के तत्वाधान में हुसैनी लंगर का आयोजन

**बाराबंकी।** आल इंडिया पसमादा मुस्लिम महाज के तत्वाधान में सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो लोगो ने शिरकत की। इस मौके पर कर्बला की घटना और इमाम हुसैन की कुर्बानी के बारे में चर्चा करते हुये महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में अपने प्राणों की आहुति देकर यह संदेश दिया कि अन्याय और जुल्म के आगे कभी झुका नहीं जाता। उनका जीवन इंसानियत, हक और न्याय के लिए संघर्ष की मिसाल है।

हुसैनी लंगर केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से न केवल इमाम हुसैन की कुबार्नी को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा सकता है। बल्कि समाज में एकता और शांति का संदेश भी मजबूत होता है।

## प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का षड़यंत्र शिक्षा व्यवस्था पर आघातः तनुज पुनिया

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** वर्तमान सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का जो षड्यंत्र किया जा रहा है। उससे उन गरीबों दलित एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों के उपर घातक हमला है। उक्त प्रतिक्रिया काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने दी। सांसद श्री पुनिया ने आगे कहा

- **मानसून सत्र में विधवत इस विषय पर चर्चा कर समस्या से करायेंगे अवगत**

कि भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश भर में लगभग 5000 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की जो प्रतिक्रिया की गयी है उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर आघात है बल्कि ये फैसला प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक रूप से दलित पिछड़ा एवं आदिवासी समाज के बच्चों को शिक्षा से दूर करने का जो सुनियोजित प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

जिससे इन गरीब पिछड़े दलित समाज के बच्चों की नींव कमजोर होगी एवं शिक्षा से वर्जित हो जाएंगे तो इनका आने वाला भविष्य अंधकार में हो जाएगा। संविधान के द्वारा अनुच्छेद

21 ए के अन्तर्गत सबको शिक्षा का अधिकार है। जोकि वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो कि हर बच्चे को निशुल्क शिक्षा का अधिकार देता है।

श्री पुनिया ने कहा कि मानसून सत्र में मैं विधवत इस विषय पर चर्चा करूंगा कि तेलंगाना जैसे प्रदेश के एक छोटे से खम्मम जिले के एक गांव में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में केवल एक छात्रा पढ़ती है।

यह स्कूल एक शिक्षक के साथ चल रहा है और वह अकेली छात्रा चैथी कक्षा में है। स्कूल में दाखिला कम होने के कारण ऐसा हुआ है छात्र का नाम कीर्तना है। यह तेलंगाना की सरकार दशार्ती है कि उसकी शिक्षा बिना किसी रूकावट के जारी रहे जिसकी स्कूल प्रशासन ने यह व्यवस्था की है।

उसने कहा कि अगर स्कूल बन्द हो जाता है तो इसे फिर से खोलना मुश्किल होगा इसलिये उसके पिता ने उसे यहां पढ़ने देने का फैसला किया है।

# नोडल अधिकारी ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2025 को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप उ.प्र. शासन रणवीर प्रसाद ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु गडढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि मात्र लक्ष्य तक ही सीमित न रहें, विभागीय परिसम्पत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त है तो लक्ष्य से अधिक पौधे रोपित कराने का प्रयास करें।

नोडल अधिकारी श्री प्रसाद ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका हैं। श्री प्रसाद ने जिला प्रशासन को सुझाव दिया की अगले वर्ष जिन विभागों के पौधों की जीवंता अधिक हो उन्हें

पुरस्कृत किया जाय। पौधों के प्रजातियों के चयन के लिए सुझाव दिया की रोपे जाने वाले पौधों के भविष्य की उपयोगिता का भी ध्यान रखा जाय। नोडल अधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिया की वैराजों आदि पर उपलब्ध उपयुक्त भूमि पर फलदार पौधे रोपित किये जायें ताकि वैराजो के देख-रेख के लिए भविष्य में अतिरिक्त आय का प्रबंध हो सके।

नोडल अधिकारी श्री प्रसाद ने अन्य विभागों को भी निर्देशित किया कि ऐसे प्रजातियों का चयन करे जो भविष्य में विभाग के लिए उपयोगी एवं आय के श्रोत का साधन बन सके। नोडल अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया की पौधरोपण के लिए चिन्हित स्थलों का जिम्मेदार अधिकारी स्वयं भ्रमण कर की गयी तैयारियों से संतुष्ट हो लें। प्राविधिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिये गये की अपने संस्थानों के मुख्य द्वार पर एक सप्ताह में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करें ताकि रोपे गये पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक के अन्त में डीएम ने श्री प्रसाद को ओडीओपी निर्मित स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि वषार्काल 2025 में जिले को 79 लाख 56 हजार 796 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने बताया वन प्रभाग बहराइच को 20 लाख 88 हजार 370 व कतर्नियाघाट को 9 लाख 52 हजार 224 पौध रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जबकि 25 अन्य लक्षित विभागों द्वारा 49 लाख 16 हजार 202 पौधों का रोपण किया जाएगा। डीएम ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप जिले में मृदा कार्य पूर्ण करा लिया गया है। जिले के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पौध उठान के साथ रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया गया है।डीएम ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर विशिष्ट वन अन्तर्गत त्रिवेणी वन (पीपल, बरगद), अटल वन (स्थानीय प्रजातियां), ऑक्सी वन (पीपल, नीम), शौर्य वन (छितवन, पाकड़) गोपाल वन (छायादार व चारा प्रजाति), खाद्य वन (आम, अमरूद, जामुन व आवला), ग्राम वन (सागौन, कचनार व सिरस) मित्र वन (शीशम, आम, छितवन) शक्ति वन (सागौन, सिरस व जामुन) युवा वन ( जामुन, सिरस व सागौन) बाल वन (आम, अमरूद व जामुन) रक्षाबंधन वाटिका (सागौन, सिरस, जामुन व अर्जुन), एक पेड़ मॉ के नाम (आम, कटहल, ऑवला व शहजन) तथा आद्र भूमि संरक्षण (जामुन, अर्जुन) वन में अलग-अलग प्रजातियों के पौध रोपित किये जायेंगे। बैठक का संचालन करते हुसिंह यादव ने बताया कि विभागों के लक्ष्य के अनुसार जनपद में वन, उद्यान एवं रेशम विभाग की नर्सियों से पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी गयी है।

## विधान परिषद विनियमन समीक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने की विभागीय समीक्षा

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति, जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर विभागीय कार्यवाही तथा जनता से जुड़े विकास कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान समिति अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लेते हुए उन पर समयबद्ध, प्रभावी व पारदर्शी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित की जाने, संबंधित जनप्रतिनिधियों को की गई कार्यवाही से यथाशीघ्र अवगत कराने, विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से जोड़ने पर बल देते हुये निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाहियों का प्रस्तुतीकरण किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समिति को जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था एवं सामुदायिक भागीदारी के प्रयासों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक मे सदस्य विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, किरणपाल कश्यप, डॉ0 रतनपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, समिति के अनुसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, प्रतिवेदक सुधीर यादव, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## हरे नीम के पेड़ काटने के मामले में तीन पर केस

**रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में हरियाली के दुश्मनों पर वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। चकवापुर मजरे बेहटा कलां गांव में बिना परमीशन के 5 हरे पेड़ों के काटे जाने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वन रक्षक नीरज शर्मा ने बताया उन्हें सूचना मिली थी कि चकवापुर मजरे बेहटा कलां गांव में हरे नीम के पेड़ो पर आरा चलाया जा रहा है। मौके पर जांच के दौरान 5 पेड़ों के काटे जाने की पुष्टि हुई है। नीरज शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रोहित निवासी दयालपुर व चांदसी, बच्चू निवासी चकवापुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बहाई गांव निवासी यार मोहम्मदपुर पुत्र नूर मोहम्मद ने गांव के ही साजू उर्फ बिहारी पुत्र अकबर के खिलाफ मारपीट करने के बाबत केस पंजीकृत कराया है। यार मोहम्मद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 17 जून को वह साइकिल से पूरे उसरहा गांव जा रहा था अभी साजू उर्फ बिहारी ने बाइक लगाकर उसे रोक लिया और उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला बोल दिया जिससे उसे गंभीर चोट आई है। यार मोहम्मद का कहना है कि गंभीर रूप से चोटहिल हो जाने के कारण सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल लालगंज में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया था।15 दिन जिला अस्पताल में इलाज के बाद डॉक्टर ने डिस्चार्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी की तलाश हो रही है।

## लूट के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि 19 मई को तहसील लालगंज में वकालत करने वाले सुआ खेड़ा निवासी रामकिसुन वर्मा के साथ कुछ लोगों ने लूटपाट की घटना की थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। अधिवक्ता के साथ लूटपाट करने वालों को पकड़कर जेल भेजा गया है। कोतवाल ने बताया कि लूटपाट करने में शामिल आरोपी रामनगर टिकरान निवासी सत्येंद्र बहादुर और यश कुमार सहित थाना सरेनी के कोरवां बिठूली निवासी दिनेश कुमार शामिल हैं। तीनों को टिकरान भठ्ठे के पास से पकड़ा गया है। पकड़े गए मुलजिमों के पास से अधिवक्ता का लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है। साथ ही लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया गया है।

## जमीन की नाप के दौरान युवक को पीटा

**रायबरेली।** राजस्व अधिकारियों के सामने जमीन की नाप के दौरान एक पक्ष के तीन लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र लालगंज के उमरामऊ गांव निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि उसकी जमीन की नाप की जा रही थी। जिसमें लेखपाल के साथ कानूनगो आदि भी मौजूद थे। लेकिन इसी दौरान बात को लेकर दोनो पक्षो में कहासुनी होने लगी। इसी दौरान राजस्व अधिकारियो की मौजूदगी में रामनरेश, शुभम्व बबलू ने उसकी पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कप्तान की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया जोरदार प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज विकास भवन में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संगठन द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है, आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम से नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी एवं संरक्षक दान बहादुर सिंह ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।

जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी और जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है।

जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह और छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी, डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह, सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा, बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला, रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला, शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह, लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव, गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, अमावां अध्यक्ष अशोक पाल, राही अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारी ने किया पौधशाला का निरीक्षण

**रायबरेली।** बैठक के उपरांत नोडल अधिकारी ने दरियापुर और शोरा स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने नर्सरी में लगाए जाने वाले पौधों की गुणवत्ता देखी। उन्होंने पौधशाला में कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी पौधरोपण के संबंध में चर्चा की।

## केस दर्ज होने पर परिजनों ने किया सुनील के शव का अंतिम संस्कार

जिला संवाददाता (vol)

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के मदारडीह गांव निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व सेक्टर प्रभारी सुनील यादव (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। रविवार शाम हुई इस घटना को लेकर परिजनों ने चांदा पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। परिजनों का आरोप हैं कि सुनील यादव के साथ मारपीट की गई, जिससे गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई। सोमवार शाम जब पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने एफआईआर दर्ज होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। परिजनों ने बताया कि घटना से कुछ दिन पहले सुनील यादव ने फेसबुक पर सीएम योगी आदित्यनाथ, डीजीपी, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को टैग करते हुए अपनी हत्या की आशंका जताई थी और सुरक्षा व न्याय की मांग की थी। इसके बावजूद अचानक हुई उनकी मौत कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। बरही के दिन घर पहुंचा पिता का शव, गांव में छाया मातम मृतक सुनील यादव तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी एक डेढ़ वर्ष की बेटी दीपा है और 12 दिन पहले ही उनके घर बेटे का जन्म हुआ था। रविवार को बेटे की बरही की तैयारी चल रही थी। इसी दिन सुनील की मौत की खबर ने पूरे परिवार और गांव को स्तब्ध कर दिया। जब पिता का शव उसी दिन घर पहुंचा तो हर्ष का माहौल पलभर में मातम में बदल गया। सैकड़ों ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। अंततः पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सहमति दी। शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## रिश्वत लेते पकड़ा गया लिपिक

**सुलतानपुर।** जिले के डीआईओएस कार्यालय में मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जीपीएफ लिपिक अजय यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया और मौके से रिश्वत की रकम भी जब्त की। अजय यादव पर लंबे समय से शिक्षकों और कर्मचारियों से जीपीएफ कार्यों के बदले सुविधा शुल्क लेने का आरोप था। इस कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया है। टीम ने पूछताछ के बाद साक्ष्य जुटाए और आगे भी जांच की बात कही है। इससे अन्य भ्रष्ट कर्मचारियों में भी दहशत का माहौल है।

## प्राथमिक विद्यालय को बंद मर्जर करने के विरोध में प्रदर्शन

**अमेठी।** मंगलवार को अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के निदेर्शानुसार अपनी जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राम केवल मौर्य की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिले से युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मौर्य, जिला उपाध्यक्ष कैप्टन अलाउद्दीन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राधेश्याम गुप्ता, एडवोकेट धीरेंद्र मौर्य, राम अवध मौर्य, शिव शरण मौर्य, कुलदीप मौर्य, शुभम यादव, अतुल, मनदीप कुमार, सुनील, अमित कुमार, शुभम मौर्य, लवकुश मौर्य, हरिश्चंद्र चौहान, अविनाश प्रजापति, चंद्रेश प्रजापति, के. के मौर्या, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शांति मौर्या व तमाम सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## विभाग का लक्ष्य के सापेक्ष 65% टीकाकरण का दावा, 15 जुलाई तक चलेगा अभियान

**अमेठी।** स्टाफ के अभाव में जिले में पशु चिकित्सा और गोवंशों के संरक्षण का काम प्रभावित है।175कार्मिकों की जगह 56लोग ही काम कर रहे हैं। दो विकास खंडों में पशु चिकित्सा अधिकारी भी नहीं है। क्रियाशील पैरावेट की संख्या काफी कम होने के कारण पशुओं के टीकाकरण का काम प्रभावित है। शासन की ओर से पशुओं में होने वाली गलाघोंटू और खुरपका बीमारी पर नियंत्रण को 31मई से 15जुलाई तक टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। स्टाफ की कमी से ब्लाकों में टीकाकरण कैम्प नहीं आयोजित हो पाए हैं।जो किसान अपने बीमार पशु को लेकर अस्पताल और कृषि सेवा केन्द्रों तक पहुंच रहे हैं, उन्ही का टीकाकरण हो पा रहा है। टीकाकरण के लिए पैरावेट को प्रति पशु तीन से पांच रुपए दिए जाते हैं। क्रिया शील पैरावेट कम संख्या में होने के कारण गांवों में टीकाकरण नहीं हो पा रहा है। विभागीय आंकड़ों पर भरोसा किया जाए तो वैक्सीनेशन लक्ष्य के सापेक्ष लगभग पैंसठ फीसदी हो चुका है।

## सर्प दंश में झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें लोग : सीएमओ

धीरेन्द्र शुक्ल

**अमेठी।** विषधर का नाम सुनते ही एक अजीब सा डर दिलों और दिमाक पर छा जाता हैं जी हां बरसात और उमस भरी गर्मी यानी सांप का मौसम आ गया है। बरसात में सर्पदंश की घटनाएं ज्यादा होती हैं। पहले भी जिले में सर्पदंश के कारण कई मौतें हो चुकी हैं। इनमें से अधिकतर की मौत का कारण सर्पदंश के बाद झाड़ फूंक करवाना है। इसे इलाज में देरी हो जाती है, आज भी अज्ञानता के चलते परिजनों द्वारा झाड़ फूंक का सहारा लिया जाता है। इलाज में देर होने के कारण इनकी मौत हो जाती है। वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल और प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ बाकी के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम का उपलब्धता है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली सर्पदंश की घटनाओं में अगर मरीजों को अस्पताल ले जाते हैं तो वहां सांप काटने का इंजेक्शन आसानी से मिल जाता हैं भेंटुआ सीएचसी प्रभारी अभिमन्यु वर्मा के अनुसार निशान स्पष्ट न होने की दशा में प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में लोगों को अब भटकना नहीं पड़ता है अज्ञानता के कारण भी कई लोग अपने आसपास झाड़फूक के चक्कर में पड़ जाते हैं।

सर्पदंश के बाद कुछ लोग तमाम तरह की भ्रांतियों के चक्कर में पड़कर अपनी जान गंवा देते हैं। जबकि समय से उपचार देकर उनको बचाया जा सकता है। सांप के काटने के तुरंत बाद अगर ठीक से उपचार नहीं किया गया तो मरीज मर भी सकता हैं। इसलिए सांप के काटने के बाद इसके जहर से ग्रस्त व्यक्ति का जल्द से जल्द इलाज कराना चाहिए।

# पटरी दुकानदारों की खाद्य सामग्री की भी करें जांच : एडीएम

**रायबरेली।** जन सामान्य को सुरक्षित ङ्क गुणवत्तापरक खाद्य सामग्री और औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एडीएम (न्यायिक) विशाल यादव की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। बैठक में असुरक्षित व अधोमानक खाद्य सामग्री तथा नकली दवाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एडीएम न्यायिक ने गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ और औषधि के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वैच्छिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। शासन स्तर पर चलाए जाने वाले अभियानों की समीक्षा भी की जाए। एडीएम न्यायिक ने दूध विक्रेताओं और दूध डेरियों पर भी जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित खाद्य सामग्री विक्रेताओं ने भी कहा कि फास्ट फूड और अत्यधिक तेल मसाला वाली खाद्य सामग्री की भी समय-समय पर जाँच कराई जाए। एडीएम ने कहा कि इसके लिए स्ट्रीट वेंडर खाद्य सामग्री की भी जांच कराई जाए। देखा जाए कि खाद्य सामग्री में मानक के अनुसार तेल, मसाले और घी का प्रयोग किया जा रहा है की नहीं। औषधि प्रशासन की बैठक कर उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मेडिकल स्टोरों और फार्मा कंपनियों की भी समय समय पर जांच कराई जाए। मानक के विपरीत दवाओं को बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में डीईओ दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, एसीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार, बाल व पुष्टाहार विभाग से सुरेंद्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, मंडी सचिव प्रेमचंद सरोज, सीईओ मत्स्य इरफानुल्लाह खान, जिला पूर्ति अधिकारी अब्दुर्रहमान खान सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माध्यमिक नेहरू हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

**सुलतानपुर।** मधुसुदन इंटर कॉलेज में संपन्न हुई, जिसमें एमएसवी कॉलेज के अध्यक्ष प्रेमनाथ मिश्रा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न हुई। सब जूनियर प्रतियोगिता इसमें फाइनल में एमजीएस इंटर कॉलेज ने एमएसवी इंटर कॉलेज को एक जीरो से हराया एमजीएस की ओर से एकमात्र गोल अंश चौरसिया ने किया एम एस वी की ओर से नैतिक मिश्रा, हसनैन, मुमताज का खेल सराहनीय रहा। जूनियर वर्ग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में एमएसवी इंटर कॉलेज ने एमजीएस को कड़े संघर्ष में तीन दो से हराया एमएसवी की ओर से धर्मजीत निषाद, आशू तिवारी, आयुष ने एक-एक गोल किया एमजीएस की ओर से अमन यादव और पवन ने एक गोल किया समापन पर प्रधानाचार्य सच्चिदानंद मिश्रा ने विजेता उप विजेता खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

## विदेश भेजने के नाम पर 21 लाख रुपये ठगने का आरोप, मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली। बेरोजगारी के इस दौर में रुपए ठगने का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। नौकरी वीजा के नाम पर टूरिस्ट वीजा देकर 21 लाख रुपए ठगने का मामला लालगंज कोतवाली में दर्ज हुआ है। गंगापुर बरस निवासी कमलेश कुमार पुत्र शिवकरन ने जरिये कोर्ट ग्राम शेखपुरा पोस्ट पड़वां थाना बड़हरिया जिला सिवान बिहार के मुन्ना खान ठेकेदार, आजाद खान, शाहिद खान के खिलाफ संगीन धाराओं में लालगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। कमलेश कुमार ने बताया कि प्रतिपक्षी मुन्ना खान और उनके साथी लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। मुन्ना खान ठेकेदारी करता है और ठेकेदारी के सिलसिले में लालगंज क्षेत्र में भी आना-जाना बना रहता है। उसने मुझे विदेश भेज कर नौकरी दिलाने का लालच दिया और कहा कि एक लाख रुपए में मलेशिया में नौकरी का वीजा मिल जाएगा। कमलेश कुमार ने स्वयं और अपने अन्य 20 साथियों का एक-एक लाख रुपया मुन्ना खान को दे दिया। करीब 21 लाख रुपए देने के बाद मुन्ना खान और उसके साथियों ने उन लोगों को नौकरी वीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा थमा दिया। जिसके चलते उन लोगों को आज तक विदेश में नौकरी नहीं मिल पाई है। कमलेश कुमार का कहना है कि जब पैसा वापस मांगा गया तो मुन्ना खान और उसके साथी आमादा फौजदारी हो गए। पैसा ना मिलते देख उन्होंने लालगंज पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक रायबरेली से शिकायत किया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब जाकर उन्होंने रायबरेली दीवानी कोर्ट की शरण ली और अब कोर्ट के आदेश पर सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ है। प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह में बताया कि मामला दर्ज हुआ है, जांच की जा रही है।

# अंतर्जनपदीय शातिर बैट्री चोर गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को उनि. महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी मय हमराह व उनि. अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पड़री सम्भावा रोड के करीब 1 किमी आगे सूनसान जगह पर बैट्री चोर गैंग महिन्द्रा पिकअप से डीसीएम में बैट्रियां लाद रहे हैं उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर हिकमतअमली से 3 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम सद्दाम पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 25 वर्ष बताया, दूसरे ने अपना नाम मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 35 वर्ष बताया तथा तीसरे ने अपना नाम दीपांशू पुत्र स्व. राम कुमार कोरी निवासी पूरे बेनीदीन मजरे अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 22 वर्ष बताया। महिन्द्रा पिकअप वाहन सं. यूपी 33 बीटी 4151 में ई रिक्शा की 39 बैट्रियां व डीसीएम वाहन सं0 यूपी 32 एसएन 5160 में इन्वर्टर की 64 बड़ी बैट्रियां, बाइक की 90 बैट्रियां व चारपहिया वाहनों की 15 बैट्रियां कुल 208 बैट्रियां मौजूद मिली। उक्त दोनों वाहनों के कागज मांगने पर दिखा न सके।

- **208 बैट्रियां (ई-रिक्शा बैट्री, इन्वर्टर बैट्री, बाइक बैट्री व अन्य चारपहिया वाहनों की बैट्री), चोरी की घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप व डीसीएम बरामद**

पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया गया कि हम अपने 2 अन्य साथी प्रवीण सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व मुन्ना पुत्र शाही इमाम निवासी दीवानगंज कल्याणपुर कला थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी में सड़क के किनारे व घरों के आसपास सूनसान स्थानों पर खड़े ई रिक्शा लोडर का लॉक काटकर बैट्री व चार्जर, घरों से इन्वर्टर की बैट्री व चार पहिया वाहनों की बैट्रियों को चोरी से निकालकर बेंच देते हैं। करीब 15 दिन पहले हम पांचों लोगों ने जनपद अमेठी के थानाक्षेत्र अमेठी के संतोषी नगर, जंगल रामनगर गांव से ई-रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी, लगभग 1 महीने पहले थानाक्षेत्र रामगंज के भादर उदयनगर गांव में एक घर के बगल खड़े ई रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी एवं लगभग पौने दो महीने पहले थानाक्षेत्र गौरीगंज के असैदापुर गांव में एक घर के बाहर खड़े बैट्री डाला से 4 बैट्रियां चोरी करके डाला को वहीं पर छोड़ दिया था।

## घटना के तीन दिन बाद गांव पहुंचे विधायक, ग्रामीणों में आक्रोश

**नसीराबाद, रायबरेली।** घटना के तीन बाद लखनऊ से सीधा गांव अंडी मजरे कुढ़ा पहुंचे सलोन भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी पीड़ित परिवार के साथ बैठक कर पूरे मामले की जानकारी तो गांव वाले आगबबूला हो गए। विधायक ने लखनऊ पुलिस मुख्यालय और जिले के कप्तान डाक्टर यशवीर सिंह से बात की और सभी उपद्रवियों पर दर्ज रिपोर्ट पर कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। विधायक ने पीड़ित परिवार के लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तार होगी अगर ऐसा नहीं होता है तो मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाया जाएगा। यही नहीं मामले को सीएम पीएम उच्च अधिकारियों तक अपने ट्यूटर एकाउंट और पोस्ट से जानकारी भी दी। विधायक के कड़े तेवर के बाद मंगलवार सुबह फिर से गांव मे एक बटालियन पी ए सी के जवान अंडी गांव और अमेठी रायबरेली बार्डर पर तैनात कर दी गई।

## पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद तीन आरोपियों को भेजा जेल

**नसीराबाद, रायबरेली।** मोहर्रम के जुलूस मे अंडी मजरे कुढा गांव में तीन दिन पहले हुए बवाल में करणी सेना और भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी के हस्तक्षेप के बाद नसीराबाद पुलिस ने मुकदमें में 6 नामजद आरोपियों मे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नसीराबाद पुलिस की ओर से मंगलवार शाम को खुलासा किया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि फूल बाबू, मजीद, निवासी पूरे फैजल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी व लाल बाबू निवासी पूरे धनई मजरे डीघा थाना नसीराबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बाकी आरोपियों की तालाश जारी है जल्द गिरफ्तारी होगी।

## जीवन में बेहतर निवेश करने जैसा है पौधरोपण

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली के विद्यालय प्रांगण में वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टूडेंट्स काउंसिल ने मिलकर पौधरोपण किया। बरसात के इस मौसम में वृक्ष लगाने से जल्द लग जाते हैं और मानव जीवन को सुखी समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्त्व भी है। वैसे भी प्रारंभ से ही मानव सभ्यता का उदय तथा आरंभिक आश्रय प्रकृति अर्थात वन-वृक्ष ही रहे हैं। कहते हैं कि पेड़-पौधे, पर्वत, प्रकृति संतुलन ववर्षा के लिए अति आवश्यक हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संतुलन, संरक्षण और वनीकरण को बढ़ावा देना है। अतः वन विनाश पर रोक लगाया जाना चाहिए। पौधरोपण के इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने स्कूल के बच्चों को वृक्षों के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि पेड़ पृथ्वी पर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने ऑक्सीजन देते हुए पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वास्तव में पेड़ लगाना अपने बाद आने वाले लोगों के लिए जीवन में बेहतर निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वृहद वृक्षारोपण अभियान है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेखौफ हो रही हरे पेड़ों की कटाई

**लंभुआ, सुलतानपुर।** एक ओर सरकारें पर्यावरण बचाने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर पौधारोपण अभियान चला रही हैं, दूसरी ओर लंभुआ क्षेत्र में दिनदहाड़े हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा है, जिससे ठेकेदार बेखौफ होकर पर्यावरण का सीधा दोहन कर रहे हैं। मंगलवार को परसीपुर गांव में आम का हरा पेड़ काटा जा रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पेड़ का बड़ा हिस्सा काटा जा चुका था। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बनकटवा गांव सहित आसपास के कई इलाकों में हरे पेड़ों की अवैध कटाई हो चुकी है। जिम्मेदारों की चुप्पी, ठेकेदारों का हौसला बुलंद स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार और रसूखदार लोगों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा है। न कोई अनुमति ली जाती है, न किसी से डर है। पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से यह अवैध व्यापार फल-फूल रहा है।

# दौड़ प्रतियोगिता में सबसे तेज दौड़े अमित व सोनम

- **चार दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरा दिन**

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार पन्त स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला खेल कार्यालय, सुलतानपुर के तत्वाधान में विभिन्न खेलों में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन और एथलेटिक्स में बालक बालिकाओं ने दिखाया दम ' जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की अगुआई में प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंदन नारायण सिंह भाजयुमों अध्यक्ष सुलतानपुर ने किया। एथलेटिक्स कोच आशा ने बताया की कुल 75 बालिका और 90 बालकों ने प्रतिभाग किया जिसमें 100 मीटर बालक मे अमित निसाद और बालिका में सोनम शाह ने बाजी मारी। वहीं 200 मीटर बालक में अंश चौरसिया और बालिका में साक्षी सिंह ने जीत दर्ज की' 800 मीटर बालक में आशुतोष गौतम वहीं बालिका में प्रतिष्ठा तिवारी बनी विजेता ' लंबी कूद बालिका में सोनम शाह रही विजेता वहीं बालक वर्ग में तबरेज ने बाजी मारी। गोला फेंक में विनय मिश्रा और बालिका वर्ग में प्रियाशी यादव रही विजेता, अन्य बचे खेल आज सुबह संपन्न होंगे। बैडमिंटन कोच श्याम धर ओझा ने बताया की सुबह से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 60 बालक और 25 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें पहले दिन हुई प्रतियोगिता में जूनियर बालिका सिंगल में मांडवी सिंह ने चित्रांशि सिंह ने 21- 8 से जीत दर्ज की, वहीं बालिका युगल का खिताब अक्षिता सिंह और आख्या की जोड़ी ने चित्रांशि और वैष्णवी की जोड़ी को 21-16 से हराया। जूनियर बालक एकल मे अंशुमान ने विराज को 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया वहीं अक्षत शुक्ला ने अंश हेलिबर्न को 21-20 से हराकर सेमीफाइनल मे स्थान बनाया अन्य बची प्रतियोगिता कल संपन्न होगी।

संचालन कोच प्रदीप यादव ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सचिन पांडे, जिला मंत्री अंकुर तिवारी, व्यायाम शिक्षक राजेश कनौजिया मुनेन्द्र मिश्र, हॉकी संघ सचिव तारिक वसीम, पंकज दुबे, राहुल तिवारी, बृजेश सिंह, मो सईद, जे पी तिवारी, पुलक डे, फायजा, स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा, राम नरेश, आशुतोष गुप्ता, शमा बानो, राम नरेश, चंचल भट्टाचार्य, आशा संतोष गुप्ता, परमात्मा अवस्थी उपस्थित रहे ' जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने बताया कि अन्य बचे हुए खेलों के विजेता खिलाडियों को समापन के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम के साथ एक पेड़ गुरु के नाम भी लगायें : नोडल अधिकारी

**रायबरेली।** प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व नोडल अधिकारी सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। नोडल अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में 53 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष लगभग 56 लाख पौध तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। चिन्हित स्थलों पर गड्ढे खोदने का कार्य भी कर लिया गया। नोडल अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएं की मां के साथ एक पौधा अपने गुरु के नाम का भी लगाए।

संक्षेप

## नयी मुड़िया शोभायात्रा को लेकर विवाद

**मथुरा।** धर्म और आस्था की धरती गोवर्धन में मुड़िया पूर्णिमा शोभायात्रा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सैंकड़ों वर्षों से चली आ रही प्राचीन धार्मिक परंपरा को दरकिनार कर राधाकुंड में नई मुड़िया शोभायात्रा निकालने की कोशिश हो रही है, जिसे लेकर संत समाज में तीव्र विरोध है। राधा श्यामसुंदर मंदिर के महंत रामकृष्ण दास और चैतन्य वैष्णव संघ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राधाकुंड के महंत केशवदास के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राचीन मान्यता के अनुसार सनातन गोस्वामी के गोलोकवासी होने के बाद उनके शिष्यों ने राधा श्याम सुंदर मंदिर से शव यात्रा निकालकर गिरिराज जी की परिक्रमा की थी। तभी से यह परंपरा मुड़िया शोभायात्रा के रूप में जानी जाती है, जो हर वर्ष मुड़िया पूर्णिमा पर निकाली जाती है। इस बार 10 जुलाई को होने वाली पारंपरिक शोभायात्रा से पहले ही राधाकुंड में एक समानांतर यात्रा निकालने की योजना बनाई जा रही है। आरोप है कि राधाकुण्ड के केशवदास महाराज बिना किसी धार्मिक प्रमाण या मान्यता के राधाकुंड से भी शोभायात्रा निकालने की तैयारी में हैं, जो मूल परंपरा को चुनौती देता है। महंत रामकृष्ण दास ने आरोप लगाया है कि यह प्रयास न केवल धार्मिक परंपरा को खंडित करता है, बल्कि इससे श्रद्धालुओं के बीच भ्रम और विघटन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## सत्संग मेले में बरस रही है गुरु महिमा

**मथुरा।** जयगुरुदेव नाम योग साधना मन्दिर पर आयोजित पाँच दिवसीय सत्संग मेला के पहले दिन संस्था के राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए किया कि "तुम सोचो अपने मन में, कोई गुरु समान नहिं जग में" पंक्ति को उद्धृत करते हुये कहा कि भारत वर्ष में नाना प्रकार के सम्प्रदाय हैं। सभी में गुरु की महिमा को बताया जाता है। यदि संसार की भौतिक विद्या का ज्ञान कराने के लिये पुस्तकें हाथ में पकड़ा दी जायें और अच्छे-अच्छे स्कूल के भवन बना दिये जांय, फिर भी गुरु के बिना पुस्तकें और भवन दोनों ज्ञान देने में सफल नहीं होंगे। ठीक इसी प्रकार आध्यात्मिक विद्या की जानकारी किताबों को कंठस्थ कर लेने से नहीं होगा। इसका ज्ञान संत सतुगुरु के सत्संग वचनों को सुनने और उनके आदेश पालन से ही संभव है। आज लोग अध्यात्मवाद के गूढ़ रहस्य को समझने के लिये जंगलों, पहाड़ों और पत्थरों में भटकते हैं और पूरा जीवन भटकाव में चला जाता है। उन्हें आत्मा और परमात्मा के बारे में क, ख का भी ज्ञान नहीं हो पाता है। तीज-त्योहारों के माध्यम से गुरु की महत्ता को याद कराया जाता है। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरु की महिमा को बताता है। सत्गुरु वह हस्ती और शक्ति है जो मौत के वक्त जीवों की मदद करते हैं।

## मेले के संबंध में डीएम ने श्रद्धालुओं से लिया फीडबैक

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत पावन मानसी गंगा मंदिर, श्री दानघाटी मंदिर तथा परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में श्रद्धालुओं से फीडबैक लिया तथा सभी को पवित्र मुड़िया पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर गिरिराज पूजा महोत्सव का आयोजन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के विशेष सहयोग से 04 जुलाई से 10 जुलाई तक चलने वाले परंपरागत सप्तदिवसीय श्रीगिरिराज पूजा महोत्सव भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की प्रबन्ध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि सप्तदिवसीय गिरिराज पूजा महोत्सव (गुरू पूर्णिमा महोत्सव) के अन्तर्गत आज पंचम दिवस (मंगलवार) जन्मस्थान के पवित्र प्रांगण में पूजाचार्यों द्वारा श्रीगिरिराजजी का अभिषेक वेदमंत्रों की ध्वनि के मध्य विशेष सेवा-पूजा के साथ किया गया। ठाकुरजी को भोग अर्पित करने के उपरान्त प्रातः 11बजे से 4 बजे तक लीलामंच प्रांगण में एवं सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक अन्नक्षेत्र परिसर में विशाल प्रसादी भण्डारा का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें दर्शनार्थ पधारे हजारों-हजार श्रद्धालुजन भाव-विभोर होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के सेवाभावी बन्धु बड़े ही सेवा भाव से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में विशेष सहयोग कर रहे हैं। इस आयोजन के अन्तर्गत प्रतिदिन श्रीगिरिराज जी एवं श्रीकेशवदेवजी मंदिर को भव्य पुष्प बंगले से सुसज्जित किया जाता है। इस अवसर पर प्रातः 9:00 बजे से श्रीगिरिराज जी मंदिर में एवं सांय से श्रीकेशवदेवजी मंदिर में संकीर्तन मण्डल के रसिकजन भक्त द्वारा भजन गायन किया जा रहा है। यह गिरिराज पूजा महोत्सव कार्यक्रम 10 जुलाई तक निरन्तर चलेगा। करोड़ों-करोड़ श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस महोत्सव का मुख्य आयोजन (10 जुलाई) बृहस्पतिवार को प्रातः 8 बजे श्रीगिरिराज महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अलौकिक महाभिषेक से होगा। महाभिषेक में दूध, दही, बूरा, घृत्त, केसर, अष्टगन्ध आदि का प्रयोग किया जायेगा। महाभिषेक के मध्य मंदिर के पूजाचार्य वैदिक मंत्रों का पाठ करेंगे। प्रातः 11 बजे से जन्मस्थान के लीलामंच परिसर से वृहद मात्रा में भण्डारे का प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं को किया जायेगा। श्री केशवदेवजी महाराज, श्रीकृष्ण जन्मस्थान, श्रीगिरिराजजी, श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर एवं भागवत-भवन के मंदिरों में ठाकुरजी के दर्शन कर, हश्रद्धालु दिव्य भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे एवं सायं 4 बजे से भव्य पुष्प बंगले से सुसज्जित जन्मस्थान के सभी मंदिरों में ठाकुरजी को अर्पित छप्पनभोग के दर्शन होंगे।

## कावड़ियों की राह में मुसीबत बनेंगे गड्ढे, जलेसर रोड पर गड्ढे ही गड्ढे

**आगरा।** 11 जुलाई से सावन का महीना लगने जा रहा है इस महीने को पवित्र महीना माना जाता है शिव जी की पूजा हर सोमवार को की जाती है देवों के देव महादेव पर कावड़िया गंगा जी से जल लेकर जलाभिषेक करते हैं चारों सोमवार को लाखों की संख्या में कावड़िया कावड़ लेकर आते हैं आगरा जलेसरात्रि के समयर रोड की स्थिति बहुत ही खराब है कई वर्षो से कांवरिया कावड़ लेकर आते हैं तो उन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है रोड पर दो-दो फीट के गड्ढे बने हुए है रात्रि के समय गड्ढों में हादसे होते हैं कावड़ खराब हो जाती है जिससे कांवड़ियों को काफी नुकसान होता है आखिरकार इस रोड की स्थिति कब सुधरेगी आने वाले 2027 में विधानसभा चुनाव के दौरान इस रोड को बनाया जाएगा जब तक कितने लोगों की जान चली जाएगी किसी को कोई पता नहीं है उसका जिम्मेदार कौन होगा। आगरा जलेसर रोड का टेंडर उठ गया है फोर लाइन बनने की बात हो रही है पेड़ काटने को लेकर रोक लगी हुई थी रोड पर काफी गहरे गहरे गड्ढे बने हुए हैं हर रोज दुर्घटनाएं होती है लोगों की जान चली जा रही हैं लेकिन इसका कौन जिम्मेदार है किसी को कोई मतलब नहीं हर रोज एक दो दुर्घटनाएं होती रहती हैं एक साल के अंदर सैकड़ो की जान चली गई है फिर भी कोई इस तरफ ध्यान नहीं है बारिश का महीना है इसी महीने में कावड़िया कावड़ लेकर आते है गहरे गहरे गडडो में कावड़ कैसे लेकर निकलेंगे आखिरकार इस महीने में अगर रोड की कुछ मरम्मत हो जाए तो कावड़ियों को सुविधा मिल सकती है जगह-जगह जल भराव और गड्ढे बने हुए हैं कावड़ियों के साथ कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। सावन के पवित्र महीने में सरकार द्वारा रोड किनारे मांस की दुकानों को बंद कर देना चाहिए कांवरिया कावड़ लेकर निकलते हैं मांस की दुकानों के सामने दर्जनो कुत्ते बैठे रहते हैं उनके कारण हर रोज हादसा होते है कई बार कांवड़ियों को काट चुके हैं और गंदगी होती है इस महीने में इन दुकानों को बंद कर देना चाहिए। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बच्चू सिंह चौहान का कहना है की सावन का महीना है रोड पर गड्ढे बने हुए हैं उनकी मरम्मत सरकार को करनी चाहिए जिससे कांवरिया सुरक्षित निकाल सके सरकार में बैठे नेता इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं रोड पर लगी मांस की दुकानों को बंद किया जाए अगर सावन महीने से पहले ऐसा नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करेगी।

## सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के कुशल निर्देशन में यातायात सुरक्षा रैली निकाल कर राहगीरो को जागरूक किया। एनएसएस अधिकारी अमित उपाध्याय ने स्वयंसेवियों को यातायात की शपथ दिलाई। स्वयंसेवक बैनर लगाकर नारो के साथ आगे बढ़े। रैली की यात्रा गांव श्रीनगर तक गई। वहां दो पहिया वाहन वाले लोगों को समझाया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने कहा कि वाहन चलाते समय किसी प्रकार का नशा न करें तथा मोबाइल का प्रयोग न करें। पैदल यात्री जेब्रा लाइन का इस्तेमाल करके ही रोड क्रॉस करें। सीट बेल्ट लगाएं, यदि सभी लोग मिलकर एकजुट होकर प्रण करके यातायात नियमों का पालन करेंगे और अपना पूर्ण सहयोग करेंगे तो हम सब मिलकर जल्द ही सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने में सफल हो सकेंगे। सभी वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझे। इस अवसर पर सुरेश कुमार पचौरी आलोक कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा की पौधरोपण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**टूंडला।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण जन अभियान के अंतर्गत भाजपा कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई जिसमें 9 जुलाई को होने वाले वृहद पौधरोपण कार्यक्रम की योजना बनाई गई। भाजपा के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत पूरे प्रदेश में एवं जिला फिरोजाबाद में 9 जुलाई को एक वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम पार्टी ने दिया है, जिसमें सभी जिले के पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि गण मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं पूर्व जनप्रतिनिधि अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर हर बूथ पर 10 वृक्ष लगाकर इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएंगे एवं सरल ऐप पर अपलोड करें।बैठक की पश्चात जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं ने वृक्षारोपण किया।। अभियान की संयोजक नीलम दिवाकर एवं सहसंयोजक आकाश शर्मा ने बताया की सभी मंडल अध्यक्ष हर बूथ पर वृक्षारोपण कर अपने-अपने सरल ऐप पर काम से कम 100 फोटो अपलोड करें।बैठक में मुख्य रूप से शिव शंकर शर्मा नीलम दिवाकर आकाश शर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह सचिन जैन आदि उपस्थित रहे।

## 24 घंटे में खुल गया क्लिनिक, झोलाछाप के इंजेक्शन से युवक की हुई थी मौत

**आगरा।** चांदी के जूते में कितना दम है इसका आप अंदाजा ही नहीं लगा सकते लेकिन स्पष्ट हो जाता है कि चांदी के जूते में दम होता है एक झोला छाप के इंजेक्शन से एक युवक की मौत हो गई हंगामा हुआ रोड जाम कर दिया गया लेकिन 6 घंटे तक रोड पर लाश रखी रही पुलिस भी नहीं चाहती कि किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई हो शाम तक समझौता हो गया सूत्रों का कहना है कि 300000 में समझौता हुआ 200000 मृतक के परिजनों को दिए गए 100000 में पुलिस विभाग सेट हुआ उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई स्वास्थ्य विभाग कहां सो गया कोई पता नहीं क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के पास भी चांदी का जूता महीने तारीख पहुंच जाता है इसलिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता मामला बीते दिन शुक्रवार दोपहर का है सत्यवीर नाम का युवक श्री कृष्णा क्लिनिक पर दवा लेने आया परिजनों का आरोप उसको गलत इंजेक्शन दे दिया गया उसके कारण उसकी मौत हो गई सैकड़ो लोग एकत्रित होकर हंगामा करने लगे आगरा जलेसर रोड जाम कर दिया लेकिन कुछ घंटे के बाद ही पैसे की बात हुई और समझौता हो गया कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया नहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराना उचित समझा। कितना हंगामा हुआ जाम लगा पब्लिक परेशान हुई लेकिन कार्रवाई नहीं की गई समझौते के नाम पर पैसा वसूल किया गया स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुंभकरणीय नींद में सोए हुए हैं उनके कानों तक आवाज नहीं पहुंची कि किसी की मौत हो गई है क्योंकि उनको पता है महीनेदारी कि क्लीनिक से आती है इसलिए कार्रवाई नहीं होगी और टीम पहुंच भी जाएगी तो मोटे पैसा लेकर कोई कार्य नहीं किया जाएगा कार्रवाई के नंबर केवल जांच की बात कही जाएगी आखिरकार होना क्या है इस तरह तो लोग मरते जाएंगे और पैसे के दम पर हर काम संभव हो जाएगा। युवक की मौत का मामला 24 घंटे भी नहीं बीत पाया जब तक क्लिनिक दोबारा से खुल गया इससे स्पष्ट हो जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत के कारण ऐसा हुआ है मोटी रकम पहुंचाई गई है समझौता हो गया और स्पष्ट आदेश दे दिए के कुछ भी करो कोई कार्रवाई नहीं होगी 5 जुलाई 2025 समय 12:14 पर क्लीनिक खुला हुआ था जब के बीते दिन हंगामा के बाद क्लीनिक बंद कर दिया गया था।

# मुड़िया मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जल से भी पुलिस करेगी निगरानी

**मथुरा।** मुड़िया पूर्णिमा मेला मैं आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में जुटी पुलिस उन्हें जमीन के साथ पानी में भी सुरक्षा प्रदान कर रही है। मुड़िया मेल नोडल प्रभारी एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने मंगलवार के तड़के 4 बजे मोटर वोट में बैठकर फ्लड टीम के साथ रिवर पेट्रोलिंग बोट से मानसी गंगा, राधाकुंड और कुसुम सरोवर में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। मेला नोडल प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार के निर्देश पर राधाकुंड, कुसुम सरोवर तथा मानसी गंगा में फ्लड पुलिस बल की टीम निरंतर रिवर पेट्रोलिंग की जा रही है। यद्यपि मेला की अवधि में सुरक्षा की दृष्टिकोण से समस्त सरोवर की बैरिकेडिंग की गई है फिर भी बैरिकेटिंग को पार करके कोई गहरी सरोवर में स्नान हेतु न उतर जाए, इसके लिए प्रशिक्षित डायवर्स की टोटल नौ टीम लगाई गई हैं। सभी सरोवर में गहरे पानी में स्नान हेतु लगातार रोक रही है तथा सभी से अनुरोध किया जा रहा है कि स्नान केवल प्रशासन द्वारा लगाए गए पवित्र मानसी गंगा के फुब्बारे के जल में ही स्नान करें। इस दौरान सुरेश चंद्र रावत, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह तथा थाना थाना प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी निरीक्षण में साथ रहे।

## सिकंदराबाद डिपो के चालक का शव बस में मिला

**मथुरा।** मुड़िया मेला में ड्यूटी पर आए सिकंदराबाद डिपो के चालक का मंगलवार की सुबह बस में शव मिलने से सनसनी फैल गई। साथी चालक-परिचालक ने इसकी जानकारी अफसरों को दी। परिवहन निगम के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। परिजन ने सिकंदराबाद डिपो के एआरएम पर बीमार होने के बाद भी चालक को मेला ड्यूटी में भेजने का आरोप लगाया है। मंगलवार दोपहर सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि रोडवेज बस में चालक की मौत हो गई है।

## राशन लाभार्थियों की ई-केवाईसी अवश्य करायें

**फिरोजाबाद।** खाद्य आयुक्त भूपेंद्र यश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में समस्त कोटेदारों एवं पूर्ति निरीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने उपस्थित समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों की ई-केवाईसी अवश्य कराऐं, जिससे उन्हें निर्बाद्ध रूप से राशन की प्राप्ति हो, साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी अपात्र व्यक्ति का राशन कार्ड न कदापि बने, उन्होंने वहां उपस्थित कोटेदारों से भी वार्ता की, कुछ कोटेदारों ने यह शिकायत की, कि उनके पास राशन समय से नहीं पहुंचता है, जिसपर आयुक्त ने समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि उन गांवों को चिन्हित करें जहां राशन समय से नहीं पहुंचता है। इस समस्या को तत्काल समाधान करने का प्रयास करें, उन्होंने कहा कि आप द्वारा जो भी राशन वितरित किया जा रहा है, वह पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी कोटेदार किसी भी अधिकारी के दबाव में कार्य न करें, शासन का उद्देश्य है की वंचित एवं शोषित व्यक्ति को राशन मिले, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार का अनुचित दबाव को सहन नहीं किया जाएगा, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, अपर आयुक्त राजेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की संरक्षा सेमिनार आयोजित

**टूंडला।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसो.प्रयागराज मण्डल द्वारा टूण्डला जंक्शन पर संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया साथ ही टूण्डला दादरी शाखा के स्टेशन मास्टरों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रयागराज मण्डल के अलग अलग स्टेशनों से 60 से ज्यादा स्टेशन मास्टरों ने प्रतिभाग कर संरक्षित और सुरक्षित रेल संचालन का दृढ़ संकल्प लेकर रेल व देश के विकास में स्टेशन मास्टरों की भूमिका व योगदान पर चर्चा की, कार्यक्रम में टूण्डला दादरी शाखा का पुनर्गठन कर स्टेशन अधीक्षक टूण्डला सुजीत सिंह को शाखा अध्यक्ष के साथ अन्य शाखा पदाधिकारियों का मण्डल अध्यक्ष इंद्रसेन मण्डल सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय व मण्डल कोषाध्यक्ष विनय कुमार विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया' संरक्षा सेमिनार को टी आई सेफ्टी बलराम मीना ने सम्बोधित कर स्टेशन मास्टरों को संरक्षित व सुरक्षित रेल संचालन हेतु संशोधन 80 पर काउंसिल किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टूण्डला के नव नियुक्त उप मुख्य यातायात प्रबंधक अमित आनंद का स्टेशन मास्टरों ने पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रयागराज मण्डल के स्टेशन मास्टरों की तरफ से स्वागत सम्मान किया, इस दौरान संगठन ने समस्याओं के समाधान को उप मुख्य यातायात प्रबंधक को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, मंडल अध्यक्ष इंद्रसेन ने संगठन को मजबूत करने और स्टेशन मास्टर के कार्यों व उत्तरदायित्व पर प्रकश डाला और यात्रियों व रेल हित की दिशा में तत्पर रहने का आह्वाहन किया ' कार्यक्रम में मण्डल सचिव ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, स्टेशन अधीक्षक टूण्डला सुजीत कुमार, यातायात निरीक्षक संरक्षा बलराम मीना, मण्डल कोषाध्यक्ष विनय कुमार विश्वकर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, इटावा शाखाध्यक्ष वी आर अम्बेडकर इटावा शाखा सचिव विवेक वर्मा, नकुल जैन आदित्य, अजीत कुमार सहित 60 से ज्यादा स्टेशन मास्टर व आइस्मा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और ट्रक की टक्कर, 10 घायल

**आगरा।** लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और ट्रक की टक्कर के बाद तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। बस के अंदर बैठे यात्री सीट से गिर पड़े। कुछ यात्रियों के हल्की चोटें भी आईं। घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चरखारी महोबा से दिल्ली बदरपुर बॉर्डर जा रही सवारियों से भरी स्लीपर कोच बस थाना डौकी क्षेत्र में अज्ञात ट्रक में से पीछे से टकरा गई। हादसे में10 सवारियां घायल हो गईं। मौके पर पहुंची डौकी पुलिस व यूपीड़ा की टीम ने घायलों को उपचार के लिए आगरा भेजा है। जानकारी के मुताबिक रात्रि 1:00 बजे के करीब चरखारी महोबा से 60 सवारियां लेकर दिल्ली बदरपुर बॉर्डर जा रही प्राइवेट स्लीपर कोच बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के थाना डौकी क्षेत्र में किलोमीटर 12:700 पर आगे चल रहे अज्ञात ट्रक में पीछे से टकरा गई। इस दौरान बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डौकी पुलिस और यूपीड़ा की टीम पहुंची। घायल यात्रियों को उपचार के लिए आगरा भिजवाया गया है। वहीं चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे में शोभा रानी, माता निवासी चरखारी महोबा, अनुज, अजीत सहित 10 सवारियां घायल हो गईं। यूपीड़ा के सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधा मोहन द्विवेदी से बात करने पर बताया की चरखारी महोबा से दिल्ली बदरपुर बॉर्डर जा रही स्लीपर कोच बस की रफ्तार अधिक होने के कारण आगे चल रहे अज्ञात ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में 10 सवारियां घायल हुई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी बस से उनको गंतव्य के लिए भिजवाया दिया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम करने वाले वाँछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। 7जुलाई को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी कि 6जुलाई को वादी के पडोस में रहने वाले सुहेल उर्फ छोटू ने वादी की नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम किया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना रामगढ़ पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश की जा रही थी तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त अबू हुरैरा स्कूल के पास हसमतनगर में छुपा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अबू हुरैरा स्कूल के पास गढ्ढा हसमतनगर में दबिश दी गयी। अबू हुरैरा स्कूल हसमतनगर कब्रिस्तान की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम द्वारा जब उसे आवाज दी गयी और पास आने को बुलाया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिसमें उ0नि0 राजकुमार थाना रामगढ़ घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी । अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस बरामद हुए, घायल अभियुक्त की पहचान सुहेल उर्फ छोटू पुत्र अहजाज निवासी कोहिनूर रोड़ थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है जो थाना रामगढ़ के साथ दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त है, थाना पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया व घायल उ0नि0 राजकुमार को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करा, अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की है।

## महिला अपराधों पर शिकंजा क्यों ढीला

**आगरा।** जनपद में महिला अपराधों से जुड़े हालिया मामलों ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या अपराधियों में अब कानून का डर खत्म हो गया है? एक ओर जहां ब्लैकमेलिंग, यौन शोषण, धोखाधड़ी और संपत्ति हड़पने जैसे संगीन अपराध सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरेराह छेड़खानी और अश्लील हरकतें आम होती जा रही हैं। इन घटनाओं में पीड़िताएं न केवल शारीरिक और मानसिक आघात झेल रही हैं, बल्कि न्याय की आस में सामाजिक अपमान का बोझ भी सह रही हैं। ताजा पांच मामलों के माध्यम से समझते हैं कि अपराधियों का दुस्साहस किस हद तक बढ़ चुका है। एक युवती ने आरोप लगाया है कि ईदगाह कॉलोनी निवासी अमित त्रिपाठी ने न केवल उसके पति को धोखे से उससे दूर कर दिया, बल्कि उसका प्लाट हड़प लिया, बलात्कार किया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। इस पूरे प्रकरण में नकली रजिस्ट्री, फर्जी प्रेम, और दो बार गर्भपात जैसे घिनौने कृत्य शामिल हैं। मामला ताजगंज थाने में दर्ज हो चुका है। एक युवती शाहगंज से लौट रही थी, तभी नौलक्खा चौराहे पर आरोपी आशीष यादव ने सरेआम स्कूटी रोककर उसका हाथ पकड़ लिया, छेड़खानी की और धमकी दी। जब पीड़िता ने भाई को फोन किया, तो फोन छीनकर उसे भी धमकाया गया। घटना बताती है कि अपराधी अब सार्वजनिक स्थलों पर भी बेखौफ हैं। बाह क्षेत्र से दो बहनों का पीछा करते हुए दो युवकों ने सदर बाजार जैसे शहरी क्षेत्र में उन्हें रोका। पैर पर थूका और उनकी फोटो खींची और एडिट कर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी। इस मामले के आरोपी आदित्य और भोलू तोमर हैं। ताजगंज निवासी एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। इससे स्पष्ट है कि घरेलू हिंसा आज भी हमारे समाज की एक ज्वलंत समस्या बनी हुई है। थाना मलपुरा क्षेत्र में एक किशोरी की मां ने पड़ोसी मुकुल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, परंतु यह सवाल बना रहता है, ऐसे अपराध करने वालों को पुलिस का डर क्यों नहीं है।

# पौधरोपण अभियान में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी हो

- **कोई भी अधिकारी आज अपने लोकेशन पर अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही : डीएम**

**फिरोजाबाद।** सचिव कृषि विभाग एवं नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह द्वारा वृक्षारोपण महा अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में डीएम रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम न्यायिक संगीता गौतम एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सीएमओ डॉ राम बदन राम, साथ ही साथ सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारीयों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ, इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि आज होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारीयों यहां पर काफी व्यापक और व्यवस्थित रूप से जिलाधिकारी के नेतृत्व में सभी विभागों ने कर ली है, उन्होंने कहा कि इस कार्य को केवल सरकारी दायित्व न समझें, अपितु इसे सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व समझकर कार्य करें, जिससे यह अभियान पूरी तरीके से संपन्न हो सके, ऐसे अभियानों को सफल करने के लिए जरूरी है कि जन सहभागिता अधिक से अधिक हो, क्योंकि जनसह भागिता से किए गए कार्य में स्थायित्व रहता है, उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में वृक्षारोपण का जो भी लक्ष्य निर्धारित है, उससे दुगना वृक्षारोपण करें, नगर पालिका और नगर पंचायत में सड़क किनारे वृक्षारोपण किया जाए, बेहतर प्लानिंग के लिए उन्होंने जिलाधिकारी की अति प्रशंसा की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सुबह 6 बजे अपने लोकेशन पर अवश्य उपस्थित रहे, अगर कोई भी अधिकारी अनुपस्थित पाए जाएगा तो उस पर गंभीर कार्रवाई की जाएगी, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जिस भी लोकेशन पर विभाग द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है वहां पर साइन बोर्ड अवश्य लगाए, बिना साइन बोर्ड कोई भी लोकेशन न हो, इससे पूर्व नोडल अधिकारी को बताया गया कि जनपद में दो नदियों के पुनरोद्धार का कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें एक सिरसा नदी है और एक आव गंगा नदी है, सिरसा नदी के किनारे कुल 116945 जबकि आव गंगा नदी पर 11065 पौधे लगाए जाएंगे, जबकि अमृत सरोवर के किनारे 10125 पौधे लगाए जाएंगे, नोडल अधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग के पौधरोपण के लक्ष्य को दुगना कर दिया गया है, इस अभियान में कुछ बड़े किसानों को भी शामिल किया जाए, जिससे इस अभियान को और व्यापक और सफल बनाए जा सके, साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम को जो लक्ष्य 14000 का दिया गया है, इस लक्ष्य को दोगुना करें, क्योंकि आज शहरों में भी वृक्षारोपण की ज्यादा आवश्यकता है।

## भगवान शिव को समर्पित सावन 11 जुलाई से

**आगरा।** सावन का महीना11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस पूरे महीने शिव भक्त भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। भोलेबाबा के भक्तों को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूजेंगे और महादेव का मनमोहक श्रृंगार लोगों को भक्ति से ओतप्रोत करेगा। प्रत्येक सोमवार को अभिषेक करने के लिए भक्त मंदिर के महंतों से संपर्क करने लगे हैं। कैलाश महादेव मंदिर के महंत गौरव गिरी ने बताया कि पहला सोमवार 14 जुलाई को होगा। इसके बाद सोमवार 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को है। इस बार 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। मंदिर में तैयारी शुरू करा दी गई है। रंग-रोगन कार्य चल रहा है। गर्मी से बचाने के लिए 4 कूलर लगाए जा रहे हैं। यमुना में पानी अधिक है। घाटों पर बल्लियां लगाई जा रही हैं।

# संक्षेप

## सैमसंग क्यूएलईडी टीवी ने दिया घरेलू मनोरंजन को नया रूप

नई दिल्ली। सैमसंग अपनी अग्रणी क्वॉन्टम डॉट तकनीक की मदद से घरेलूमनोरंजन को नया रूप दे रहा है। इस टेक्नोलॉजी ने पिक्चर क्वॉलिटी और रंगों की सटीकता के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। यह क्रांतिकारी तकनीक चमक, कंट्रास्ट और रंगों की सटीकता को बढ़ाकर अधिक जीवंत और वास्तविक दृश्य प्रदान करती है, जिससे कंटेंट का अनुभवपूर्ण तरह बदल जाता है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम दृश्यअनुभव को और सुलभ बनाते हुए, चाहे वह ब्लॉकबस्टर फिल्म हो, गेमिंग कारोमांच हो या स्पोर्ट्स का उत्साह, सैमसंग की यह तकनीक स्मार्ट होम औरजीवनशैली को बेहतर बनाती है। खोजिए एक क्यूएलईडी टीवी को क्या चीज असली क्यूएलईडी बनाती है यह है क्वॉन्टम डॉट तकनीक से पावर्ड 100% कलर वॉल्यूम प्रदान करने कीइसकी क्षमता, जो जीवंत, सटीक और एकसमान पिक्चर क्वॉलिटीसुनिश्चित करती है।

## अमेजॉन प्राइम डे 12 से

बंगलुरु। अमेजॉन इंडिया की प्राइम डे शॉपिंग इवेंट फिर से शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम सदस्यों को तीन दिनों, यानी 12 जुलाई 12 एएम से 14 जुलाई तक आकर्षक ऑफर एवं डील्स मिलेंगी। 72 घंटों की इस शॉपिंग इवेंट में अमेजॉन डिवाइसेज पर शानदार ऑफर दिए जा रहे हैं। अलेक्सा-इनेबल्ड इको स्मार्ट स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले, तक हर डिवाइस बहुत ही आकर्षक ऑफरों के साथ मिल रही है। इसलिए स्मार्ट होम का सेट-अप करना हो, मनोरंजन सेटअप को अपग्रेड करना हो, या कोई किताब पढ़ना हो, इस शॉपिंग इवेंट में हर रुचि के लोगों को बेहतरीन डील्स मिलेंगी।

## मॉनसून में आयुर्वेद डाइट अपनायें और सेहतमंद त्वचा पायें

नई दिल्ली। मॉनसून में त्वचा बेजान हो जाती है और इसमें कोई ग्लो नहीं दिखता। लोग अक्सर बाहरी उपाय अपनाते हैं, जो थोड़ी देर राहत देते हैं, लेकिन बार-बार इस्तेमाल से दाने, काले धब्बे या खुजली हो सकती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सलाह देती हैं कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाएं। वे कहती हैं कि स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ- को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है। बादाम वात दोष को संतुलित करने की क्षमता रखते हैं। यह मौसम के असंतुलन को ठीक करते हैं और शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे सभी ऊतकों को ऊर्जा और ताजगी मिलती है।

## बंधन मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च

मुम्बई। बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। नया फंड एक बेहतर और विकसित मल्टी-फैक्टर क्वॉन्टिटेटिव मॉडल थीम पर आधारित निवेश करता है। यह फंड चार समय की कसौटी पर परखे हुए निवेश कारकों - गति, मूल्य, गुणवत्ता और कम अस्थिरता - को एक ही पोर्टफोलियो में मिलाकर निवेशकों को डायवर्सीफाइड निवेश प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) वीरवार, 10 जुलाई 2025 को खुलेगा और वीरवार, 24 जुलाई 2025 को बंद होगा। बंधन मल्टी-फैक्टर फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त सभी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे के माध्यम से किया जा सकता है। जैसे-जैसे बाजार तेजी से प्रभावशाली होते जा रहे हैं, निवेशकों को ऐसी रणनीतियों की आवश्यकता है जो बिजनेस साइकिल्स के माध्यम से हालात के अनुसार ढल सें और लगातार मजबूत बने रहें।

## फास्टैग से टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया। एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 100.98 करोड़ थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक अप्रैल, 2025 से देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए, 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश करेगी।

# सेंसेक्स में 270 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के साथ बैंक तथा चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार लगभग पूरे कारोबार के दौरान सीमित दायरे में रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले कुछ शेयरों में लिवाली हुई। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में ठोस प्रगति का इंतजार है। इस बीच, अमेरिका ने जवाबी शुल्क लगाने की समयसीमा बढ़ाकर एक अगस्त कर दी है। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि, टाइटन में छह प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, एक्सिस बैंक, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नुकसान में रहे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अब, हमने ब्रिटेन के साथ समझौता कर लिया है, हमने चीन के साथ समझौता कर लिया है... हम भारत के साथ समझौता करने के करीब हैं...। भारतीय शेयर बाजार काफी हद तक सीमित दायरे में रहा। इसका कारण निवेशक भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते पर ठोस प्रगति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, संभावित समझौते को लेकर धारणा सतर्क रुख के साथ सकारात्मक बनी हुई है, लेकिन औपचारिक पुष्टि की कमी से ताजा खरीद गतिविधियां सीमित रहीं। इसके अलावा, प्रमुख व्यापार भागीदारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू करने की समयसीमा बढ़ाने के अमेरिकी फैसले ने निवेशकों को अधिक रक्षात्मक रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.17 प्रतिशत नीचे आया, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ लगभग स्थिर रहा।

# सोना 550 रुपये बढ़कर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसके अलावा, चांदी की कीमतें मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में भी।,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 11.42 डॉलर या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,325.09 डॉलर प्रति औंस रह गया। व्यापार युद्ध के फिर से

शुरू होने की आशंका बढ़ने के कारण सोने ने कल के नुकसान को उलट दिया और मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जापान और दक्षिण कोरिया से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना की घोषणा के बाद बाजार की धारणा बदली है। यह निर्णय राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी व्यापार नीतियों में सुधार की व्यापक पहल को दर्शाता है, जिसने बाजारों में लगातार अनिश्चितता पैदा की है। ऐसे में सुरक्षित-निवेश वाली परिसंपत्ति सोने के लिए माहौल अनुकूल हो जाता है। निवेशक अमेरिकी व्यापार वार्ता, फेडरल रिजर्व की टिप्पणी और ताजा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिससे सोने की आगे की चाल तय होगी। सोना एक महत्वपूर्ण हेज वाली परिसंपत्ति बना हुआ है।

# जेन स्ट्रीट की जांच 2024 में शुरू हुई नियामकीय विफलता का सवाल नहीं

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक अप्रैल, 2024 से जेन स्ट्रीट मामले पर नजर रखे हुए है।

उन्होंने नियामकीय विफलता का आरोप लगाने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मीडिया में आ रही खबरों के बाद लिखित बयान में बुच ने जेन स्ट्रीट के खिलाफ सेबी के अंतरिम आदेश के घटनाक्रम का उल्लेख किया। सेबी ने विदेशी हेज कोष जेन स्ट्रीट पर हेराफेरी के जरिये वायदा एवं विकल्प सौदों से अर्जित 4,800 करोड़ रुपये से अधिक राशि को जब्त करने और उसकी बाजार पहुंच रोकने का पिछले सप्ताह आदेश जारी किया था। बुच ने बयान में कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया का एक वर्ग स्पष्ट तथ्यों को नजरअंदाज कर रहा है और यह कहकर गलत कहानी गढ़ने का प्रयास कर रहा है कि सेबी की ओर से नियामकीय विफलता हुई है। बुच ने कहा कि घटनाक्रम से पता चलता है कि सेबी ने मामले की जांच अप्रैल, 2024 में ही शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि नियामक ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें सूचकांक में हेरफेर की पहचान, परिपत्र जारी करना और जेन स्ट्रीट को अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के बीच कुछ खास ट्रेडिंग पैटर्न को बंद करने और रोकने के लिए चेतावनी पत्र जारी करना शामिल है।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और मजबूत घरेलू शेयर बाजार ने रुपये को और मजबूत किया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला और 85.64-85.80 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 54 पैसे की भारी

गिरावट के साथ 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, आज (मंगलवार) अमेरिका-भारत (समझौता) संपन्न होने की संभावना के साथ रुपया सीमित दायरे में रहा, और इसमें तेजी का रुख दिखा। एक निर्णायक लघु व्यापार समझौते से रुपया एक बार फिर 85.30140 के स्तर पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आज रात कुछ सकारात्मक घटनाक्रमों की उम्मीद के साथ बुधवार को स्थानीय मुद्रा के 85.30-86.00 के दायरे में रहने की उम्मीद है। वैश्विक तेल मानक, ब्रेंट क्रूड का दाम वायदा कारोबार में 0.55 प्रतिशत घटकर 69.20 डॉलर प्रति बैरल रह गया। छह वैश्विक प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत घटकर 97.30 रह गया। इस बीच, घरेलू शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक बढ़कर 83,712.51 अंक पर बंद हुआ।

# ट्रंप ने बांग्लादेश से आयातित उत्पादों पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश से आयातित उत्पादों पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है।

ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को पत्र भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। बांग्लादेश, बोस्निया एंड हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। ट्रंप ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को भेजे पत्र में कहा कि एक अगस्त 2025 से हम बांग्लादेश से अमेरिका में भेजे जाने वाले सभी बांग्लादेशी उत्पादों पर केवल 35 प्रतिशत का शुल्क लगाएंगे, जो सभी क्षेत्रीय शुल्क से अलग होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कृपया समझें कि 35 प्रतिशत शुल्क आपके देश के साथ व्यापार घाटे की असमानता को समाप्त करने के लिए आवश्यक शुल्क से काफी कम है। ट्रंप ने कहा कि अगर बांग्लादेश अमेरिका के लिए अपने बंद व्यापारिक बाजारों को खोलना चाहता है और अपनी शुल्क व गैर-शुल्क नीतियों एवं व्यापार बाधाओं को खत्म करना चाहता है।

# अमेरिका ने जवाबी शुल्क निलंबन एक अगस्त तक बढ़ाया, भारत को राहत

नयी दिल्ली। अमेरिका के जवाबी शुल्क के निलंबन को एक अगस्त तक बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। साथ ही भारत और अमेरिका को अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने के वास्ते अतिरिक्त समय मिलेगा। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को पत्र भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। इन देशों में हालांकि भारत को शामिल नहीं किया गया।

बांग्लादेश, बोस्निया एंड हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक अलग

कार्यकारी आदेश में कई अन्य देशों पर बढ़ाए गए शुल्क को टालने की अवधि एक अगस्त तक बढ़ा दी है। शुल्क पर यह 90 दिवसीय निलंबन नौ जुलाई को समाप्त होना था। इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए निर्यातकों ने कहा कि जवाबी शुल्क लगाने को नौ जुलाई से एक अगस्त तक स्थगित करना अमेरिका की अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि यह वार्ता के लिए एक विस्तारित अवसर प्रदान करता है, जिससे हमारे वार्ताकारों को शेष विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित शुल्क में दायरे में करीब 12 देश आते हैं। हालांकि यदि भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौता) को अंतिम रूप दे देता है तो तुलनात्मक रूप से अधिक फायदे में होगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ विश्वजीत धर ने कहा कि यह भारत के लिए राहत की बात है। उन्होंने कहा कि मैं इसे राहत की बात मानता हूं और यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा कुछ मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने के कारण आई है। हालांकि यह एक छोटी सी राहत है.. हमें और अधिक की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुत अप्रत्याशित व्यक्ति हैं। शुल्क निलंबन की अवधि बहुत कम है। भारतीय निर्यातकों को निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजार तलाशने चाहिए। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने इस साल की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रहा है।

# टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी व मांसाहारी थाली महंगी

मुंबई। टमाटर के महंगा होने से जून में घर का बना खाना या थाली की कीमत पिछले महीने की तुलना में बढ़ गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई में 26.2 रुपये की तुलना में जून में तीन प्रतिशत बढ़कर 27.1 रुपये हो गई, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत मई में 52.6 रुपये की तुलना में जून में चार प्रतिशत बढ़कर 54.8 रुपये प्रति थाली हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की मासिक रोटी, चावल, दर रिपोर्ट में बताया गया है कि आवक में आठ प्रतिशत की गिरावट के कारण इस महीने टमाटर की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे थाली की कीमत

बढ़ गई। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को आलू की कीमत में चार प्रतिशत की वृद्धि का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांसाहारी थाली के मामले में ब्रॉयलर की कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि से भी नुकसान हुआ है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थाली की लागत क्रमिक रूप से बढ़ेगी। प्याज के मामले में, ताजा आवक के अभाव और रबी स्टॉक को नियंत्रित ढंग से बाजार में जारी किये जाने के कारण कीमतों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है, जबकि टमाटर की गर्मियों में कमजोर बुवाई के कारण कीमतों में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर तुलना करने पर शाकाहारी भोजन की कीमतों में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। मांसाहारी भोजन में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह काफी हद तक जून, 2024 के उच्च आधार स्तर के कारण है।

# पेज एक का शेष

## अलीगढ़ में पकड़ी

मौके से अरशद पुत्र हसरत, बबलू पुत्र हाशिम व मनोज पुत्र किशन को धरदबोचा। बताया जा रहा है कि पकड़े गए तीनों आरोपी छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में अवैध असलहा बना रहे थे। एसटीएफ टीम को मौके से अधबने अवैध असलहा व बने हुए असलहे व असलहा बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

## पुलवामा हमले

मकसद से ई-कॉमर्स मंचों के इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमले में इस्तेमाल किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी यानी देसी बम) का एक प्रमुख घटक - एल्युमिनियम पाउडर - ई-कॉमर्स मंच अमेजन के जरिए खरीदा गया था। इस सामग्री का इस्तेमाल विस्फोट के प्रभाव को बढ़ाने के लिए किया गया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में भारतीय सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर फरवरी 2019 में एक आत्मघाती बम विस्फोट किया गया था जिसके परिणामस्वरूप 40 सैनिक मारे गए थे। भारत के अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला था कि यह हमला जैश-ए-मोहम्मद ने किया था। भारतीय प्राधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को लगातार समर्थन देता है और आतंकवादियों का वित्त पोषण करता है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाहगाह मुहैया कराई हैं तथा सूत्रों के अनुसार, भारत का मानना है कि पाकिस्तान द्वारा की गई ऐसी हरकतों के कारण उसे एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाना चाहिए। एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी ई-कॉमर्स मंचों और ऑनलाइन मार्केटप्लेस का दुरुपयोग कर रहे हैं। उसने कहा कि आतंकवादियों ने ऐसे मंचों का उपयोग अपने अभियानों के लिए (उपकरण, हथियार, रसायन, 3 डी-प्रिंटिंग सामग्री की) खरीदारी के मकसद से किया है। एफएटीएफ ने कहा कि इन ई-कॉमर्स मंच (ईपीओएम) का उपयोग आतंकवादी अपनी परियोजनाओं एवं कार्यों के वित्तपोषण के मकसद से वस्तुओं को बेचने के लिए भी कर सकते हैं, जिनमें कम मूल्य की वे वस्तुएं भी शामिल हैं जिनकी पहले मांग नहीं थी। एफएटीएफ ने कहा, ईपीओएम का उपयोग व्यापार आधारित धनशोधन योजनाओं से प्रेरित होकर धन-स्थानांतरण के उद्देश्य से किया जा सकता है। खरीदे-बेचे गए सामान वास्तव में एक सहयोगी से नेटवर्क के दूसरे सदस्य को हस्तांतरित किए जा रहे धन को छिपाने का काम कर सकते हैं। ऐसी योजना में, एक व्यक्ति वस्तुओं को खरीदता है, उन्हें ईपीओएम के माध्यम से अपने सहयोगी को भेजता है ताकि वह व्यक्ति उसे बाद में किसी अन्य व्यक्ति को बेचकर इससे हुए लाभ का उपयोग आतंकवाद को वित्तपोषित करने के लिए कर सके। एफएटीएफ ने उन मामलों में भी वित्तपोषण करने के लिए ऑनलाइन भुगतान सेवा और वीपीएन का उपयोग किए जाने की जानकारी दी जिनमें आतंकवादी कृत्यों को केवल एक व्यक्ति अंजाम देता है। इसके लिए उसने तीन अप्रैल, 2022 को गोरखनाथ मंदिर में हुई घुसपैठ की कोशिश की घटना का उदाहरण दिया। गोरखनाथ मंदिर में इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवेंट की विचारधारा से प्रभावित एक व्यक्ति ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया था।

## छांगुर बाबा

भी सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा पाया जाएगा, उसे खाली कराया जाएगा। हालांकि प्रशासन ने लगभग दो बिस्वा की जमीन को सरकारी संपत्ति के रूप मे चिह्नित किया था लेकिन ढहाई गई इमारत लगभग पांच बिस्वा जमीन में थी। गौरतलब है कि धर्मांतरण के मामले में मुख्य आरोपी बनाए गये छांगुर बाबा व नीतू रोहरा उर्फ नसरीन को एटीएस ने तीन दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि नवीन रोहरा उर्फ जमालुद्दीन व छांगुर के पुत्र महबूब को एटीएस ने पिछले महीने ही गिरफ्तार कर लिया था। अभी तक नीतू व नवीन रोहरा की नाबालिग पुत्री जिसका धर्मांतरण कर शबीना नाम रखा गया था उसका पता नहीं चल पाया है। चर्चा है कि छांगुर बाबा ने अपने किसी रिश्तेदार से शादी तय कर दी है। धर्मांतरण के मामले व विदेशी फंडिग समेत अन्य मामलों की जांच सीबीआई, ईडी, एसटीएफ व एटीएस कर रही है लेकिन सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बनाई गई संपत्तियों की जांच की जा रही है।

## कब्रिस्तान की

थी। उस समय भी एसडीएम ने पुलिस बुलाकर महिला को पुलिस के सुपुर्द नहीं किया था। घूम-घूम कर रत्न व अंगूठी बेचने वाले निरक्षर छांगुर बाबा के रसूख का आलम यह था कि उसके एक इशारे पर तहसील क्षेत्र के किसी भी थाने की पुलिस किसी का भी उत्पीड़न कर सकती थी या उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लेती थी।

विदेश से चालीस विभिन्न खातों में आए एक सौ छह करोड़ रुपयों के खाताधारकों की तलाश का काम अभी पूरा नहीं हो सका है। चर्चा यह है कि ये खाते विभिन्न एनजीओ के नाम से संचालित हैं जिनमें अलग-अलग तारीखों में रुपये भेजे गये थे। पूरे मामले की जांच में जुटी विभिन्न एजेंसियां भले ही मामले की तह में जाने की कोशिश कर रही हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन व पुलिस तंत्र की निष्क्रियता पर लोग सवाल जरूर खड़ा कर रहे हैं कि इतना बड़ा रैकेट, जमीन पर अतिक्रमण के चल रहे खेल को नजरअंदाज कैसे किया गया।

## जलालुद्दीन की

आतंकवाद निरोधी दस्ते ने शनिवार को धर्म परिवर्तन गिरोह के कथित मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को उसके सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया था। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और सह आरोपी नीतू उर्फ नसरीन बलरामपुर जिले के मधपुर के रहने वाले हैं।

## पीएम मोदी

गया। वहां मौजूद भारतीय समुदाय ने पारंपरिक अंदाज में उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीयों से मुलाकात कर बातचीत की। यहां का माहौल उत्सव जैसा नजर आया। पीएम मोदी के पहुंचते ही वहां भारत माता की जय के नारे गूंजने लगे। इसके बाद लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए। ब्रासीलिया पहुंचने के बाद कुछ तस्वीरें खुद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर की। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए एक्स पर लिखा। कुछ समय पहले ही ब्रासीलिया पहुंचा हूं। भारतीय समुदाय ने एक यादगार स्वागत किया, जिसने एक बार फिर यह दशार्या कि हमारा प्रवासी समुदाय कितना भावुक है और अपनी जड़ों से कितना जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन धुन बजाए। उनका यह प्रयास अफ्रीकी-ब्राजील ताल वाद्य, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है।

## दिल्ली में

रोकने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस कदम को समय से पूर्व उठाया गया और संभावित रूप से प्रतिकूल कदम बताते हुए परिचालन और ढांचागत चुनौतियों का हवाला दिया था।

सूत्रों ने बताया कि सीएक्यूएम ने एक समीक्षा बैठक में दिल्ली में निर्देशों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्णय लिया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत के साथ इस साल एक नवंबर से शुरू किया जाएगा। दिल्ली के ईंधन स्टेशनों ने समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों का पता लगाने के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरे लगाए हैं। कैमरा ईंधन स्टेशनों में प्रवेश करने वाले वाहनों की नंबर प्लेट को पढ़ता है और तुरंत केंद्रीय वाहन डेटाबेस से जांच करता है, जो वाहन की आयु, ईंधन के प्रकार और पंजीकरण जैसे विवरण दिखाता है। यदि पाया जाता है कि वाहन की समय सीमा पूरी हो चुकी है, तो सिस्टम ईंधन स्टेशन के कर्मचारियों को सचेत करता है कि वे उसमें पुनः ईंधन न भरें। उल्लंघन को दर्ज कर लिया जाता है और प्रवर्तन एजेंसियों को भेज दिया जाता है।

## धामी ने

साथ गोताखोरों और जल पुलिस को पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकरों के उपयोग को नियमबद्ध करने, हादसों की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर त्वरित सुधार कार्य कराने को कहा। श्रद्धालुओं को क्या करें और क्या न करें की जानकारी पेम्फलेट, होर्डिंग, घोषणाओं और सोशल मीडिया के जरिए दी जाएगी। कांवड़ यात्रियों द्वारा लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने पर रोक के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। यात्रा मार्गों पर शराब, मादक पदार्थ और मांस की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लागू करने को कहा गया। महिला श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए विशेष महिला सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीएम धामी ने अंतर्राज्यीय समन्वय को सुदृढ़ करने, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई और उनके विरुद्ध त्वरित खंडन की व्यवस्था लागू करने को कहा। साथ ही सभी विभागीय सचिवों और पुलिस अधिकारियों को तीन दिन के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर विभागीय कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में गृह सचिव शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल व कुमाऊं आयुक्त सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सद्भावना दिवस

अवस्थी, नृपेन्द्र सिंह, आयुष बाल्मीकि, सीपी गोयल आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर बाबू जी को नमन किया और बाबू जी के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों ने बाबू बनारसी दास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## बिहार में अब सरकारी नौकरी में स्थानीय युवाओं को तरजीह

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी नौकरियों में प्रभावी तौर पर डोमिसाइल बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर दिया है। जातीय और आर्थिक आरक्षण वाली 60 फीसदी सीटों पर पहले से ही बिहार के लोगों का हक था। नीतीश कैबिनेट ने अब बिहार की सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 2016 से लागू 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का दायरा बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए रिजर्व कर दिया है। इसका असल असर अनारक्षित वर्ग के 40 फीसदी पदों पर होगा, जिसका 35 प्रतिशत 14 बनता है। नीतीश कैबिनेट के फैसले से 74 फीसदी पद पर एक तरह से डोमिसाइल प्रभावी हो गया है। अब दूसरे राज्य की लड़कियों को बाहरी लड़कों की तरह अनारक्षित (सामान्य) सीटों की मेरिट लिस्ट में ही जगह बनानी होगी। बिहार में तीन चरण में संपन्न हो चुकी शिक्षक बहाली में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत दूसरे राज्यों की महिलाओं का बड़ी संख्या में चयन हुआ है। इनका चयन अनारक्षित 40 फीसदी सीटों के जरिए हुआ है। जातीय और आर्थिक आधार पर आरक्षित 60 फीसदी रिजर्व सीटों पर बिहार के लोग ही आवेदन कर सकते हैं। दूसरे प्रदेश की लड़कियों को बड़ी संख्या में नौकरी मिलने के बाद विधानसभा में इस पर सवाल उठा था, जिसके बाद से सरकार पर दबाव था कि वो महिलाओं के आरक्षण को बिहार के लिए रिजर्व करे। यह फैसला उसी मकसद से हुआ है। जाति आधारित सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने 9 नवंबर 2023 को जातीय आरक्षण को बढ़ाकर 65 परसेंट किया था, जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया।

# सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी टीम इंडिया

## चौथा टी-20 मैच : हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली

एजेंसी

मैनचेस्टर। भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था।

शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह अंतिम एकादश में लिया गया जिन्होंने पहले मैच में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। हरलीन ने 23 गेंदों पर 43 रन बनाये थे, जिससे मंधाना को अपनी लय बनाए रखने में मदद मिली थी। इस श्रृंखला में भारत की स्पिनरों एन श्री चरणी (08 विकेट), दीप्ति शर्मा (06) और तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (04) ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अमनजोत से थोड़ा और सहयोग चाहिए होगा। जहां तक इंग्लैंड की बात है तो अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज ने अर्धशतक लगाए थे और टीम को फिर से उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजे शुरू होगा।

**भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए एक्लेस्टोन और बाउशियर इंग्लैंड की टीम में शामिल**

लंदन। सोफी एक्लेस्टोन और माइया बाउशियर को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया। तीन एकदिवसीय मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथेम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। एक्लेस्टोन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एकदिवसीय टीम में वापसी की है, जबकि बाउशियर को चोटिल नेट साइवर-ब्रंट के स्थान पर टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए जाने के बाद वनडे टीम में भी रखा गया है।

कमर की चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम तीन टी-20 मैच से बाहर चल रही कप्तान साइवर-ब्रंट के एकदिवसीय श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इंग्लैंड महिला वनडे टीमः नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, सोफिया डंकले, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), एमी जोन्स (विकेट कीपर), माइया बाउशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, लिन्सी स्मिथ, लॉरेन बेल।

# भारोत्तालन : एशियाई जूनियर में साईराज परदेसी ने जीता कांस्य

अस्ताना (कजाखस्तान)। भारत के साईराज परदेसी ने मंगलवार को यहां एशियाई जूनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया युवा खेलों में 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले परदेसी ने कुल 338 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 152 जबकि क्लीन एवं जर्क में 186 किग्रा वजन उठाया। महाराष्ट्र के मनमाड के रहने वाले परदेसी ने दोहा में 2024 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

## एरिगैसी और गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस में शीर्ष वरीयता

नयी दिल्ली। भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैम्पियन डी गुकेश को उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः पहली और दूसरी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। इस कारण पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे।

## दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

संक्षेप

### दीप्ति शर्मा ने द हंड्रेड से नाम वापस लिया

लंदन। भारत और लंदन स्पिरिट की हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यभार (अधिक मैच खेलने से होने वाली थकान या चोट) प्रबंधन के लिए द हंड्रेड प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार दीप्ति ने आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। दीप्ति अभी भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड में ही है। वामहस्त बल्लेबाजी करने वाली दीप्ति ने पिछले साल छक्का लगा कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। फ्रेंचाइजी ने दीप्ति की जगह ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है। दीप्ति के हटने से प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों की उपस्थिति भी समाप्त हो गई है।

# विंबलडन : सिनर कोहनी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

लंदन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है।

तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे। इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं।

बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

### सैयामी खेर ने आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन पूरी की

नयी दिल्ली। अभिनेत्री सैयामी खेर एक साल में दो बार आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन पूरा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयरनमैन 70.3 दुनिया की सबसे कठिन एंड्यूरेंस चुनौतियों में से एक है जिसमें खिलाड़ियों को एक ही दिन में 1.9 किमी खुले पानी में तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी हाफ मैराथन दौड़ में भाग लेना होता है। चोक्ड और घूमर जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए सुर्खियां बटोरने वाली सैयामी ने पहली बार आयरनमैन 70.3 को सितंबर 2024 में पूरा किया और छह जुलाई को स्वीडन के जोन्कोपिंग में दूसरी बार इस चुनौती को पूरा किया। तैंतीस वर्षीय अभिनेत्री ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया और दूसरी बार आयरनमैन 70.3 पूरा करने की जानकारी दी।

### आईपीएल जीतकर सबसे कीमती आईपीएल फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी

मुंबई। आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है।

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अदिति सिंह
सदर-विधायक
रायबरेली
आशुतोष पाण्डेय
नगर अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी रायबरेली

हिंदी दैनिक अखबार वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर बहुत बधाई एवं

अनंत शुभकामनाएं
राजेंद्र प्रसाद निषाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत -जंगल धूसण
विकास खण्ड -चरगांवा
जनपद - गोरखपुर

हिंदी दैनिक अखबार वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर बहुत बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएं
सत्य प्रकाश सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड -चरगांवा
जनपद - गोरखपुर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिंदी दैनिक समाचार पत्र के स्थापना के 20वां वर्ष पूर्ण करने पर
बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

अमित कुमार तिवारी
'अन्नू'
ग्राम प्रधान पद हेतु युवा, कर्मठ एवं संघर्षशील प्रत्याशी
ग्राम पंचायत- टिकरी-ढरसी
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर।

नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी
विकास के पथ पर सतत अग्रसर नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी
नगरवासियों से
निम्न अपेक्षायें रखती है -
1. शहर को स्वच्छ रखने के लिये आप सभी सहयोग करें। कूड़े को किसी भी दशा में नाले/नाली, सड़क अथवा खुले स्थान में न फेकें और न ही जलाएं। कूडा खुले में फेंकने से ही नालियां, सड़के एवं हमारा परिवेश गन्दा होता है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध भी है। सफाई के उपरान्त कूड़ा सड़क पर न फेकें, अपने घरों में सूखा व गीला कूडा की डस्टबिन में रखे तथा अलग-अलग दिन सफाई मित्र के मांगे जाने पर उनकों उपलब्ध करा दें।
2. गत स्वच्छ सर्वेक्षणों में आपके शहर गोला गोणर्कनाथ को उत्तरी जोन में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ था वर्तमान में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में और अधिक उत्कृष्ट करने हेतु हम सभी को प्रयास करना है। आपसे अपेक्षा है कि सदैव सकारात्मक सिटीजन फीडबैक देते हुए नगर को श्रेष्ठ रैंकिंग दिया जाने में अपना सहयोग प्रदान करें। आप सभी स्वच्छता ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड करें तथा स्वच्छता सम्बन्धी गतिविधियां/शिकायतों को उसमें अपलोड करते रहे। जिससे आपके नगर की स्वच्छता का स्तर श्रेष्ठ हो सके, स्वच्छता सम्बन्धी सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किया जायेगा।
3. 120 माइक्रोन तक के सिंगल यूज्ड प्लास्टिक तथा पॉलीथीन का प्रयोग एवं बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
4. सभी भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि स्वकर निर्धारण की प्रक्रिया वर्तमान में संचालित हो रही है इसमें अपने भवन की यथा स्थिति से अवगत कराकर फार्म भर कर जमा कर दे ताकि आपके भवन, प्रतिष्ठान आदि पर सही मूल्य का स्वकर निर्धारित किया जा सके। अपने-अपने गृहकर, जलकर, जल की बकाया धनराशि को सम्बन्धित कर्मचारी के पास अथवा सीधे पालिका में जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है। आप द्वारा जमा की गई धनराशि नगर के विकास कार्यों में सहायक होती है।
5. पेयजल की सुविधा हेतु लगे स्टैण्ड पोस्ट को खुला न छोडें, जल बचाये-कल बचाये।
6. नगर पालिका सम्बन्धित शिकायतों हेतु हमारे शिकायती मोबाइल नम्बर 9264952515 पर शिकयत दर्ज करा सकते है, एवं सफाई से सम्बन्धित समस्या के लिये टोल फ्री नम्बर 1533 एवं सैप्टिक टैंक की सफाई के लिये 14420 पर भी सम्पर्क करे सकते है।
सुरेन्द्र कुमार
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गोला
विजय कुमार शुक्ला
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गोला
पत्र संख्या : 211/न.पा.परि. गोला/2025-26

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT (056) - CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054) - CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2025-2026
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
• Courses available in Collaboration with IBM
• Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs Microsoft Infosys HARMAN paytm EY Capgemini NEWGEN wipro pwc accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

M.C.A. PUBLIC SCHOOL
Affiliation No.: 2133318
School Code: 71533
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI (10+2)
Admission Open
PLAYWAY, NURSERY, 1st TO 9th & 11th
Session: 2025-26
OUR FACILITIES:-
• ACTIVITY BASED LEARNING
• FOCUSES ON ALL SUBJECTS
• INTENSIVE LEARNING
• STUDY GROUPS
• ONE ON ONE TRAINING
• IMPROVING TEST SCORES
• PROVIDE EXTRA MORAL VALUE
• POSITIVE & DISCIPLINED ENVIRONMENT
• REMEDIAL CLASSES FOR LATE BLOOMER STUDENTS
• COMPUTER SCIENCE WITH LAB CODING SKILLS
• ROBOTICS (NEW LAUNCHED)
• DIGITAL CLASSROOMS
• INDOOR & OUTDOOR SPORTS FACILITY
• ARTIFICIAL INTELLIGENCE CLASSES
• SPOKEN ENGLISH CLASSES
• WELL EQUIPPED LABORATORIES
• CC CAMERA SURVEILLANCE
• SAFE TRANSPORT FACILITY
• ART & CRAFT EDUCATION
• A GUIDE TO SELF AWARENESS & EMPOWERMENT
• HOME WORK HELP
Chemistry Lab | Physics Lab | Biology Lab | Computer Lab | Math Lab | Library | Play Ground
हिंदी दैनिक अखबार 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं
Mob: 7785080003, 8400533612
मुख्य सेवकः प्रदीप कुमार
Suaraj, Gola, Gorakhpur, (U.P)

# अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौते के करीब: ट्रंप

## कई देशों को आयातित उत्पादों पर लगाये जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए पत्र भेजना शुरू

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता करीब है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशासन ने कई देशों को आयातित उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए पत्र भेजना शुरू कर दिया है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमने ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है, हमने चीन के साथ एक समझौता किया है... हम भारत के साथ एक समझौता करने के करीब हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा कि हमने अन्य लोगों से भी मुलाकात की थी और हमें नहीं लगता कि हम समझौता कर पाएंगे, लिहाजा हमने उन्हें एक पत्र भेजा है। यदि आप अपना सामान (अमेरिका) भेजना चाहते हैं, तो आपको इसका (शुल्क का) भुगतान करना होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी प्रशासन ने दो जुलाई से लगाए गए उच्च शुल्क के निलंबन को नौ जुलाई से बढ़ाकर एक अगस्त कर दिया है।इससे भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मिल गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत कोई भी व्यापार समझौता समयसीमा के आधार पर नहीं करता है और समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा, उचित रूप से संपन्न हो जाएगा और राष्ट्रीय हित में होगा। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र के दरवाजे नहीं खोले हैं। इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को पत्र भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। ट्रंप ने कहा कि हम विभिन्न देशों को पत्र भेजकर बता रहे हैं कि उन्हें कितना शुल्क देना होगा। बांग्लादेश, बोस्निया एवं हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। ट्रंप ने कहा कि ये देश अमेरिका को लूट रहे हैं और हम पर ऐसे शुल्क लगा रहे हैं जो पहले कभी किसी ने नहीं लगाए। कुछ ऐसे देश भी हैं जो 200 प्रतिशत शुल्क लगा रहे हैं और व्यापार को असंभव बना रहे हैं। ट्रंप ने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ रात्रिभोज से पहले पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि शुल्क लगाए जाने के बाद लोग और कंपनियां अमेरिका की तरफ आ रही हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में छिड़े संघर्ष को यह कहकर रुकवाया था कि यदि वे इसे जारी रखेंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापार नहीं करेगा। हमने बहुत से संघर्ष रोके हैं। मुझे लगता है कि इनमें से सबसे बड़ा संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच था। हमने व्यापार के नाम पर इसे रोक दिया।

# वाहन से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी की पहली जिम्मेदारी: गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी हितधारकों की पहली जिम्मेदारी है।

उन्होंने यहां एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के एक कार्यक्रम में कहा कि एथनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देकर और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान से प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क बनाने में कचरे का भी इस्तेमाल कर रही है और इस काम में लगभग 80 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है। गडकरी ने कहा कि हम अपने राजमार्गों पर बारिश का पानी जमा करने जैसे उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनएचएआई बांस के बागान, घने वृक्षारोपण और हरित गलियारे बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें आगे कहा गया कि एनएचएआई ने 2024-25 के दौरान 60 लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 67 लाख पेड़ लगाए।

## संक्षेप

### इजराइल के साथ युद्ध में 1060 लोग मारे गये : ईरान

दुबई। ईरान की सरकार ने इजराइल के साथ युद्ध में मरने वाले लोगों की नयी संख्या जारी करते हुए बताया कि इसमें कम से कम 1060 लोग मारे गए हैं। साथ ही, उसने चेतावनी दी है कि यह संख्या बढ़ सकती है। ईरान के फाउंडेशन ऑफ मार्टर एंड वेटरंस अफेयर्स के प्रमुख सईद ओहादी ने सोमवार देर रात ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक साक्षात्कार में मृतकों की संख्या के बारे में जानकारी दी। ओहादी ने चेतावनी दी कि कुछ लोग जिस तरह से गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उसे देखते हुए मरने वालों की संख्या।,100 तक पहुंच सकती है। ईरान ने युद्ध के दौरान इजराइल की 12 दिनों की बमबारी के प्रभावों को कम करके दिखाया, जबकि इन हमलों ने उसकी वायु रक्षा प्रणाली को तबाह कर दिया है।

# यूक्रेन को और हथियार भेजेगा अमेरिका: ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति फिलहाल रोकने संबंधी आदेश जारी करने के कुछ ही दिन बाद कहा है कि अमेरिका कीव को और हथियार भेजेगा। उनका यह बयान पेंटागन (अमेरिका के रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय) द्वारा पिछले सप्ताह की गई घोषणा के बाद उनके अचानक बदले रुख को दर्शाता है। पेंटागन ने कहा था कि वह यूक्रेन को हवाई हमलों से बचाव करने वाली मिसाइलें, सटीक निशाना लगाने वाली तोपें जैसे कुछ हथियार भेजना फिलहाल रोक रहा है।

यह आदेश इसलिए दिया गया था क्योंकि अमेरिका इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके अपने हथियारों का भंडार बहुत कम हो गया है। यूक्रेन को और हथियार भेजने के सवाल पर ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, हमें ऐसा करना ही होगा। उन्हें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना होगा। पेंटागन ने सोमवार देर रात पुष्टि की कि ट्रंप के निर्देश पर यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति दोबारा शुरू की जाएगी ताकि वह खुद का बचाव कर सकें, जबकि अमेरिका एक स्थायी शांति स्थापित करने और हिंसा रोकने के लिए काम कर रहा है। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता सीन पारनेल ने यह भी कहा कि ट्रंप पूरी दुनिया में सैन्य संसाधनों की आपूर्ति की समीक्षा कर रहे हैं जो अमेरिका प्रथम रक्षा नीति का हिस्सा है। यूक्रेन में सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि कीव पर रूस द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 11 आम लोगों की मौत हो गई और सात बच्चों समेत 80 से ज्यादा लोग घायल हो गए। रूस ने हाल ही में यूक्रेन के असैन्य क्षेत्रों पर अपने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर लगभग।,270 ड्रोन, 39 मिसाइल और लगभग।,000 शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे।

# मराठी अस्मिता के लिए मनसे रैली में शामिल हुए शिवसेना (उबाठा) कार्यकर्ता, शिवसेना मंत्री का घेराव

ठाणे। मराठी नहीं बोलने के कारण एक दुकानदार पर हमले के बाद बढ़ती राजनीतिक सरगर्मी के बीच ठाणे जिले के मीरा भयंदर इलाके में मराठी अस्मिता की रक्षा के लिए मंगलवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित मार्च में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सड़कों पर हुए भारी नाटक और पुलिस द्वारा कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने के बीच शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता एवं कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

दोपहर बाद प्रदर्शन स्थल का दौरा करने वाले शिवसेना मंत्री प्रताप सरनाईक को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया और वहां से जाने को कहा। पुलिस ने कानून व्यवस्था के लिए संभावित खतरे का हवाला देते हुए प्रदर्शन मार्च की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, सड़कों पर हुए भारी ड्रामा और राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद मार्च आयोजकों द्वारा प्रस्तावित मूल मार्ग से ही गुजरा। अधिकारियों ने बताया कि मराठी एकीकरण समिति के तत्वावधान में मनसे और अन्य मराठी समर्थक संगठनों ने रैली का आयोजन किया था। अधिकारियों ने बताया कि हाल में मराठी नहीं बोलने पर मनसे कार्यकर्ताओं ने एक फूड स्टॉल मालिक के साथ मारपीट की थी। उसके विरोध में व्यापारियों द्वारा आयोजित प्रदर्शन के जवाब में यह रैली आयोजित की गई। स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस ने मराठी अस्मिता की रक्षा के नारे लगाने वाले प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। उनमें से कुछ को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया जब वे मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। मध्यरात्रि से मनसे के कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया। महिलाओं को पुलिस की वैन में ले जाने की तस्वीरें टेलीविजन चैनलों पर दिखाई गईं, जब वे पुलिस अत्याचार के खिलाफ नारे लगा रही थीं। कई कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए एक बैंक्वेट हॉल के अंदर हिरासत में रखा गया। सड़कों पर जबरदस्त नाटकीय दृश्य दिखने के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संभावित राजनीतिक नुकसान को रोकने की कोशिश की।

रैली के लिए अनुमति दी गई थी, लेकिन मनसे ने एक खास मार्ग पर जोर दिया जिससे कानून व्यवस्था की चुनौतियां पैदा हो गईं। उन्होंने मुंबई में पत्रकारों से कहा कि अगर वे उचित मार्ग के लिए अनुमति मांगते, तो हम आज और कल की भी अनुमति देंगे। एक अन्य संगठन ने पुलिस द्वारा स्वीकृत मार्ग से रैली निकाली, लेकिन ये लोग एक खास मार्ग पर अड़े रहे। यह अनावश्यक कार्रवाई है, जो किसी भी सरकारी निर्देश के अनुरूप नहीं है।

# इजराइली हमलों में 18 फलस्तीनियों की मौत

तेल अवीव। उत्तरी गाजा में गश्त कर रहे पांच इजराइली नागरिकों की विस्फोटकों की चपेट में आने से मौत हो गई। इजराइली सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में 18 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में लड़ाई रोकने के लिए युद्ध-विराम प्रस्ताव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से चर्चा के वास्ते व्हाइट हाउस का दौरा कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में किसी सफलता की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन समझौते की दिशा में प्रगति के संकेत मिले हैं।

गाजा में इजराइली सैनिकों पर हमले से नेतन्याहू पर हमास के साथ युद्ध-विराम समझौता करने का दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि इजराइल में हुए सर्वेक्षणों में बड़े पैमाने पर लोगों ने गाजा पट्टी में लड़ाई खत्म करने का समर्थन किया है। इजराइल के एक सुरक्षा अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि उत्तरी गाजा के बेत हनून क्षेत्र में गश्त कर रहे सैनिकों को निशाना बनाकर विस्फोट किए गए। अधिकारी के मुताबिक, उग्रवादियों ने विस्फोट में घायल सैनिकों को निकालने पहुंचे बलों पर भी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में अब तक कम से कम 888 इजराइली सैनिक मारे जा चुके हैं। इससे दो हफ्ते पहले इजराइली सेना ने बताया था कि एक फलस्तीनी हमलावर ने उसके बख्तरबंद वाहन पर बम लगाया था, जिसमें विस्फोट होने से उसके सात सैनिक मारे गए थे।

M.V.D.A

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण

राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विभिन्न विकास कार्य

उ.प्र. पर्यटन विभाग की संचालित/क्रियान्वित योजनाओं का प्रस्तुतीकरण

सचिव, म.वृ.वि.प्रा., मथुरा
जनपद-मथुरा
उपाध्यक्ष, म.वृ.वि.प्रा., मथुरा

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com